


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़






लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 58 शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 बैशाख कृष्ण अष्टमी विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रूपया




## वार अपडेट

### ब्रिटेन और नॉर्वे ने रूसी पनडुब्बियों को खदेड़ा, समुद्र के नीचे के केबल्स की सुरक्षा बढ़ाई

ब्रिटेन और नॉर्वे की सेनाओं ने उत्तरी अटलांटिक महासागर में बड़ा सैन्य अभियान चलाकर रूसी पनडुब्बियों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। रक्षा मंत्री जॉन हीली के अनुसार, रूस की तीन पनडुब्बियां समुद्र के नीचे बिछी इंटरनेट केबल्स और गैस पाइपलाइनों के पास संदिग्ध गतिविधियों में लगी थीं, जिन्हें ब्रिटिश जहाजों और विमानों ने घेर लिया। ब्रिटेन ने रूस को साफ चेतावनी दी है कि समुद्र के नीचे मौजूद इन महत्वपूर्ण संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सऊदी और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच तनाव कम करने पर चर्चा

सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान बिन अब्दुल्लाह को ईरान के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अराघची का फोन आया। सऊदी विदेश मंत्रालय के ट्वीट के अनुसार इस बातचीत के दौरान दोनों ने हाल की परिस्थितियों की समीक्षा की और क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता बहाल करने के लिए तनाव कम करने के उपायों पर चर्चा की।

### लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर कार्रवाई

इस्राइली सेना इस्राइल डिफेंस फोर्सेज ने दावा किया है कि उसने लेबनान में हिजबुल्ला से जुड़े महत्वपूर्ण ठिकानों और नेटवर्क को निशाना बनाया है। आईडीएफ के अनुसार, अली यूसुफ हर्शी, जो हिजबुल्ला के महासचिव नईम कासिम के निजी सचिव और करीबी सलाहकार थे, संगठन के संचालन में अहम भूमिका निभाते थे।

### स्पेन तेहरान में दूतावास फिर खोलेगा

स्पेन ने ईरान की राजधानी तेहरान में अपना दूतावास दोबारा खोलने का फैसला किया है। स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस ने कहा कि उन्होंने तेहरान में अपने राजदूत को वापस लौटने और पदभार संभालने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि स्पेन इस कदम के जरिए क्षेत्र में शांति प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभाना चाहता है। अलबारेस ने कहा हम हर संभव स्तर पर शांति बहाल करने की कोशिशों में शामिल होंगे, जिसमें तेहरान से भी पहल की जाएगी।

### पाकिस्तान दौरे पर ईरानी प्रतिनिधिमंडल का पोस्ट डिलीट

ईरान के पाकिस्तान में राजदूत रजा अमीरी मोघदम ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट को हटाकर नई अटकलों को जन्म दे दिया है। दरअसल, राजदूत ने पहले अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर जानकारी दी थी कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल अमेरिका के साथ युद्धविराम वार्ता के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा। इस पोस्ट में कहा गया था कि प्रतिनिधिमंडल उसी रात इस्लामाबाद पहुंचेगा। हालांकि, कुछ ही समय बाद यह पोस्ट प्लेटफॉर्म से गायब हो गया। इससे यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या वार्ता की योजना में कोई बदलाव हुआ है या कूटनीतिक स्तर पर कोई नई रणनीति तैयार की जा रही है।

## बंगाल में तीसरी रैली: पीएम मोदी ने बीरभूम में भी फूंका बदलाव का बिगुल; कहा-

# दीदी राज में मां-माटी और मानुष परेशान

**एजेंसी समाचार**

**मुंबई।** पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री आज लगातार तीन रैली कर रहे हैं। पहले पीएम मोदी ने हल्दिया की रैली संबोधित किया था। वहां उन्होंने जनता को विकास की गारंटी दी, जबकि आसनसोल में टीएमसी के 'पापों' का हिसाब लेने की चेतावनी दी। वहीं, बीरभूम की रैली में भी उन्होंने टीएमसी पर बड़ा हमला बोला। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि बीरभूम की ऐतिहासिक धरती ने संथाल क्रांति को ऊर्जा दी थी।

आज उसी बीरभूम में परिवर्तन की आंधी नजर आ रही है। मेरे सामने ये विशाल जनसागर परिवर्तन की घोषणा कर रहा है। साथियों, रबींद्र नाथ टेगोर ऐसा समाज देखना चाहते थे। हर कोई भयमुक्त हो, लेकिन टीएमसी के गुंडाराज ने एकदम उल्टा कर दिया। ये हमेशा मां, माटी और मानुष की बात करते थें। लेकिन टीएमसी के राज में मां रो रही है। माटी पर घुसपैठियों का कब्जा हो रहा है और मानुष भयभीत है। डरा हुआ है। सहमा हुआ है। पीएम ने कहा कि यह स्थिति बदलने के लिए अब निर्णायक कदम उठाने की जरूरत है।




**घुसपैठ पर क्या बोले पीएम मोदी?**

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल की जमीन पर घुसपैठियों का कब्जा खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी का सिंडिकेट घुसपैठियों को फर्जी सरकारी दस्तावेज दिलाने में मदद कर रहा है। उनके मुताबिक यह सिर्फ राज्य नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर बंगाल में भाजपा की सरकार बनती है, तो घुसपैठ के खिलाफ विशेष जांच कराई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि घुसपैठियों के हर मददगार की पहचान की जाएगी, चाहे वह कितना ही ताकतवर क्यों न हो। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दोषियों को जेल भेजा जाएगा और घुसपैठियों को बाहर किया जाएगा।

**कानून-व्यवस्था पर भी उठाए ये सवाल**

पीएम ने रामपुरहाट और मालदा की घटनाओं का जिक्र करते हुए राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हालात ऐसे हो गए हैं कि न्यायिक प्रक्रिया में लगे लोगों तक को डराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बंगाल के लोगों को इस डर से मुक्ति दिलाना जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने आरजी कर दुष्कर्म मामले को भी उठाया। बता दें, भाजपा ने आरजी कर मामले की पीड़िता की मां को उम्मीदवार बनाया है। उन्हें पानीहाटी विधानसभा से टिकट दिया गया है।

**राष्ट्रपति के सम्मान पर भी साधा निशाना**

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के सम्मान के मुद्दे पर भी टीएमसी को घेरा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति को उचित सम्मान देना हर सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन टीएमसी सरकार ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने इसे आदिवासी समाज और महिलाओं का अपमान बताया।

# सबरीमाला विवाद:'किसी को मंदिर में प्रवेश से रोकना हिंदू धर्म को बांटने जैसा', सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की संविधान पीठ ने धार्मिक स्थलों पर भेदभाव और धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी खास वर्ग या संप्रदाय को मंदिरों और 'मठों' में प्रवेश से रोका जाता है, तो इसका हिंदू धर्म पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और यह समाज को बांटने का काम करेगा।



सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी केरल के प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध और अन्य धार्मिक स्थलों पर होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान आई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ जजों की पीठ इस बात की जांच कर रही है कि धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार किस हद तक समानता के अधिकार के साथ मेल खाता है।

सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि हर किसी को हर मंदिर और मठ में जाने की अनुमति होनी चाहिए। अगर आप यह कहते हैं कि मेरी परंपरा के अनुसार मैं दूसरों को बाहर रखूंगा और केवल मेरा संप्रदाय ही मंदिर में आएगा, तो यह हिंदू धर्म के लिए अच्छा नहीं है। यह धर्म को नुकसान पहुंचाएगा और खुद उस संप्रदाय के लिए भी उल्टा साबित होगा। जस्टिस अरविंद कुमार ने भी इस बात पर सहमति जताते हुए कहा कि इस तरह के भेदभाव से समाज में दरार पैदा होगी।

बहस के दौरान संगठनों का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने तर्क दिया कि एक संप्रदाय विशेष का मंदिर केवल अपने लोगों तक ही अधिकारों को सीमित रख सकता है। इस पर अदालत ने कड़ा रुख अपनाया। अधिवक्ता ने यह भी कहा कि अगर कोई मंदिर पूरी तरह निजी या एक खास संप्रदाय का है, तो वह सरकार या जनता से फंड की मांग नहीं कर सकता। लेकिन, यदि कोई मंदिर सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता या स्वास्थ्य के परीक्षण से गुजरता है, तो उसे कानूनों का पालन करना होगा।

वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या किसी धार्मिक समूह का अपना मामला प्रबंधित करने का अधिकार अनुच्छेद 26, किसी व्यक्ति के पूजा करने के मौलिक अधिकार, अनुच्छेद 25 से बड़ा हो सकता है? सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि धर्म के नाम पर किसी वर्ग को बाहर करना धर्म की रक्षा नहीं, बल्कि उसे कमजोर करना है।

## इस्राइल की हिजबुल्लाह को सीधी चेतावनी, नेतन्याहू बोले-जहां जरूरत होगी,वहां करेंगे हमला

**एजेंसी समाचार**

**तेल अवीब।** पश्चिम एशिया में पिछले एक महीने से ज्यादा समय से जारी हिंसक संघर्ष ने आज एक निर्णायक मोड़ ले लिया है। अमेरिका और ईरान ने दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमति जताई है, जिसमें दोनों पक्षों ने लड़ाई रोकने और होर्मुज को खुला रखने का वादा किया है। ऐसे में अब बातचीत का अगला दौर इस्लामाबाद में होगा। इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से एक विशेष टीम भेजी जा रही है। इस टीम का नेतृत्व खुद जेडी वेंस करेंगे।हालांकि लेबनान को लेकर स्थिति अभी भी तनावपूर्ण है। पश्चिम एशिया संकट के बीच एक बार फिर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो पर सवाल उठाए हैं। ट्रंप ने कहा कि ये संस्था तब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाती जब तक उन पर भारी दबाव न बनाया जाए। ईरान के साथ तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो सहयोगियों से आगे आने की अपील की थी। लेकिन ब्रिटेन ने कहा था कि यह हमारी जंग नहीं है।



## क्यों अप्रैल में पड़ रही है ठंड? आखिर क्या है वजह और क्या होता है वेस्टर्न डिस्टबेंस

**नई दिल्ली।** अप्रैल 2026 में बेमौसम बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बिन मौसम बारिश से किसानों की फसलों चौपट हो गई हैं। उत्तर भारत में अप्रैल में फरवरी की तरह मौसम हो गया है। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में तापमान सामान्य से काफी नीचे पहुंच गया है। राजधानी दिल्ली में अप्रैल में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहता था, जो अब 21 डिग्री तक पहुंच गया है।

लगातार बारिश, ओले पड़ने और ठंडी हवाओं की वजह से गर्मी की जगह लोगों को ठंडी का एहसास हो रहा है। अप्रैल के महीने में ठंडी से लोग हैरान हैं। भारतीय मौसम विभाग ने 9-11 अप्रैल के बीच एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आने की चेतावनी जारी है। इससे पहले मार्च में भी कई वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आए थे, जिसके कारण बारिश हुई थी।

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक मौसमी सिस्टम है, जिसकी शुरूआत मध्य भूमध्य सागर से होती है। सामान्य तौर पर दिसंबर से फरवरी तक ज्यादा वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आते हैं। लेकिन अब मार्च-अप्रैल में भी वेस्टर्न डिस्टर्बेंस ज्यादा बार आने लगा है। इस साल मार्च-अप्रैल में लगातार दो-दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय रहे, जिसकी वजह से अप्रैल में फरवरी जैसी ठंड और बारिश की वजह हैं। इसकी वजह से सिर्फ वेस्टर्न डिस्टर्बेंस नहीं हैं। इसमें अरब सागर की नम हवाएं भी सबसे बड़ी वजह हैं।

भारतीय मौसम विभाग ने बताया है कि अरब सागर से बहुत ज्यादा नमी इन सिस्टम में मिल रही है। राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है। अरब सागर की गर्म और नम हवाओं को खींच रहा है। जब इस नमी से ठंडी हवा वाले वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की टक्कर होती है, तो बादलों का निर्माण होता है। गरज-चमक होती है और ओले गिरते हैं। इसके कारण तापमान तेजी से नीचे आता है। अरब सागर की नमी और राजस्थान के ऊपर बनने सकुर्लेशन से इस बार यह वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और मजबूत हो गया है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि नॉर्थ पोल का आर्कटिक क्षेत्र तेजी से गर्म हो रहा है। इसके कारण ऊपरी हवाओं की पट्टी पहले से अधिक लहरदार हो गई है। सामान्य जेट स्ट्रीम सीधी रहती थी, जो अब व-शेप वाली लहरें बन रही है। इससे वेस्टर्न डिस्टर्बेंस कम ऊंचाई तक पहुंच रहे हैं। अप्रैल-मई में भी सक्रिय रह रहे हैं। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, 9-10 अप्रैल तक बारिश और ओले पड़े सकते हैं। इसके बाद 11 अप्रैल से नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आएगा। इससे उम्मीद है कि धीरे-धीरे गर्मी बढ़ेगी।

शोध और मौसम विभाग दोनों का कहना है कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस अब सर्दियों से आगे बढ़कर वसंत ऋतु (मार्च-अप्रैल) में भी अधिक सक्रिय हो रहे हैं। बिना मौसम बारिश, ओले पड़ रहे और तापमान में अचानक उतार-चढ़ाव आ रहे हैं। इस समय पूरे उत्तर भारत में ठंड, बारिश और नमी हैं। अप्रैल में फरवरी की तरह मौसम सामान्य घटना नहीं है।

## बरेली के युवक की शाहबाद में डीसीएम की टक्कर से मौत, एक घायल



फाइल फोटो मृतक देवेंद्र उर्फ देव

**शाहबाद- रामपुर स्टेट हाइवे स्थित मंडी समिति के पास हुआ हादसा**

**- जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर। शाहबाद।** नगर के मंडी समिति के पास बुधवार रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि साथ में मौजूद दूसरा साथी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे के बाद काफी देर तक मौके पर लोगों की भीड़ रही। बरेली जनपद अंतर्गत इज्जतनगर के सैनिक कालोनी निवासी देवेंद्र कुमार उर्फ देव (25) अपने साथी कृष्ण अवतार के साथ शाहबाद के सैफनी में पानी की पाइप लाइन डालने का ठेला लिया था, बुधवार को काम समाप्त करने के बाद दोनों लोग बाइक पर सवार होकर देर रात बरेली लौट रहे थे। रास्ते में शाहबाद के मंडी समिति के पास डीसीएम ने दोनों युवकों की बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में देवेंद्र कुमार उर्फ देव और कृष्ण अवतार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही देवेंद्र कुमार उर्फ देव ने दम तोड़ दिया। जबकि घायल कृष्ण अवतार का उपचार चल रहा है। देवेंद्र कुमार उर्फ देव दो बहनों के इकलौते भाई थे।

## प्रदेश के शिक्षामित्रों का मानदेय हुआ 18 हजार, अनुदेशकों का भी बढ़ा वेतन; जारी हुआ शासनादेश

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** प्रदेश कैबिनेट द्वारा हरी झंडी के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों व अनुदेशकों के मानदेय वृद्धि का शासनादेश जारी कर दिया है। इसके तहत शिक्षामित्रों को 10 हजार की जगह 18 हजार और अनुदेशकों का 09 की जगह 17 हजार महीने मानदेय दिया जाएगा।



बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक-छात्र अनुपात बनाए रखने के लिए वर्तमान में 1,42,929 शिक्षामित्र कार्यरत हैं। इनका मानदेय एक अप्रैल से बढ़ाते हुए दिए जाने का निर्णय लिया गया है। इसी तरह आरटीई के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अनुदेशकों की तैनाती की गई थी।

इन विद्यालयों में मुख्य विषयों भाषा, विज्ञान, गणित व सामाजिक विज्ञान के लिए न्यूनतम तीन शिक्षकों की व्यवस्था का मानक तय किया गया है। शिक्षक-छात्र अनुपात 1:35 भी बनाए रखने का निर्देश है। इस क्रम में सर्व शिक्षा अभियान के तहत परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में वर्तमान में संविदा पर 24717 अंशकालिक अनुदेशक कार्यरत हैं।

इनको 9000 रुपये महीने, साल में 11 महीने मानदेय दिया जाता है। इसे बढ़ाकर 17 हजार करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। वहीं उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रदेश महामंत्री सुशील यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष फतेहपुर सुशील तिवारी, जिलाध्यक्ष लखनऊ हरिनाम सिंह, जिलाध्यक्ष सोनभद्र अशोक श्रीवास्तव आदि ने बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह से मिलकर मानदेय वृद्धि के लिए आभार जताया।

## होर्मुज में फंसे हैं 230 जहाज: यूएई ने ईरान को घेरा, कहा- वैश्विक अर्थव्यवस्था को बंधक बनाना बंद करे तेहरान

**एजेंसी समाचार**

**दुबई।** खाड़ी क्षेत्र में जारी तनाव के बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की तेल दिग्गज कंपनी एडनॉक (एडीएनओसी) ने ईरान को लपेटे में लिया है। एडनॉक के सीईओ सुल्तान अहमद अल जाबेर ने कहा है कि ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत और बिना किसी शर्त के खोल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया की आर्थिक स्थिरता के लिए इस समुद्री मार्ग का स्वतंत्र होना बेहद जरूरी है। पश्चिम एशिया में अमेरिकी-इस्राइली सैन्य कार्रवाई के बाद से ईरान ने होर्मुज को बंद कर रखा है। फिलहाल इस समुद्री रास्ते में 230 जहाज फंसे हैं।

यूएई के उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी मंत्री सुल्तान अल जाबेर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लिंक्डइन पर एक पोस्ट साझा की। उन्होंने कहा कि ईरान ने 28 फरवरी को शुरू हुए युद्ध के बाद से इस रणनीतिक जलमार्ग को प्रभावी ढंग से बंद कर रखा है।



रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, होर्मुज के बंद होने से यूएई के तेल उत्पादन पर गहरा असर पड़ा है। मार्च के मध्य तक यूएई का तेल उत्पादन घटकर आधा रह गया था। एडनॉक जैसी विशाल कंपनी को उत्पादन ठप करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। हालांकि, कंपनी वैकल्पिक रास्तों से निर्यात की कोशिश कर रही है। लेकिन चुनौतियां अभी भी बरकरार हैं।

यूएई ने इस मामले में न केवल रास्ता खोलने की मांग की है, बल्कि ईरान को जवाबदेह ठहराने की बात भी कही है। अल जाबेर ने कहा कि यूएई के नागरिक और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर जो 'अवैध हमले' हुए हैं, उसके लिए ईरान को पूरी तरह से उत्तरदायी माना जाना चाहिए। उन्होंने इन हमलों से हुए नुकसान की भरपाई की भी मांग की है। होर्मुज दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण 'ऑयल चोकपॉइंट' है। वर्तमान में लगभग 230 जहाज तेल लेकर वहां खड़े हैं और निकलने का इंतजार कर रहे हैं। अल जाबेर ने चेतावनी दी है कि रास्ता बंद रहने के हर एक दिन का मतलब है कि वैश्विक बाजार में तेल की कमी, बढ़ती कीमतें और आर्थिक झटका।


CMYK

# दुबई में बरेली के जीशान की मौत, 2 महीने बाद मदीने में होना था निकाह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर के कोतवाली इलाके से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। दुबई में हुए एक भीषण कार हादसे में बरेली के जीशान अजहरी की मौत हो गई। हादसे की खबर जैसे ही घर पहुंची परिवार में कोहराम मच गया। जिस घर में दो महीने बाद निकाह की तैयारियां चल रही थीं, वहां अब मातम पसरा है।



परिजनों के मुताबिक जीशान दुबई में रैंक बैंक में नौकरी करते थे। 26 मार्च को वह बैंक के काम से जा रहे थे। उसी दौरान वहां तेज बारिश हो रही थी और हमलों के चलते सड़क कई जगह धंस गई थी। इसी बीच उनकी कार अचानक गड्ढे में गिर गई, जिससे गंभीर हादसा हो गया। उन्हें अस्पताल ले जाया गयाए लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

जीशान अजहरी की करीब डेढ़ महीने पहले ही सगाई हुई थी। परिवार ने दो महीने बाद सऊदी अरब के मदीना शरीफ में निकाह की तैयारी कर रखी थी। लेकिन हादसे ने सारी खुशियों को एक झटके में खत्म कर दिया। लड़की पक्ष में भी इस खबर से गहरा सदमा है।

मृतक जीशान, कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर पुलिस चौकी के पीछे रहने वाले जान मोहम्मद उर्फ लल्ला वाले के बेटे थे। जीशान तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके बड़े भाई शानू और फरहान हैं। परिवार में मां हाजरा का रो.रोकर बुरा हाल है।

परिजनों ने बताया कि जीशान का जल्द ही बैंक में एचआर पद पर प्रमोशन होने वाला था। परिवार को उनके करियर को लेकर बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन अचानक आई इस दुखद खबर ने सब कुछ छीन लिया। जीशान की मौत की खबर जैसे ही बिहारीपुर इलाके में फैली शोक की लहर दौड़ गई। आसपास के लोग और रिश्तेदार परिवार को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं।

# जलभराव से मिलेगा छुटकारा, एआई और सेटेलाइट से रखी जाएगी नजर

## फ्लड कंट्रोल योजना के तहत हाईटेक होगा शहर, रियल टाइम मॉनिटरिंग से पहले ही मिलेगा अलर्ट

- शहर के ड्रेनेज सिस्टम को किया जा रहा है मजबूत
- इंटीग्रेटेड कमांड एंड सेंटर से होगी नालों की मॉनिटरिंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में बरेली शहर को जल भराव वाले इलाकों से मुक्त करने की कवायद शुरू हो गई है। ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है। हर बारिश में जलभराव और बाढ़



जैसी समस्या से जूझने वाले बरेली में अब हालात बदलने की तैयारी शुरू हो गई है। फ्लड कंट्रोल योजना के तहत शहर को हाईटेक बनाया जा रहा है, जिससे बारिश के दौरान बनने वाली समस्याओं पर समय रहते नियंत्रण पाया जा सकेगा।

योजना के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सैटेलाइट तकनीक की मदद से रियल टाइम निगरानी की व्यवस्था की जा रही है।

इससे जलभराव या बाढ़ जैसी स्थिति बनने से पहले ही प्रशासन को अलर्ट मिल जाएगा और तत्काल कार्रवाई संभव हो सकेगी। इसके साथ ही शहर के ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत करने पर भी काम चल रहा है।

जल निकासी को बेहतर बनाने के लिए नए स्टॉर्म वॉटर चैनल बनाए जा रहे हैं, ताकि बारिश का पानी तेजी से बाहर निकाला जा सके और सड़कों पर जलभराव की स्थिति न बने। पूरे सिस्टम की निगरानी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से एक ही स्थान से की जाएगी।

इससे संबंधित विभागों के बीच समन्वय बेहतर होगा और आपात स्थिति में त्वरित निर्णय लिया जा सकेगा।आधुनिक तकनीकों के उपयोग के साथ बरेली को एक सुरक्षित, सक्षम और भविष्य के लिए तैयार शहर बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। अधिकारियों का दावा है कि इस योजना के लागू होने के बाद शहरवासियों को बारिश के दौरान होने वाली दिक्कतों से काफी राहत मिलेगी।

### बरसात को देखते हुए तैयार हो रही है बेहतर प्लानिंग

एक्सईएन राजीव कुमार राठी का कहना है कि इस बार नगर निगम जलभराव वाले क्षेत्रों के लिए बेहतर प्लानिंग बना रहा है। ताकि भविष्य में वहां के लोगों को राहत मिले। इसको लेकर सभी टीमों को सक्रिय किया गया है। क्षेत्र को चिन्हित किया गया है।

# मेथोडिस्ट चर्च की जमीन में फर्जीबाड़ा मैनेजर समेत पर एफआईआर दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज के करोड़ों रुपये के खेल के मैदान को लेकर एक बड़ा खेल सामने आया है। आरोप है कि छात्राओं के खेलकूद के लिए इस्तेमाल होने वाली जमीन को कागजों में हेरफेर कर अनयूज्ड दिखाया गया और फिर उसे लीज पर दे दिया गया। मामला खुलने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सिविल लाइंस में इमेज इलेक्ट्रानिक के मालिक हरीश अरोड़ा समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

किला छावनी निवासी अमर सिंह राठौर ने कमिश्नर को शिकायत भेजकर आरोप लगाया था कि मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज के विशाल खेल मैदान की जमीन को धीरे.धीरे खुर्द.बुर्द कर दिया गया। तत्कालीन मंडलायुक्त आयुक्त सौम्या अग्रवाल ने अपर आयुक्त ;प्रशासनद्ध प्रीती जायसवाल, एसपी सिटी मानुष पारीक और एडीएम सिटी सौरभ दुबे की त्रि.सदस्यीय जांच समिति गठित कर पूरे मामले की जांच कराई। जांच समिति की रिपोर्ट में सामने आया कि शिक्षा विभाग को समय.समय पर भेजे गए दस्तावेजों में कॉलेज के खेल मैदान का क्षेत्रफल करीब 20 हजार वर्गमीटर बताया गया था। कहीं तीन खेल मैदानए कहीं दो वॉलीबॉल कोर्ट और एक बास्केटबॉल कोर्ट का जिक्र किया गया। इससे साफहै कि कॉलेज के पास पहले बड़ा खेल मैदान मौजूद था और छात्राएं वर्षों से इसका इस्तेमाल करती रही हैं।

जांच में यह भी सामने आया कि वर्ष 2009 की मिशन हास्पिटल को लीज डीड और उससे जुड़े नक्शे में एमसीआई के अफसरों ने विवादित जमीन को कॉलेज परिसर का हिस्सा माना था। चौकी चौराहे से अयूब खां चौराहे की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग से मिशन अस्पताल की तरफ जाने वाली सड़क के पास सैकड़ों मीटर



जमीन है। मौके पर जांच के दौरान कॉलेज परिसर के भीतर एक पुरानी सड़क भी मिली, जो मिशन अस्पताल की सड़क से मिलती है।

अब उसी सड़क को भी विवादित जमीन की चौहद्दी में शामिल कर लिया गया हैए जिससे अवैध कब्जे की आशंका और गहरी हो गई है। वहीं नायब तहसीलदार की रिपोर्ट ने भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार जिस जमीन को घेरकर अपना बताया गया हैए उसका क्षेत्रफल रजिस्टर्ड लीज डीड से करीब 2200 वर्गमीटर अधिक निकला। इससे यह शक और मजबूत हो गया कि तय सीमा से ज्यादा जमीन पर कब्जा कर लिया गया। जांच में यह भी सामने आया कि 4 मार्च 2022 को संस्था के अधिकृत सचिव डॉ न्यूटन एमण् परमार ने कॉलेज के खेल मैदान के 610 वर्गमीटर हिस्से को अनयूज्ड लैण्ड बताकर क्षितिज इंटरप्राइजेज नाम की फर्म को लीज पर दे दिया। जबकि यह जमीन वर्षों से छात्राओं के खेलकूद और अन्य गतिविधियों के लिए इस्तेमाल होती रही है। यही नहींए इस पूरे मामले में शिक्षा विभाग से अनुमति लेने का भी कोई रिकॉर्ड सामने नहीं आया।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जमीन को लीज पर देने के लिए फर्जी नक्शे तैयार किए गए और दस्तावेजों में कूटरचना की गई। एक्जीक्यूटिव बोर्ड नॉर्थ इंडिया रीजनल कॉन्फ्रेंस के अधिशासी सचिव सुनील मसीह पर पहले भी कई संपत्तियों की कथित अवैध बिक्री के मामले दर्ज होने की बात सामने आई है। उनके खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।

त्रि.सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर कमिश्नर ने संयुक्त शिक्षा निदेशक को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद संयुक्त शिक्षा निदेशक के पत्र के आधार पर डीआईओएस डॉ अजीत कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर डॉ न्यूटन एम परमार, सुनील मसीह, क्षितिज इंटरप्राइजेज के साझेदार हरीश अरोरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जांच रिपोर्ट में यह भी आशंका जताई गई है कि अगर इस जमीन पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स या व्यावसायिक निर्माण हुआ तो इसका सीधा असर कॉलेज के माहौल और छात्राओं की सुरक्षा पर पड़ेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

मिशन की करोड़ों रुपये की जमीन की हेराफेरी कर उसके फर्जी दस्तावेज तैयार करने के लिए शहर में एक गिरोह सक्रिय है। एक एडवोकेट के जरिये मैथोडिस्ट चर्च से जुड़ी जमीनों के कागजात तैयार कराये जाते हैं। इसके बाद बरेली के कुछ भू माफिया कारोबारी मिलकर एमसीआई के अफसरों से साठगांठ करते हैं। इसके बाद मुंबई में बिशप के जरिये एनओसी और अन्य कागजात तैयार होते हैं। भू माफिआओं ने बरेली में हिंद टाकीज के पास भी एक बड़े जमीन के टुकड़े पर कब्जा कर रखा है। इसके अलावा बटलर प्लाजा और उसके आस पास पेट्रोलपंप और मेथोडिस्ट गर्ल्स कालेज के खेल के मैदान को हड़पने के लिये भी नजरें लगा रखी हैं।

# एम्स तक बजेगा बरेली का डंका सम्मानित होंगी डॉ. गीतांजलि

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर के लिए गर्व की खबर है। वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. गीतांजलि डी. सिंह को देश के शीर्ष चिकित्सा संस्थान एम्स, नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान च्हेल्थ प्रोफेशनल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें पुनर्वास चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, मरीजों के बेहतर उपचार और मानवीय व्यवहार के लिए दिया जा रहा है।

डॉ. गीतांजलि पिछले 25 वर्षों से फिजियोथेरेपी और रिहैबिलिटेशन के क्षेत्र में सक्रिय हैं। मिशन अस्पताल, बरेली में विभाग का नेतृत्व करते हुए उन्होंने लकवा, न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर, बच्चों के विकास संबंधी विकार और बुजुर्गों की कमजोरी जैसी जटिल बीमारियों के इलाज में उल्लेखनीय कार्य किया है।

डॉ. सिंह दर्द प्रबंधन और फिजिकल रिकवरी के लिए कई आधुनिक तकनीकों में दक्ष हैं। इनमें ड्राई नीडलिंग, मसल रिलीज तकनीक, टेपिंग, कपिंग और मैनुअल थेरेपी शामिल हैं। साथ ही फेफड़ों से जुड़ी समस्याओं वाले मरीजों के लिए विशेष पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन भी उपलब्ध कराती हैं। सिविल लाइंस स्थित उनका वेलनेस क्लिनिक अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है, जहां नसों, हड्डियों और स्पोर्ट्स इंजरी के मरीजों का इलाज किया जाता है। बुजुर्गों के लिए विशेष केयर और रिकवरी प्रोग्राम भी संचालित किए जा रहे हैं। यह केंद्र शहर में उन्नत फिजियोथेरेपी का प्रमुख हब बन चुका है।

एम्स में 9 से 12 अप्रैल 2026 तक आयोजित सम्मेलन के दौरान 11 या 12 अप्रैल को उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया जाएगा। डॉ. गीतांजलि अब तक 10 से अधिक राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल कर चुकी हैं, लेकिन यह अवॉर्ड उनके करियर का सबसे बड़ा सम्मान माना जा रहा है। डॉ. गीतांजलि ने कहा कि मरीजों का दर्द कम करना ही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उनका यह सम्मान बरेली के लिए भी गर्व का क्षण बन गया है।

# जिला अस्पताल में डीएम का औचक छापा ओपीडी से इमरजेंसी तक मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** गुरुवार सुबह करीब 11 बजे जिलाधिकारी अविनाश सिंह अचानक जिला अस्पताल पहुंच गए। बिना किसी पूर्व सूचना के हुए इस निरीक्षण से अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया और स्टाफ में अफरा.तफरी का माहौल बन गया।



डीएम ने सबसे पहले ओपीडी का जायजा लिया। यहां उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उपचार की स्थिति जानी और आभा आईडी बनाए जाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने संबंधित कर्मियों से पूछा कि कितनी तेजी से आईडी बनाई जा रही है और इसमें कहीं कोई लापरवाही तो नहीं हो रही।

इसके बाद जिलाधिकारी सीधे इमरजेंसी वार्ड पहुंचे, जहां उन्होंने बेड, दवाइयों और इलाज की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। कुछ समय तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ बैठकर उन्होंने पूरी व्यवस्था की समीक्षा की और आवश्यक सुधारों पर चर्चा की।

औचक निरीक्षण की खबर मिलते ही अस्पताल स्टाफमें हलचल तेज हो गई। कर्मचारी अपनी.अपनी जिम्मेदारियों में जुट गए और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करते नजर आए। पूरे निरीक्षण के दौरान अधिकारी भी सक्रिय बने रहे। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं सामान्य और संतोषजनक मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा.निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मरीजों को बेहतर इलाज और सुविधाएं देना प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। करीब कुछ समय तक चले निरीक्षण के बाद डीएम वापस लौट गए। उनके जाने के बाद अस्पताल प्रशासन ने राहत की सांस लीए लेकिन निरीक्षण ने व्यवस्था सुधारने का स्पष्ट संदेश दे दिया।

# पूर्ति दफ्तर से गायब मिले कर्मचारी, डीएम ने फटकारा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिला पूर्ति कार्यालय में गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब जिलाधिकारी अविनाश सिंह अचानक छापा मारने पहुंच गए। डीएम के औचक निरीक्षण की भनक लगते ही दफ्तर में मौजूद कर्मचारियों में अफरा.तफरी मच गई। कई कर्मचारी फाइलों में उलझे नजर आए तो कुछ अपनी सीटों की ओर भागते दिखे। अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे कार्यालय का माहौल कुछ देर के लिए पूरी तरह बदल गया।

### उपस्थिति रजिस्टर की जांचए कई सीटें मिली खाली

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले कर्मचारियों की उपस्थिति का हाल जाना।



उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर मंगवाकर बारीकी से जांच की और देखा कि कितने कर्मचारी समय पर पहुंचे हैं और कितने नदारद हैं। सूत्रों के मुताबिक निरीक्षण के दौरान कई सीटें खाली मिलीं, जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने साफशब्दों में कहा कि सरकारी दफ्तरों में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने केवल उपस्थिति ही नहीं देखीए बल्कि दफ्तर में चल रहे कामकाज की भी पड़ताल की।

उन्होंने अधिकारियों से फाइलों की स्थिति, लंबित मामलों और जनता से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के बारे में जानकारी ली। कुछ मामलों में काम की गति धीमी मिलने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को फटकार भी लगाई और लंबित कार्यों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए।

### गंदगी देख नाराज हुए डीएम

निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर की साफसफाई भी डीएम की नजर से बच नहीं सकी। कई जगह गंदगी और अव्यवस्था देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी कार्यालय में आने वाले आम लोगों को बेहतर माहौल मिलना चाहिएए लेकिन यहां व्यवस्था संतोषजनक नहीं दिख रही है। इसके बाद उन्होंने तत्काल साफसफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

### लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी दफ्तर जनता की सेवा के लिए हैं और यहां काम में ढिलाई किसी भी हालत में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर आगे भी लापरवाही या अनियमितता मिली तो जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम के इस अचानक छापे के बाद पूरे पूर्ति विभाग में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा।

# सड़क पर उतरे सपा नेता, निगम पर पक्षपात के आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नगर निगम द्वारा शहर में चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर गुरुवार को सियासत गरमा गई। समाजवादी पार्टी के कई बड़े नेता और कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए और कोहाड़ापीर रोड पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। अचानक हुए इस प्रदर्शन से इलाके में हलचल मच गई और काफी देर तक नारेबाजी होती रही।

प्रदर्शन में पूर्व मेयर सुप्रिया एरन, राजेश अग्रवाल, डॉ अनीस बैग, पार्षद गौरव सक्सेना, रविन्द्र यादव और शमीम सुल्तानी समेत कई सपा नेता शामिल रहे। नेताओं ने नगर निगम की कार्यशैली पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निष्पक्ष नहीं है। उनका कहना था कि



चुनिंदा क्षेत्रों को निशाना बनाकर कार्रवाई की जा रही है, जबकि अन्य स्थानों पर नजरअंदाज किया जा रहा है।

सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि अभियान के नाम पर एक विशेष समुदाय के लोगों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके भवनों को प्राथमिकता के साथ तोड़ा जा रहा है, जबकि अन्य अवैध निर्माणों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। नेताओं ने इसे प्रशासन की पक्षपातपूर्ण नीति करार देते हुए तत्काल सुधार की मांग की। प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने मांग रखी कि अतिक्रमण हटाने की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और समान रूप से लागू की जाए। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई में भेदभाव जारी रहा तो पार्टी इस मुद्दे को लेकर बड़ा जनआंदोलन खड़ा करेगी और सड़कों पर उतरकर विरोध तेज करेगी।

विरोध प्रदर्शन के दौरान पार्टी की अंदरूनी गुटबाजी भी खुलकर सामने आ गई। कई नेता अलग.अलग समूहों में खड़े नजर आए और मंच पर एकजुटता की कमी दिखाई दी। इससे यह साफ संकेत मिला कि मुद्दा भले ही एक होए लेकिन संगठन के भीतर तालमेल की कमी बनी हुई है। प्रदर्शन के बाद सभी नेता वापस लौट गएए लेकिन जाते.जाते यह संदेश दे गए कि मामला यहीं शांत नहीं होगा। आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर राजनीति और तेज होने के संकेत मिल रहे हैंए जिससे नगर निगम और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर दबाव बढ़ सकता है।

# पीलीभीत में बरेली के इंजीनियर की मौत, जहर खाकर दी जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** हाफिजगंज क्षेत्र के एक युवक की पीलीभीत के होटल में संदिग्ध हालात में मौत ने सनसनी फैला दी। तीन दिन से होटल में ठहरा इंजीनियर अचानक जहरीला पदार्थ खाकर जिंदगी हार गया। घटना के पीछे प्रेम प्रसंग की बात सामने आने से मामला और उलझ गया है।

हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव योसलपुर निवासी 27 वर्षीय दीपांशु पीलीभीत के सुनगढ़ी थाना क्षेत्र स्थित छतरी चौराहा के पास कुमार होटल में पिछले तीन दिन से रुका हुआ था। बुधवार रात उसने होटल के कमरे में जहरीला पदार्थ खा लिया और अपनी जिंदगी खत्म करने की कोशिश की। जहर खाने के बाद दीपांशु ने शहर के



बल्लभनगर कॉलोनी निवासी अपने एक परिचित को फोन कर घटना की जानकारी दी। फोन मिलते ही परिचित होटल पहुंचा और कर्मचारियों को सूचना दी। इसके बाद युवक को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गयाए लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। परिजनों के मुताबिक दीपांशु ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी और एक सरकारी कंपनी में उसकी नौकरी भी लग चुकी थीए लेकिन उसने ज्वाइन नहीं किया था। परिवार इस घटना से पूरी तरह टूट गया है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दीपांशु का पीलीभीत की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी संबंध में तनाव के चलते उसने यह खौफनाक कदम उठाया। सुनगढ़ी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। सुनगढ़ी प्रभारी निरीक्षक नरेश त्यागी ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस युवक के कॉल डिटेल्स और होटल में ठहरने की वजह सहित हर पहलू की गहराई से जांच कर रही हैए ताकि मौत के पीछे की असली वजह सामने आ सके।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे

REGISTRATION INDIA™©

हजारों संतुष्ट ग्राहक

ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-

We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax

अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।

- MSME ₹ 499
- NGO Registration ₹12999
- 12 A ₹4999
- Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
- 80G ₹4999
- E-Anudan ₹999
- Trade Mark ₹7999
- Private Company Registration ₹11999

अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।

ISO Registration ₹4999

Contact: 7500223290 7500277920

T&C Apply

एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com



### आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर

7906815587, 9758444242


### एक नजर

#### दिल्ली में ब्रेन हेमरेज से शाहबाद के युवक का निधन

**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला फर्राशान निवासी वसीम खां की दिल्ली में मौत हो गई। वसीम दिल्ली में काम करते थे।गुरुवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद उनके दोस्त उन्हें दिल्ली के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जांच में डॉक्टरों ने बताया कि उनका ब्लड प्रेशर काफी बढ़ा हुआ है। धीरे-धीरे ब्लड प्रेशर अनियंत्रित होता चला गया, जिसके कारण दिमाग की नस फट गई और ब्रेन हेमरेज हो गया। इलाज के दौरान वसीम खान की मौत हो गई।

# नर्सिंग होम के बेसमेंट में चलता मिला अल्ट्रासाउंड सेंटर, सील

## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मांगा रजिस्ट्रेशन, कार्रवाई



अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील करने के बाद खड़े नोडल अधिकारी व अन्य।



नर्सिंग होम के बाहर रखी अल्ट्रासाउंड मशीन।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहजादनगर क्षेत्र गांव में बरा मिलक में नर्सिंग होम के बेसमेंट में अपंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटर मिला। मौके पर पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जब संचालक से रजिस्ट्रेशन मांगा तो वह नहीं दिखा सका। इस टीम ने अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर मशीन को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का दावा है कि नर्सिंग होम संचालक का ही अल्ट्रासाउंड सेंटर है। जोकि बिना पंजीकरण के है।

अल्ट्रासाउंड के नोडल अधिकारी डॉ.सत्यप्रकाश को सूचना मिली कि शहजादनगर के गांव बरा मिलक स्थित साहिबा नर्सिंग होम के बेसमेंट में अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालित है। इस पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जब नर्सिंग होम पर छापा मारा तो वहां पर बने बेसमेंट में अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन होता मिला। मौके पर अधिकारियों ने पंजीकरण अभिलेख मांगे तो वह दिखा नहीं सके। इस पर टीम ने सेंटर को सील कर मशीन को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। नोडल अधिकारी ने बताया कि नर्सिंग होम स्वामी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है।

#### सिर्फ 99 है पंजीकृत सेंटर

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार सीएमओ कार्यालय में सिर्फ 99 अल्ट्रासाउंड सेंटरों का पंजीकरण है। जनपद में हजारों की संख्या में अल्ट्रासाउंड सेंटरों का मकड़जाल है। जानकारी में आया है कि कई तो ऐसे सेंटर है जिन पर रेडियोलॉजिस्ट, एमबीबीएस डॉक्टर नहीं हैं। लेकिन वह सिर्फ कागजों में चिकित्सकों के नाम दर्ज है। लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही है।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाहबाद।** बुधवार देर रात शाहबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत भंवरकी जदीद गांव में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए 112 पुलिस को फोन कर मौके पर बुला लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बदायूं जनपद की महिला नीलम की शादी शाहबाद के भंवरकी जदीद गांव 2012 में हुई थी। जिसकी मृत्यु बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई। नीलम के भाई ने जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए पुलिस बुला ली। हालांकि बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि महिला तीन चार दिन से बीमार थी, जिसका उपचार चल रहा था, बुधवार को उसकी मौत हो गई। महिला के भाई ने ससुराल पक्ष पर जहर देकर मारने का आरोप लगाया है।

## धमोरा में इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान में लगी आग

- लाखों का सामान जलकर राख,मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के धमोरा गांव में एक इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान में आग लग गई। जिससे दुकान में रखे लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। जिसकी सूचना ग्रामीण ने पुलिस को दी है।

क्षेत्र के ही बृजपुर का मझरा गांव निवासी गोविंद पुत्र रूपचंद इलेक्ट्रिशियन का काम करता है। बताया है। कि गोविंद ने दो साल पूर्व एक बैंक से लोन लेकर इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचने के उद्देश्य से धमोरा मार्केट में दुकान रखी थी। इस दौरान वह रोज देर शाम दुकान बंद करके अपने घर चला जाता था।बुधवार को भी वह अपनी दुकान रोज़मर्रा की तरह ही बंद करके गया था। उसका कहना है। कि रात्रि में किसी ने



जला हुआ सामान दिखाता दुकानदार।

उसकी दुकान के शटर की एक साइड से किसी तरह तार में आग जला कर दुकान के अन्दर डाल दिया। जिससे अन्दर रखे सामान ने आग पकड़ ली।पूरी दुकान आग का गोला बन गई। जिसके चलते रात्रि में आग की लंबी लंबी लपटों ने ग्रामीणों एकत्र कर लिया। जिसके बाद दुकान में आग लगने की सूचना गोविन्द को मिली तो मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आज पर काबू पाया। दुकान स्वामी का कहना है। कि आग लगने ने लगभग चार लाख का नुकसान हो गया है।

## पश्चिम बंगाल की सिलीगुड़ी विधानसभा सीट की कमान संभालेंगे शहर विधायक

- पश्चिम बंगाल में बनेगी भाजपा की सरकार: आकाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने शहर विधायक आकाश सक्सेना को सिलीगुड़ी विधानसभा सीट की जिम्मेदारी है। इस मौके पर विधायक ने कहा है कि न सिर्फ वह सिलीगुड़ी विधानसभा सीट जिताने में अपना योगदान देंगे, बल्कि पश्चिम बंगाल से गुंडाराज का अंत होगा।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। शीर्ष नेतृत्व और स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ ही उत्तर प्रदेश के विधायकों को अलग-अलग विधानसभा सीटों



पर भेजकर चुनाव प्रचार व रणनीति बनाने और उसे सार्थक सिद्ध करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही रामपुर शहर विधायक आकाश सक्सेना को पश्चिम बंगाल की अहम सिलीगुड़ी विधानसभा सीट की जिम्मेदारी दी गई है।बताया कि वह शनिवार तक सिलीगुड़ी पहुंच जाएंगे। सबसे पहले बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का कार्य होगा। घर-घर संपर्क कर मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की जाएगी। कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल के पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है और जनता परिवर्तन के लिए तैयार बैठी है। उनका दावा है कि इस बार पश्चिम बंगाल की जनता गुंडाराज और भ्रष्टाचार से मुक्ति पाने के लिए निर्णायक मतदान करेगी। सिलीगुड़ी सीट पर संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के साथ नियमित बैठकों और जनसंपर्क अभियान को तेज किया जाएगा। बताया कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं जैसे मुद्दे प्रमुख हैं, जिन पर जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी न केवल सिलीगुड़ी विधानसभा सीट पर बेहतर प्रदर्शन करेगी, बल्कि पूरे पश्चिम बंगाल में भी उल्लेखनीय सफलता हासिल कर भाजपा की सरकार बनाएगी।

## समिति ने की एसपी से मुलाकात



फोटो : एसपी को गुलदस्ता भेंट करते प्रदेशाध्यक्ष व अन्य। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने कार्यभार संभालने पर जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष वसीम उल हसन खान ने मुलाकात की। उनको फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मुलाकात के बाद रामपुर नियुक्ति की बधाई दी। इस दौरान शहर की कानून व्यवस्था और जनसमस्याओं को लेकर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने आशा व्यक्त की। जिले में शांति व्यवस्था और सुदृढ़ होगी और शहर में यातायात व्यवस्था और कानून व्यवस्था अच्छी होगी। इस अवसर पर हारिस शम्सी, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, मणि सिंह, ऋषभ शर्मा, वसी खान, शिराज शम्सी, हारुन खां, मुजम्मिल खान, समद मियां, मुकर्रम मियां, नजमी खान, हसन खान मौजूद रहे।

## नशे में धुत बाइक सवार ने मजदूर की साइकिल में मारी टक्कर

- मजदूर गंभीर रूप से घायल, भर्ती

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**धमोरा।** रामपुर-बरेली हाईवे पर एक नशे में धुत तेज रफ्तार बाइक सवार ने एक साइकिल सवार मजदूर को टक्कर मार दी। जिससे मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

हादसा शहजादनगर थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित धमोरा कृषि विज्ञान केंद्र के सामने गुरुवार की शाम पांच बजे का है। क्षेत्र के ही भंडपुरा गांव निवासी डोरी गिरी धमोरा स्थित एक नामचीन राइस मिल में काम करता है। वह शाम को मजदूरी कर साइकिल से अपने घर जा रहा था। जैसे ही डोरी गिरी मिल से निकल कर धमोरा कृषि विज्ञान केंद्र के सामने पहुंचा तो बरेली की ओर से शाहजहांपुर जिले के दिलार थाना क्षेत्र स्थित मदना गांव निवासी अजय पुत्र जयवीर नशे की हालत में टक्कर मार दी। हादसा होते ही बाइक और साइकिल सवार दोनों ही रोड पर गिर गए। मौके पर दुकानदारों और राहगीरों ने घायलों को रोड़ से उठाकर एक साइड कर दी। जिसके चलते हादसे के बाद किसी ने हादसे की सूचना एम्बुलेंस 108 को दे दी। जिसके बाद घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। जबकि हादसे के घंटों बाद पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर धमोरा चौकी पर खड़ा करा दिया। शहजादनगर थाना क्षेत्र के धमोरा कृषि विज्ञान केंद्र के सामने गुरुवार शाम बाइक सवार ने एक साइकिल सवार मजदूर को टक्कर मार कर घायल कर दिया। साथ ही खुद भी चोटिल हो गया।हादसे के बाद घायल घंटों घटनास्थल पर तड़पते रहे। लेकिन सूचना मिलने के बाद भी धमोरा चौकी पुलिस घंटों बाद घटनास्थल पर पहुंची। लेकिन जब तक चौकी पुलिस पहुंची तब तक राहगीरों ने घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस 108 से जिला अस्पताल भिजवा दिया।

## सुमैया राणा आजम खां के घर पहुंची, परिजनों से की मुलाकात



पूर्व सांसद से मुलाकात करती सुमैया राणा। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां के घर गुरुवार को सुमैया राणा पहुंची। जहां उन्होंने परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान कई मुद्दों को लेकर उनकी पत्नी से वार्तालाप हुई। कुछ समय रुकने के बाद वह वापस हो गई।

गुरुवार दोपहर पूर्व मंत्री आजम खां के घर सपा नेत्री सुमैया राणा उनके टंकी नबंर पांच स्थित उनके आवास पर पहुंची। उसके बाद पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा से मुलाकात की। यह मुलाकात लगभग आधे घंटे रही। इस दौरान कई मामलों दो नेत्रियों की चर्चा हुई। इस दौरान जेल में बंद सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की तबीयत के बारे में हाल चाल जाना। जबकि कुछ राजनीतिक मामलों पर चर्चा हुई। बताया गया कि एक घंटे के बाद सुमैया राणा वापस चली गई। इससे पहले भी कई बार आजम खां के परिवार से मिलने आ चुकी हैं हालांकि आजम खां रामपुर जेल में बंद है।

कार्यक्रम | दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

# कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने गंभीरतापूर्वक सुनी जन समस्याएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने प्रत्येक प्रार्थना पत्र का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनता दर्शन में आवास, पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य, भूमि विवाद एवं राजस्व संबंधी प्रकरणों सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं एवं मांग पत्र प्राप्त हुए। इस दौरान तहसील मिलक के ग्राम जिवाई कदीम निवासी जीवन देवी एवं उनके पुत्र अनुज को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने कहा



महिला को आयुष्मान कार्ड देते डीए।

कि आयुष्मान योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है, जिसके माध्यम से पात्र लाभार्थी निःशुल्क एवं बेहतर उपचार प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित न रहे।

#### जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहें।

## जिला अस्पताल को एक और मिला रेडियोलॉजिस्ट

- फीता काटकर किया रेडियोलॉजिस्ट ने कक्ष का उदघाटन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए सीएमएस की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले दिनों यहां पर सर्जन, त्वचा रोग विशेषज्ञ के रूप में दो स्पेशलिस्ट चिकित्सक मिले थे, गुरूवार को यहां पर एक रेडियोलाजिस्ट ने ज्वाइन कर लिया। डा. इंदुकात वर्मा 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर जनपद बदांयू के पद से कार्यमुक्त हुए हैं। गुरूवार को उन्होंने अपनी सेवाकाल के बचे तीन वर्षों में जिला अस्पताल रामपुर में रेडियोलॉजिस्ट के रूप में ड्यूटी को ज्वाइन किया है। इससे अस्पताल को एक और चिकित्सक मिल गया है। डॉ. इंदुकांत वर्मा जनपद बंदायू के महिला चिकित्सालय में सीएमएस



कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ करते रेडियोलॉजिस्ट, सीएमएस।

रह चुके हैं। सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती हुई है। अस्पताल में दो पद स्वीकृत है। जिसमें केएस राणा, डॉ. इंदुकांत वर्मा की तैनाती हो गई है। अस्पताल में शेष रिक्त पदों पर भी शासन को लिखा जाएगा। उम्मीद है कि जल्द ही शेष चिकित्सकों की तैनाती होगी।

## एक नजर

### कार की टक्कर लगने से बाइक सवार जख्मी

**शाहबाद।** गुरुवार को शाहबाद में कार की टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद थाना क्षेत्र के चंदपुरा सैलेस निवासी प्रदीप 30 बाइक से अपने भाई से मिलने रामपुर जा रहा था। उदयपुर मोड़ के पास रामपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मार कर कार चालक भागने लगा लेकिन राहगीरों ने कार चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची रेवड़ी चौकी पुलिस ने कार को कब्जे में लिया और घायल प्रदीप को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद पहुंचाया। डॉक्टर ने घायल को प्राथमिक उपचार दिया और हालात को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# रोडवेज बस अड्डा अंडरपास बना तालाब

- अंडरपास में जलभराव होने से राहगीरों को आ रही दिक्कतें

जागरण मोर्चा, कार्यालय





रोडवेज बस अड्डे के सामने बने अंडरपास में हुए जलभराव से गुजरते बाइक सवार।

**रामपुर।** बुधवार को हुई बारिश होने से रोडवेज बस अड्डे के सामने अंडरपास तालाब में तब्दील हो गया। जलभराव होने पर राहगीरों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पूरे दिन लोगों को आवागमन में समस्या को झेलना पड़ा। लेकिन जिम्मेदारों को कानों पर जरा सी भी जूं नहीं रेंगी।

राम रहीम पुल की मरम्मत के कारण रोडवेज बस अड्डे के सामने बने अंडरपास को खोला गया है। जिससे कि लोगों को ज्वाला नगर आने-जाने में कोई दिक्कत न हो। यह रास्ता श्मशान रोड होते हुए किटप्लाई की ओर जा रहा है। लोग से यहां से आवाजाही कर रहे हैंबुधवार को बारिश होने पर अंडरपास जलभराव में तब्दील हो रहा है। जलभराव होने से चालकों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अंडरपास में पानी भरने से वाहन भी फंस रहे हैं। पिछले दिनों में नगर पालिका परिषद ने अंडरपास की साफ-सफाई कराई थी। लेकिन बुधवार को अंडरपास की हालत सही कराए जाने के लिए कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचे। दिनभर लोग इस समस्या से जूझते रहे।

### खरीदारी करने को पुल से आ रहे लोग

राम रहीम पुल बंद होने के कारण ज्वाला नगर के लोगों को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में लोग खरीदारी करने के लिए लोग पुल के सहारे आ रहे हैं। वह अपने वाहन राम रहीम पुल के नीचे पार्क कर रहे हैं। पुल की सीढ़ियों से गुजर रहे हैं। महिलाएं बच्चों को गोद में लेकर आ और जा रही है। इसके अलावा मजूदर साइकिल उठाकर पुल पर लेकर पहुंच रहे है पुल की सीढ़ियों के सहारे मजदूरी को जा रहे हैं।

## शहजादनगर में प्लास्टिक के गोदाम में लगी आग

- जानकारी मिलने के बाद मौके पर दौड़े पुलिस कर्मी,लाखों का नुकसान

जागरण मोर्चा,कार्यालय

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में हाईवे पर बिल्डिंग के बेसमेंट में रखे प्लास्टिक के गोदाम में शॉट सर्किट होने से आग लग गई। जिससे गोदाम में लगी आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया।

क्षेत्र के ही भंडपुरा गांव निवासी शफी अहमद का शहजादनगर स्थित एक बिल्डिंग में प्लास्टिक के सामान का गोदाम है।बिल्डिंग के ऊपर हिस्से में लोग जिम करने के लिए आते हैं। बताया जा रहा है। कि गोदाम में गुरुवार में किसी समय लाइट शॉर्ट सर्किट हो गई। जिससे गोदाम में रखी पिन्नी और प्लास्टिक ने आग पकड़ ली। जिसके बाद आग ने देखते ही देखते भयानक रूप ले लिया और गोदाम से धूं-धूं कर आग की लंबी लंबी लपटें उठने लगीं। आग लगने की सूचना पर शहजादनगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद गोदाम में लगी आग की सूचना दुकान स्वामी को दी तो उसके हाथ पांव फूल गए। जिसके बाद दुकान स्वामी शफी अहमद आनन फानन में गोदाम की ओर दौड़ पड़े। जिसके बाद सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। लेकिन जब तक गोदाम में लगी आग ने लाखों के सामान को राख में बदल दिया।

## रंगोली प्रतियोगिता में ज्योति रही प्रथम

जागरण मोर्चा कार्यालय



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

**रामपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय युवा महोत्सव का शुभारम्भ सावित्री बाई फूले सांस्कृतिक क्लब और मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान के तहत किया । कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। प्राचार्याने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पठन-पाठन के अतिरिक्त छात्राओं के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता को उभारने एवं महिला सशक्तिणकरण के उद्देश्य से युवा महोत्सव का आयोजन किया जाता है ताकि छात्राओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. अंकिता ने कहा कि इन गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं को अपने अन्दर छिपी प्रतिभाओं को उभारने का मौका मिलता है । युवा महोत्सव के अन्तर्गत रंगोली, बुके निर्माण, फ्लावर पॉट सज्जा, हस्त निर्मित वस्तुएं एवं मेहंदी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की। रंगोली प्रतियोगिता में ज्योति सैनी ने प्रथम, विशाखा और नूर सबा ने द्वितीय, अदिति गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।बुके निर्माण प्रतियोगिता में रुबीना ने प्रथम, इरतेका मशकूर ने द्वितीय स्थान, इरम ने तृतीय स्थान एवं स्नेहा सिंह और फिजा ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। फ्लावर पॉट सज्जा प्रतियोगिता में नेहा अकरम ने प्रथम, मदीहा ने द्वितीय तथा उरुब हाशमी ने तृतीय स्थान तथा अनम ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया।मेहंदी प्रतियोगिता में ज्योति सैनी ने प्रथम, सनम ने द्वितीय स्थान, अनम ने तृतीय स्थान एवं लायबा खानम ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया।हस्त निर्मित वस्तु प्रतियोगिता में आंशिक सक्सेना ने प्रथम, पूजा बिष्ट ने द्वितीय विशाखा और प्रिया भारती ने तृतीय तथा नौरीन खातून और सिमरन ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में प्रोफेसर अनीता देवी, सबीहा परवीन,निशात बानो, डॉ नागेन्द्र पाल, डॉ. सोनू पूरी, डॉ. प्रीती लता, डॉ. इफ्तेखार अहमद कादरी, डॉ प्रतिभा यादव, डॉ टिकेंद्र सिंह, डॉ योगेश चन्द्र और यामिनी सिंह ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम में सावित्री बाईं फूले सांस्कृतिक क्लब युवा महोत्सव समिति सदस्य डॉ रज़िया परवीन, डॉ मोहम्मद कासिम, डॉ. जया कुमारी एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पेंशन योजना के लाभार्थियों के लिए फैमिली आईडी बनवाना अनिवार्य

### जिन लाभार्थियों की फैमिली आईडी नहीं बनी है, उनकी पेंशन रोकी जा सकती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने अवगत कराया कि शासन द्वारा संचालित राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन योजना के लाभार्थियों के लिए फैमिली आईडी बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है।

विशेष रूप से ऐसे पेंशनर जिनके राशन कार्ड नहीं बने हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर अपनी फैमिली आईडी बनवानी होगी। उन्होंने बताया कि जिन लाभार्थियों की फैमिली आईडी नहीं बनी है, उनकी पेंशन रोकी जा सकती है तथा नए पेंशन आवेदनों को भी स्वीकृति प्रदान नहीं की जाएगी। अतः सभी पात्र पेंशनरों को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने की सलाह दी गई है। फैमिली आईडी बनाने के लिए परिवार के मुखिया (वृद्धावस्था,निराश्रित महिला,दिव्यांग पेंशनर सहित परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड एवं उनसे लिंक मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है।

फैमिली आईडी परिवार की एक डिजिटल पहचान है, जिससे परिवार रजिस्टर नकल की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इसके माध्यम से आयुष्मान भारत, उज्ज्वला एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे परिवार को मिलता है। साथ ही आय, जाति, निवास एवं जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में सुविधा होती है। पात्र छात्रों को छात्रवृत्ति एवं किसानों को सब्सिडी जैसे लाभ भी आसानी से प्राप्त होते हैं। जिनके पास राशन कार्ड नहीं है, वे भी इस आईडी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।समस्त पात्र पेंशनरों से अपील है कि वे शीघ्र अपनी फैमिली आईडी बनवाकर योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त करें तथा किसी भी असुविधा से बचें।

### फैमिली आईडी बनवाने की प्रक्रिया

लाभार्थी अपनी फैमिली आईडी स्वयं के एंड्रॉइड फोन, नजदीकी जनसेवा केंद्र, पंचायत सहायक अथवा विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी सहायक विकास अधिकारी,ग्राम विकास अधिकारी,पर्यवेक्षक के माध्यम से बनवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर स्वयं भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी द्वारा सत्यापन के बाद 12 अंकों की फैमिली आईडी जारी की जाती है।

## स्मार्ट मीटर को लेकर अधिकारी खामोश



- उपभोक्ताओं से बिल के साथ जमा कराया जा रहा एडवांस



"स्मार्ट मीटर का बिल जमा करने के साथ-साथ एडवांस लेने पर बजट बिगड़ रहा है। इससे उपभोक्ताओं को परेशानियां हो रही है। कई बार अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है लेकिन उसके बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। - गीता



"स्मार्ट मीटर से रिचार्ज व्यवस्था को खत्म कर बिलिंग व्यवस्था को लागू किया जाए। जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। स्मार्ट मीटर लगने के बाद समस्या कम होने के बजाए और बढ़ गई है। लाइट भी कई-कई घंटे बंद रहती है। -सावित्री

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** स्मार्ट मीटरों को लेकर शहर की आवाम काफी परेशान और चिंतित नजर आ रही है। महिलाओं का कहना है कि एक तरफ अमेरिका और ईरान की जंग की वजह से जहां गैस की किल्लत हो रही है। वहीं लगाए गए स्मार्ट मीटरों ने घर का बजट बिगाड़ दिया है। स्मार्ट मीटर शहर में सबसे बड़ी समस्या बने हुए है। मगर इस समस्या को लेकर कोई माननीय, अधिकारी या फिर व्यापारी नेता चुप्पी नहीं तोड़ रहे हैं। जिससे उपभोक्ताओं में काफी बैचेनी है।

बिजली विभाग द्वारा मीडिया द्वारा दो दिन पूर्व बताया गया था पोस्टपेड व्यवस्था कर दी गई है। मगर विभाग द्वारा ऐसा कोई लिखित आदेश न तो जारी किया गया है न ही भेजा गया है। बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के मोबाइलों पर प्रीपेड मीटर हो गया है साथ ही बिल का मैसेज आ रहा है।

उपभोक्ताओं द्वारा बिजली घर पहुंचने पर बिल जमा करने पर कर्मचारियों द्वारा एडवांस भी जमा कराया जा रहा है। जिससे लोग काफी परेशान है और इन सभी परेशानियों को देखते माननीय, अधिकारी और व्यापारी मौन धारण किए हुए है। वहीं अधिशासी अभियंता पीके शर्मा ने बताया कि बिजली जलाने के लिए एडवांस उपभोक्ताओं को जमा करना होगा,नहीं तो घरों में अंधेरा रहेगा।

### 11 को निकाली जाएगी बाला जी महाराज की 44 वीं शोभायात्रा

**रामपुर।** श्री बाला जी महाराज की 44 वीं शोभायात्रा के संबंध में श्री बाला जी दरबार समिति द्वारा गुरुवार रात ज्वाला नगर पर महन्त अभिषेक मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे शोभायात्रा की तैयारियों का जायजा लिया।श्री बाला महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री बाला जी महाराज की 44 वीं शोभायात्रा 11 अप्रैल 2026 दिन शनिवार को सांय 5 बजे गांधी समाधि से प्रारम्भ होकर राजद्वारा चौराहा, मिस्टन गंज चौराहा, चम्पा कुंवरि, सर्राफा बाजार से होती हुई अग्रवाल धर्मशाला, मिस्टन गंज पर सम्पन्न होगी। बैठक में महन्त अभिषेक मिश्रा, आयुष मिश्रा, वेद प्रकाश सक्सेना, दिनेश सक्सेना, विशाल सक्सेना, प्रेम अग्रवाल, सुनील सक्सेना,सजल सक्सेना, सुबोध श्रीवास्तव, मोहित मेहरोत्रा, विशाल शर्मा, गोपाल शर्मा, प्रियांश सक्सेना, राहुल गुप्ता, रवि कश्यप, अमित बंसल, विशाल श्रीवास्तव, चेतन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सैफनी के अकबरपुर रोड के निर्माण में धांधली का आरोप, किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रदर्शन करते नगर वासी।

**सैफनी।** लंबे समय से बदहाल पड़े नगर के अकबरपुर रोड का काम शुरू कर दिया गया है, लेकिन गुरुवार को नगर वासियों ने संबंधित लोगों पर मानकों के विपरीत काम कर धांधली करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकर्ताओं ने आरोप लगाया,कि अकबरपुर मार्ग कई गांवों को जोड़ता है। काफी लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ा था जिससे यहां पानी जमा रहता है। नगर पंचायत की तरफ से रोड के किनारे नाले का निर्माण पहले ही कराया जा चुका है जो सड़क से काफी ऊंचा है।

सड़क पर कार्य शुरू हो गया है लेकिन मार्ग को ऊंचा नहीं किया जा रहा बल्कि सिंगल पत्थर डालकर खानापूर्ति की जा रही है। जबकि मानकों के हिसाब से सड़क ऊंची करने का आदेश है। ठेकेदार के मुंशी दिनेश कुमार ने बताया कि 6 इंच पत्थर और 8 इंच इसके ऊपर सीसी रोड पड़ेगा। मुंशी के बयान और मौके पर हो रहे काम में बड़ा अंतर है। ठेकेदार सिंगल पत्थर डाल कर खानापूर्ति करने पर लगा है। इसे लेकर संबंधित लोगों पर धांधली का आरोप लगाया है।

नाराज प्रदर्शन कर्ताओं ने नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान को भी मौके पर बुलाया फैजान खान ने संबंधित अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि रोड नीचा पड़ा तो यहां पानी जमा होगा जिससे दिक्कत जस की तस रहेगी इस लिए मार्ग ऊंचा करना जरूरी है। प्रदर्शन करने वालों में आलिम पहलवान, जाने आलम, नसीम पहलवान,मोहम्मद आरिफ, मौलाना जाहिद, कल्लू,भूरा, शाने आलम, रिजवान ठेकेदार, मोहम्मद इकराम आदि लोग मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय



हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं।

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के तहत पार्टनर्स फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन एंड चिल्ड्रन जागरूकता अभियान के तहत पीएम खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज, रामपुर में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की टीम द्वारा व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं एवं महिलाओं को शिक्षा, खेलकूद, परामर्श, कौशल विकास एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं मिशन शक्ति फेस 5.0 के द्वितीय चरण के उद्देश्यों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए छात्राओं को पंपलेट भी वितरित किये। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को टोल फ्री नंबर 1098, 112, 1090 एवं 181 के संबंध में जानकारी दी।उनकी कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया, जिससे आपात स्थिति में इन सेवाओं का प्रभावी उपयोग किया जा सके।

इस अवसर पर डीएमसी ज्योति शर्मा, जेंडर स्पेशलिस्ट निदा जैदी, सहायक लेखाकार त्रिभुवन चंद्र, विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं अध्यापक उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने मनाया 47 वां स्थापना दिवस

**शाहबाद।** भारतीय जनता पार्टी के 47 वां स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर शाहबाद मंडल की बस्ती में बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता राम सुमरन पाराशरी द्वारा की गई । कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके राष्ट्रगीत के साथ शुरू की गई। सभी ने बैठक में अपने-अपने विचार रखें वहीं मुख्य अतिथि द्वारा बैठक में पार्टी की विचारधारा, संगठन के विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष भटनागर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेनू श्रीवास्तव, माधुरी सक्सेना, राहुल शुक्ला ,कुलदीप भटनागर , सुमित भटनागर ,अर्पित वशिष्ठ ,महेश चंद्रवंशी ,ठाकुर नरेंद्र सिंह ,विनोद चंद्रवंशी, रेनू श्रीवास्तव, मनीष शर्मा, रोहित कुमार, गंगाराम, राजेंद्र रस्तोगी, सोनू सक्सेना, अमित चंद्रवंशी आदि रहे।

**परीक्षाफल** बच्चों को नियमित स्कूल भेजने से होता है सर्वांगीण विकास : वरुण

# पट्टी कल्याणपुर एवं अब्बासनगर में हुआ वार्षिक परीक्षाफल वितरण

जागरण मोर्चा कार्यालय



छात्रा को पुरस्कार प्रदान करते वरुण आर्य। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ के प्राथमिक विद्यालय पट्टी कल्यानपुर-अब्बासनगर में परीक्षाफल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वरुण आर्य उपस्थित रहे। उन्होंने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया।परीक्षाफल वितरण के दौरान सभी कक्षाओं में प्रथम से पंचम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को कॉपी, पेन, पेंसिल, शार्पनर, इरेज़र एवं कलर बॉक्स देकर सम्मानित किया गया। साथ ही इन विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी सम्मानित कर उनके सहयोग की सराहना की गई। वरुण आर्य ने अपने संबोधन में विद्यालय के बच्चों की शैक्षिक प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बच्चों को अगली कक्षा में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नवीन नामांकन एवं स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने का आह्वान किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नियमित रूप से विद्यालय भेजें।इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेश विश्वकर्मा, प्रधानाध्यापक शिव कुमार, सुमित गंगवार, निदा हुसैन, प्रिया सैनी, सुरभि वर्मा, सविता यादव, नीलम सैनी, राजपाल सहित अभिभावक भी उपस्थित रहे।





## एक नजर

### स्वस्थ व्यवहार अपनाना है संचारी रोग को हराना है

**स्वार।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में विशेष संचारी रोग जागरूकता रैली डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तम नगर में संपन्न हुई। प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यवहार अपनाना है, संचारी रोग हराना है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों,आंगनबाड़ी, आशा संगिनी और एएनएम द्वारा हाथ धोने की विधि और स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी गई। इसके बाद रैली विद्यालय से मुख्य मार्ग, डॉक्टर दीपचंद सरस्वती शिशु मंदिर, बालाजी पेट्रोल पंप होते हुए रैली निकाली गई। छात्रों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजो, पढ़े बेटियां बढ़े बेटियां जैसे नारे लगाए। रैली में चिकित्सा अधीक्षक डा. राजीव कुमार चंदेल के निर्देशन में शिल्पी सक्सेना, नेहा परवीन, संतोष, राजेश्वरी, शिवानी भटनागर, सुनीता रानी मौर्य, अंजली मौर्य, पूजा टैगोर, श्रीमती कलावती देवी सहित अनेक लोग शामिल रहे। इस अवसर पर प्रकाश बाबू, अनिल कुमार, संजय सिंह, विजेंद्र सिंह,ब्रजकिशोर मौर्य, नरोत्तम सिंह मौर्य, उमेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह, गौरव सिंह का सहयोग रहा। रैली में कुमारी शिखा, नंदिनी, अंशिका, अनामिका, ख्याति लोधी, रौनाक्षी, माही, सौम्या आदि मौजूद रहें।

### महिलाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुरुवार को महिला सुरक्षा दल जनपद में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया के बारे में बताया।

# शहर में निकाली श्री बालाजी महाराज की शोभा यात्रा

## 24 झांकियों ने सबका मन मोहा , शोभायात्रा का आकर्षित केंद्र बुलडोजर पर श्री राम दरबार शोभा यात्रा रही



रामलीला उत्सव पैलेस मे जाते विधायक व अन्य। -जागरण मोर्चा



नारियल फोड़कर शुभारंभ करते विधायक। -जागरण मोर्चा



श्री बालाजी महाराज की सजी झांकी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** श्री राम भक्त सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित श्री बालाजी महाराज की शोभा यात्रा का शुभारंभ सनातन धर्म रामलीला उत्सव पैलेस से शहर विधायक आकाश सक्सेना, पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार एवं महंत राकेश कुमार ने नारियल तोड़कर किया।

पूरा नगर जय श्री राम व जय श्री बालाजी महाराज के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। यात्रा के दौरान वातावरण पूरी तरह धार्मिक रंग में रंगा नजर आया। शोभा यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते हुए आगे बढ़ते रहे। यात्रा में झांकियों, सजी-धजी, रथों एवं ट्रालियों के माध्यम से धार्मिक प्रसंगों का सुंदर चित्रण किया गया, जिसे देखने के लिए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। प्रसाद वितरण भी किया गया।शोभा यात्रा में कुल 24 झांकियां शामिल रहीं, जो लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनीं। यात्रा में सबसे आगे बैनर, ढोल ग्रुप, भक्तगण महिला-पुरुष चल रहे थे। इसके बाद क्रमशः श्री गणेश (बग्गी), मूर्ति हनुमान जी (पिकअप), अखाड़ा मनकू उस्ताद, रावण-अंगद संवाद ट्राली, शिवजी भगवान रथ, परशुराम-लक्ष्मण संवाद ट्राली, जगन्नाथ (रथ), श्री राधाकृष्ण बग्गी, बाल रूप हनुमान जी ट्राली,महाकाल ट्राली, अघोरी सड़क पर, पिकअप साउंड, पुष्पक विमान पर राम दरबार, बाहुबली हनुमान जी सड़क पर, साउंड पिकअप, शिव-पार्वती (बग्गी), सुरसा हनुमान जी रथ, बाली-सुग्रीव युद्ध ट्राली, लंका दहन रथ, श्री बालाजी दरबार रथ तथा अंत में भक्त महिला-पुरुष शामिल रहे।

विशेष रूप से राम दरबार की झांकी, लंका दहन, रावण-अंगद संवाद, परशुराम-लक्ष्मण संवाद, बाली-सुग्रीव युद्ध, शिव-पार्वती एवं महाकाल की झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए अग्रवाल धर्मशाला रोड, सर्राफा बाजार, चंपा कुवंरि मार्केट, मंदिर वाली गली, मेस्टन गंज, राज द्वारा होते हुए श्री बालाजी मंदिर शगुन मंडप पर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह चाक-चौबंद रही, जिससे यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### यह लोग रहे मौजूद

सुशील अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अवनीत कुमार शर्मा, प्रशांत कुमार शर्मा, पवन जैन, सोमेश गोयल, कमलेश गुप्ता, पीयूष कुमार, अवधेश शर्मा, अंकित कुमार, रविंदर मिश्रा, विवेक गुप्ता, बबलू अग्रवाल, राजीव मांगलिक, अनिल सक्सेना, जुगेश अरोड़ा कुक्कू भाई, मोहित अग्रवाल, दिनेश कुमार, निरंकार शरण, प्रियांशु गोयल, अनुज गोयल, सजल अग्रवाल, मदन मालवा, अरविंद सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

### जगह- जगह हुआ स्वागत

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, संस्कृति, धर्म और एकता को मजबूत करते हैं। साथ ही युवा पीढ़ी को सनातन परंपराओं से जोड़ने का कार्य भी करते हैं। शोभा यात्रा में बरेली, चंदौसी, बिजनौर, धामपुर, अमरोहा, हसनपुर, मुरादाबाद, बदायूं, पीलीभीत, बहेड़ी, बिलासपुर, शाहबाद, पटवाई, स्वार टांडा आदि नगरों से आए भक्तों ने भाग लेकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभा यात्रा के समापन पर समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया और भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजन कराने की बात कही गई। शोभा यात्रा में समिति के सदस्य, पदाधिकारी, स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं हजारों की संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। शोभा यात्रा श्री बालाजी मंदिर माल रोड पर जाकर संपन्न हुई। जिसमें रात्रि में श्री बालाजी महाराज का दरबार लगा और भक्तों ने भजन कीर्तन का आनंद लिया। मंदिर का भवन बाबा के जयकारों से गूंज उठा। शोभा यात्रा उपरांत बालाजी मंदिर माला रोड पर भंडारे का आयोजन किया।जिसमें सभी भक्तों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# गांव चलो अभियान के तहत स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित

जागरण मोर्चा,कार्यालय

**स्वार।** नगर मंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत इमरतपुर, धनोरी, छपर्रा और रुस्तमनगर में गांव चलो अभियान के तहत स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक हरि सिंह लोधी ने संचालन करते हुए सभी बूथ अध्यक्षों, सेक्टर संयोजकों एवं लाभार्थियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते अध्यक्ष ख्याली राम लोधी।

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सम्मान समारोह एवं लाभार्थी संपर्क अभियान भी चलाया। ग्राम पंचायत इमरतपुर, छपरा, धनोरी और रुस्तम नगर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दलीप अरोड़ा, अमृता रंधावा और पंकज सैनी भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने स्थापना दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।गांव चलो अभियान को सफल बनाने के लिए लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें जागरूक किया। साथ ही वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया और स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया।कार्यक्रम में गजेंद्र लोधी, रिंकू सैनी, आर्टी, अतर सिंह, प्रमोद मौर्या, राजेश कुमार शर्मा, आशु, सूरज वाल्मीकि, अमित सक्सेना, हरीश मौर्य, रामचंद्र दिवाकर, सुनील दिवाकर, मदनलाल मौर्य, ओम प्रकाश आदि मौजूद रहें।

### खिराज ए अकीदत को पहुंचे सांसद

**रामपुर।** सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने कांग्रेस की मोहसिना किदवई के इंतकाल पर उनके निवास पहुंचकर पेश की खिराज-ए-अकीदत और जनाजे की नमाज भी पढ़ाई। मोहसिना किदवई के इंतकाल पर गहरे रंजओ-गम का इज़हार किया। सांसद कल सुबह अपने संसदीय क्षेत्र रामपुर के दौरे पर थे। तभी उन्हें फोन पर मोहसिना किदवई के निधन की सूचना मिली। सूचना मिलते ही उन्होंने अपने तमाम प्रोग्राम स्थगित कर दिए। फौरन नोएडा के लिए रवाना हो गए। नोएडा पहुंचकर सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की।

# कुपोषण एक गंभीर सामाजिक समस्या: जिलाधिकारी



वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बाल पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित पोषण सप्ताह के तहत जनपद में व्यापक जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने विकास भवन परिसर से प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इस वर्ष पोषण पखवाड़ा के लिए निर्धारित थीम जीवन के प्रथम छह वर्षों में मस्तिष्क विकास को अधिकतम करना के अन्तर्गत निम्नलिखित गतिविधियों को कराये जाने के बारें में बताया। जिसमें मां एवं शिशु पोषण, मस्तिष्क विकास के लिए प्रारंभिक अनुकरण 0-3 वर्ष, प्रारंभिक वर्षों में खेल-आधारित शिक्षा (3-6 वर्ष)। स्क्रीन समय घटाने में माता-पिता और समुदाय की भूमिका।मजबूत आंगनबाड़ियों के लिए सामुदायिक समर्थन जुटाना। जिलाधिकारी ने कहा कि कुपोषण एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जिसके समाधान के लिए जनसहभागिता आवश्यक है। पोषण सप्ताह के माध्यम से आमजन, विशेषकर गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, किशोरियों एवं छोटे बच्चों को संतुलित आहार, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जाएंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक गतिविधि को प्रभावी एवं परिणाम मुखी बनाया जाए।

बताया कि प्रचार वाहन जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को कुपोषण के दुष्परिणाम, संतुलित आहार के महत्व, एनीमिया की रोकथाम, टीकाकरण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगा। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर गोष्ठियों, रैलियों, स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी, अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत

# 2000 युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उपयुक्त उद्योग अनुराग यादव ने बताया कि जनपद में युवाओं को स्वरोजगार के प्रति प्रोत्साहित करने एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शासन द्वारा जनपद को 2000 लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित करने का लक्ष्य आवंटित किया।यह अभियान युवाओं को स्वयं का उद्योग अथवा सेवा कार्य स्थापित करने हेतु एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा 8 उत्तीर्ण तथा आयु 21 से 40 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है। योजना के तहत पात्र अभ्यर्थियों को अपना उद्यम स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता, मार्गदर्शन एवं विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं।जनपद के अधिक से अधिक युवाओं को इस योजना से जोड़ने के लिए विभाग, शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा निरंतर जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए विभागीय वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, नजदीकी जनसेवा केंद्र अथवा लोकवाणी केंद्र के माध्यम से भी आवेदन कराया जा सकता है। आवेदन करते समय सभी आवश्यक दस्तावेज एवं सूचनाएं सही एवं पूर्ण रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे आवेदन प्रक्रिया में किसी प्रकार की समस्या न हो। किसी भी प्रकार की समस्या अथवा अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी कार्यालय दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, रोशनबाग, रामपुर में संपर्क कर सकते हैं। साथ ही यशपाल, सीएम युवा फेलो के मोबाइल नंबर 8393931818 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# किसानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला संगठन मंत्री फरीद खां व जिला महासचिव बाबर खां के नेतृत्व मैं किसानों ने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने जिलाधिकारी को अवगत करते हुए कहा की किसानों की मुश्किलों बड़ी हुई है। बेमौसम बारिश से जो किसानों की फसलें बर्बाद हुई है। उसका ग्राउंड लेवल पर सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए। किसान वैसी ही कर्ज में दबा हुआ है ऊपर से उसकी फसल का नुकसान हुआ है।

कहा की बिजली विभाग द्वारा ग्राम ताशके मजरे में एक गरीब से बिजली पोल के स्टीमेट के नाम पर पैसे लिए गए गरीब ने कर्ज करके पैसे दिए जिसको लगभग 7 माह हो चुके है अभी तक बिजली



डीएम को ज्ञापन देते किसान नेता। -जागरण मोर्चा

पोल नहीं लगे विभाग पूरी तरह अपनी मनमानी कर रहा है,जो कि सरासर गलत है।जांच कराकर बिजली पोल लगवाए जाए।कहा की किसानों की गेहूं की बिक्री का समय आ चुका है किसानों को कोई दिक्कत न हो जैसे पूर्व मैं धान खरीद में आई थी। इसको देखते हुए जिले में तोल क्रय केंद्र इतने बनाए जाए, जिसे किसानों को कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। सरकारी रेट पर किसानों की खरीद की जाए।कहा की फसल की लागत लगातार बढ़ रही है। खाद, बीज, बिजली, डीजल, लेकिन किसानों को उपज का सही दाम नहीं मिल रहा है। इसको देखते हुए किसानों को सही दाम मिलना चाहिए। किसान देश का अन्नदाता है। इस मौके पर फरीद खां, बाबर खा, अब्दुल रज्जाक खान, मोहम्मद शादाब, मुताहिर खां, समीर खां सहित किसान मौजूद रहे।

# 5 प्रतिशत आरक्षण पर की जाए नियुक्ति

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आल इंडिया विकलांग सेवा संगठन ने चार सूत्रीय मांग जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा है। जिसमें संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सिफात अली खां ने कहा कि दिव्यांगों को 5 प्रतिशत आरक्षण के आधार पर संविदा एवं निविदा कर्मी के रूप में भर्ती करने के आदेश विभिन्न विभागों को किए जाए। उन्हें राजनीतिक आरक्षण देकर, प्रधान, बीडीसी, नगरपालिका परिषद, जिला पंचायत तथा सांसद और विधायक की सीटें आरक्षित की जाये। जो दिव्यांग, वृद्ध, विधवाएं एकल जीवन जी रही है और उनके राशनकार्ड में नाम दर्ज नहीं है उनकी एकल परिवार आईडी बनाई जाए।



जेल रोड स्थित आयोजित बैठक में शामिल दिव्यांग, संगठन के राष्ट्रीय महासचिव।

ज्ञापन में यह भी कहा कि नालापार सौदागरान में एक मदरसा रियाजुल उलूम था जो अब रियाजुल उलूम जूनियर हाईस्कूल हो गया है। उसकी वक्फ संपत्तियों पर समाजवादी पार्टी के दबंगों ने कब्जा कर लिया है। उस पर अप्सरा मैरिज हाल एवं साप्ताहिक जुम्मा बाजार अवैध रूप से चला रहे हैं। मदरसा-स्कूल जिसमें छात्रवृत्ति घोटाला भी हुआ था। केवल दो कमरों तक सिमट कर रह गया है। जोकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एकल मदरसा संचालन आदेश की खुली अवमानना है। इसकी बार बार शिकायत प्रशासन से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन की कापी डाक द्वारा विधानसभा एवं विधानपरिषद अध्यक्ष, लोकसभा, राज्य सभा अध्यक्ष नई दिल्ली को भी भेजी गई है।

ज्ञापन पर नूर अहमद, सिफात अली खान, तोता राम, जयसिंह सैनी,नैपाल सिंह यादव, रंजीत सिंह, रेहाना, आरिफ, रामवती, शकुंतला, पूरन, जावेद खां, भीमसैन, बंटी, मुन्ना लाल के हस्ताक्षर हैं।

कार्यक्रम | अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें : सुनील

# शिक्षा चौपाल में गुणवत्ता व नामांकन बढ़ाने पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ब्लॉक सैदनगर के न्याय पंचायत लालपुर कला स्थित प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शिक्षा चौपाल कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम का नेतृत्व खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना ने किया। जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, छात्र नामांकन बढ़ाने तथा विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम का शुभारंभ नोडल संकुल डॉ. सुनील कुमार द्वारा किया। संचालन शबनम आरा ने करते हुए बताया कि चौपाल का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक अभिभावक को अपने बच्चों का विद्यालय में



कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे। -जागरण मोर्चा

नामांकन कराने के लिए प्रेरित करना है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।इस अवसर पर बीईओ सुनील कुमार सक्सेना का स्वागत बुके भेंट कर तथा एसएमसी अध्यक्ष अफजाल हुसैन को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।कार्यक्रम के दौरान मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला के 15 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। साथ ही, उन विद्यालयों को भी पुरस्कृत किया। जिन्हें निपुण विद्यालय घोषित किया। चौपाल में उपस्थित अभिभावकों को बच्चों की नियमित उपस्थिति,गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और शिक्षा को उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनाएं।

### यह मौजूद रहे

राशि सक्सेना, प्रभात कुमार, सुनील सक्सेना, शबनम आरा, छवि त्यागी, अनिल कुमार, नीतू भारद्वाज, रीना, बुशरा फिरदौस, निदा खान, नंदकिशोर, अनिल कुमार, आराधना सक्सेना, संदीप शर्मा, जफर शाह, नजमा खातून, अनिल कुमार, अभिषेक शर्मा, अजय, इदरीस, सायबा बी के साथ बड़ी संख्या में अभिभावकों ने सक्रिय सहभागिता की। इस दौरान शिक्षकों और अभिभावकों के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित हुआ।शिक्षा को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया गया।अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सामूहिक सहयोग और निरंतर सहभागिता का आश्वासन दिया।

एक नजर

### गरीब कन्या की शादी में सामान देकर किया गया सहयोग

**चन्दौसी।** जनकल्याण सेवा समिति द्वारा कन्याओं की शादी में सहयोग की कड़ी में इस माह भी एक कन्या की शादी में सहयोग किया। उन्होंने कन्या के घर पहुंचकर सदस्यों ने शादी के लिए शाल, साड़ी, सूट, बैड शीट सहित अन्य कपड़े और मिक्सी, हाट केश, व अन्य गिफ्ट आइटम सहित 2100 रूपये नगद धनराशि से सहयोग किया। इस दौरान सदस्यों ने यह भी निर्णय किया कि यदि उनके संज्ञान में कोई जरूरतमन्द कन्या आती है, तो प्रतिमाह कम से कम एक कन्या को जरूर सहयोग किया जाएगा। शादी का सामान पाकर कन्या के परिवार वालों ने समिति के लोगों को अभार व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय, भावना गुप्ता, मीनू फैंसी, रेखा रस्तोगी, सीमा फैंसी, संगीता शर्मा, पूनम वार्ष्णेय, दीप्ति, पूर्णिमा, रेखा अग्रवाल, राजेश्वरी, सारिका, रुचि, सोनी रस्तोगी, अनामिका, नीलम, मोना, सीमा सिंह आदि का सहयोग रहा।

# 140 पात्रों को सौंपे गए नए आशियाने

## मुख्यमंत्री आवास योजना में लाभार्थियों को ग्रह प्रवेश और चाबी की गईं वितरण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के मुरादाबाद रोड स्थित बनियाखेड़ा विकासखंड सभागार में गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को अपने नए घरों का गृह प्रवेश व चाबी वितरण कार्यक्रम समारोह के साथ आयोजित किया गया। जिसमें पात्र 140 लाभार्थियों को उनके नए आवास में ग्रह प्रवेश एवं चाबी वितरण की गई। घर पाकर लोगों के चेहरे खिले उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री व ब्लाक प्रमुख ने दीप प्रज्वलित करके किया।



महिलाओं को चाबी का वितरण करती राज्यमंत्री गुलाब देवी। –जागरण मोर्चा



मुख्यमंत्री आवास योजना के कार्यक्रम मे बोलती राज्यमंत्री गुलाब देवी।

**बनियाखेड़ा विकासखंड सभागार में समारोह के साथ आयोजित किया गया कार्यक्रम**

कार्यक्रम में प्रदेश की राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने लाभार्थियों को नए घरों की चाबी सौंपते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने आवास विहीन गरीब तबके के हर परिवार को घर देने का लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में आज 140 परिवारों को उनके आवास की चाबी प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य हर परिवार को सुरक्षित और सुसज्जित घर उपलब्ध कराना है। आज यह अवसर हमें इस लक्ष्य की दिशा में एक और कदम बढ़ाने का मौका दे रहा है। ब्लाक प्रमुख डा. सुगंधा सिंह ने लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन हर लाभार्थी के लिए बेहद खास है। ये केवल एक मकान नहीं, बल्कि परिवार की सुरक्षा और गरिमा का प्रतीक है। विकास खण्ड के प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को सुरक्षित छत दिलाने के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में लाभार्थियों की खुशी देखते ही बन रही थी। अधिकांश परिवारों ने कहा कि यह योजना उनके जीवन में स्थायी सुरक्षा और सुविधा लेकर आई है। इस कार्यक्रम ने न केवल ग्रामीण आवास योजनाओं की सफलता दिखाई, बल्कि स्थानीय प्रशासन और सरकार के प्रति लोगों के विश्वास को भी मजबूत किया। इस अवसर पर महिलाओं ने अपनी समस्याएं भी साझा कीं, जिस पर प्रमुख ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान सुधीर मल्होत्रा, शरद शर्मा, विनोद कुमार बिन्नी, अंकुर अग्रवाल, अश्वनी सक्सेना, हरवेश राघव, विनीत शर्मा, गुड़िया सैनी, सुशील पाल, सहित आदि मौजूद रहे।

# बेटियों को सुरक्षाः संभल में एचपीवी वैक्सीन अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**प्रथम दिवस पर 18 किशोरियों का किया गया टीकाकरण**

**चन्दौसी।** भारत सरकार के द्वारा देशव्यापी अभियान के साथ संभल जनपद ने भी गुरुवार को एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत की है, मिशन शक्ति के अन्तर्गत पांच किशोरियों पलाक्षी गुप्ता, आराध्या रस्तौगी, कनिष्का रस्तौगी, अक्सा रईस, अलिशबा द्वारा जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया की मौजूदगी में जिला संयुक्त चिकित्सालय सम्भल में एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ किया गया।

डा. राजेन्द्र पैंसिंया ने कहा कि यह देशव्यापी अभियान एचपीवी संक्रमण के बोझ को कम करने और इससे होने वाली मृत्यु दर को घटाने में मील का पत्थर साबित होगा। यह टीका अब तक 160 देशों में 50 करोड़ को लगाया जा चुका है, ये टीका बाजार में लगभग 4 हजार रूपये का है जो कि आम आदमी के लिये काफी महंगा है। यह पहल न केवल स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाती है, बल्कि भारत सरकार के कैंसर मुक्त भविष्य के संकल्प को भी मजबूती प्रदान करती है। टीकाकरण के उपरान्त सभी किशोरियों को डिजिटल वैक्सीनैशन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिलाधिकारी ने समस्त सरकारी/निजी विद्यालयों/मदरसो एवं स्कूल न जाने वाली किशोरियों जिनकी आयु 14 से 15 वर्ष के मध्य है को यह टीका लगाया जाने के लिए अपील की गई है, साथ ही शिक्षकों से स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करने के लिए भी कहा गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरूण पाठक ने किशोरियों के स्वास्थ्य के लिए एचपीवी टीके के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि सही समय पर टीकाकरण भविष्य में गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। इस दौरान डा. राजेन्द्र सिंह, डा. अजफर कमाल, डा. मनमोहन शर्मा, संजीव राठौर, डा. सुनील त्यागी, शमशीर आलम, सुरजीत कुमार, फैजान अली, किरनवाल, पारूल गुप्ता आदि रहे।

# क्रय केंद्रों पर अव्यवस्था पर प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारतीय किसान संघ ने तहसील में गेहूं के सरकारी क्रय केन्द्रों पर तोल व अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने तोल सुचारु, पारदर्शी व किसी भेदभाव के होने की मांग की। संघ ने प्रदर्शन उपरांत एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।




तहसील परिसर में प्रदर्शन करते भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी।

गुरुवार को तहसील पहुंचे संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि मंडी समिति कि अंतर्गत संचालित क्रय केन्द्रों पर किसानों के गेहूं की तोल नियमित रुप से नहीं की जा रही है। जबकि व्यापारियों का गेहूं प्राथमिकता के आधार पर खरीदा जा रहा है। किसानों द्वारा तोल कराने का प्रयास करने पर क्रय केन्द्र प्रभारी विभिन्न कारण बताकर टाल देते है। उनके द्वारा बारदाना की कमी, मशीनों में तकनीकी खराबी आदि बताया जा रहा है। साथ ही तहसील स्तर पर संबंधित लेखपाल भी किसानों का पंजीकरण समय से नहीं किया जा रहा है। जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि क्रय केन्द्रों पर किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं में पीने का पानी, बैठने के लिए कुसियों व तेज धूप से बचाव हेतु तंबु नहीं है। संघ ने प्रदर्शन करते हुए किसानों की गेहूं की तोल सुचारु, पारदर्शी व बिना किसी भेदभाव के कराने की मांग की है। शीघ्र ही समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन को चेताया है। प्रदर्शन के बाद संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम आशुतोष तिवारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कृष्ण पाल सिंह, फतेह सिंह, जगपाल सिंह, जुगनेश पाल सिंह, श्रीपाल सिंह, रामकिशोर, कृष्ण पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# बाइकों की आमने सामने की टक्कर में छह घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव श्यामपुर निवासी रितिभान पुत्र मोहर सिंह बाइक से बुधवार की रात बिलारी से वापस गांव आ रहा था। बाइक पर उसके साथ भाई विजनेश और गांव के ही हरवीर पुत्र श्योराज एवं सुदीभ पुत्र छत्रपाल भी थे। जैसे ही वह स्योडारा और मिठ्नपुर के बीच पहुंचे तभी सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर होने पर दोनों चारों लोगों के साथ दूसरी बाइक सवार शिवाजी पुत्र सुरेश व उसका भाई सुमित निवासी गांव अटवा घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की सूचना पर 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से डाक्टरों ने हालत गंभीर होने पर सभी घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### स्कूटी व बाइक की टक्कर में महिला पुरुष घायल

**चन्दौसी।** थाना कुंदरकी मोहल्ला नरुल्ला निवासी राशिद अपनी पत्नी गुलेशदाब व बेटों शाहअली और तैमूर अली के साथ बहजोई अपनी रिस्तेदारी में गया हुआ था। गुरुवार को स्कूटी से अपने घर लौट रहा था। शाम 5 बजे के करीब न्यू बाइपास पर जीरो प्वाइंट के पास पहुंचा तो सामने से सुरेश निवासी रुस्तमपुर डरौली थाना बनियाठेर की बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर लगने से दोनों वाहनों पर सवार सभी सड़क पर गिर गए। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां गंभीर रुप से घायल गुलेशदाब व सुरेश को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।

# महिला पर हमले के बाद गांव में सन्नाटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव देवापुर में गुरुवार दोपहर एक खौफनाक वारदात सामने आई, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। यहां 52 वर्षीय वृद्धा मोरकली पत्नी स्वर्गीय भोजराज अपने खेत पर भीगे हुए गेहूं सुखा रही थीं, तभी एक अज्ञात हमलावर ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया।



थाना बनियाठेर के गांव देवापुर मे घटना के बाद लगीं ग्रामीणों की भीड़।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे जब मोरकली खेत पर अकेली थीं, तभी एक युवक वहां पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए उन पर टूट पड़ा। वृद्धा ने खुद को बचाने के लिए शोर मचाया और भागने का प्रयास किया, लेकिन हमलावर ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। आरोपी ने जान से मारने की नीयत से तमंचे की बट से उनके सिर पर ताबड़तोड़ प्रहार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ीं। शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके की ओर दौड़े, जिन्हें आता देख हमलावर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सचिन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल वृद्धा को अपनी गाड़ी से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सिर की गंभीर चोट और नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना के बाद से गांव में भारी तनाव और भय का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने हमलावर की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जल संचय पर जायंट्स ग्रुप की गोष्ठी आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जल संचय व पौधरोपण को लेकर जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति ने गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें वक्ताओं ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पौधरोपण आदि के बारे में जानकारी दी। गुरुवार को ग्रुप की गोष्ठी का आयोजन सीता रोड एक रेस्टोरेंट पर किया गया। जिसमें सर्वप्रथम ग्रुप की पदाधिकारियों व सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर जायन्ट्स प्रार्थना की। उसके उपरांत जल संरक्षण पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने बताया जन संरक्षण का अर्थ है पानी की बर्बादी रोकना, उसका विवेक पूर्ण उपयोग करना और भविष्य के लिए उसे संचित करना है। उन्होंने बताया कि इसके प्रमुख उपायों में वर्षा जल संचयन रेन वाटर हार्वेस्टिंग, नलों को बंद रखना, टपकते नालों की मरम्मत और जल पुन चक्रण शामिल है। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण के लिए हमे अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। जिससे भूजल स्तर बढ़ाने को मद्द मिल सके। साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जा सकता है। संगठन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने जल ही जीवन के सिद्धांत को मानते हुए पानी की हर बूंद को बचाने का संकल्प लिया। इस दौरान यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल, चीफ प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनु रस्तोगी, डीओए मीना वार्ष्णेय, डीओएफ रेखा रस्तोगी, रानी अग्रवाल, सीमा, नीलम, कविता, मंजू , अलका, अमृता, नेहा, रितु, चंचल, शोभा, कमलेश, आशा, सुनीता आदि रहीं।

## 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख, 4 लाख का नुकसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई क्षेत्र के गोकुल धाम में गुरुवार की शाम हाई टेंशन लाइन में फाल्ट होने के कारण गेहूं की लगभग 20 बीघा फसल जलकर राख हो गई। सूचना पाकर मौके पर खेत स्वामी भी पहुंच गए और लोगों की मदद से भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक पूरी फसल जलकर खाक हो चुकी थी। वहीं सूचना पर दमकल पुलिस और राजस्व विभाग की टीम भी पहुंच गई। हल्का लेखपाल अर्पित सक्सेना ने बताया कि नुकसान का आकलन कर प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी, ताकि पीड़ित किसान को मुआवजा मिल सके।

# लाखों स्वाहा, पार्क बदहालः सौंदर्य के नाम पर केवल खानापूर्ति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** शहर के आवास विकास में बने पार्क इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। नगरपालिका द्वारा इन पार्कों के सौंदर्यीकरण पर पूर्व में लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद, देखरेख के अभाव में ये पार्क अब सुंदरता के बजाय गंदगी का केंद्र बनते जा रहे हैं। नगर पालिका की उदासीनता के चलते स्थिति दिन-व-दिन इनकी सूरत बिगड़ती जा रही है।



पार्क मे खड़े वहान। –जागरण मोर्चा

> आवास विकास के कई पार्कों में सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिनमें कुछ का काम पूरा हो चुका है। अन्य पार्कों को भी जल्द ठीक कराया जाएगा। लोगों को भी साफ–सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए।
> –धर्मराज राम, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, चन्दौसी

शहर के आवास विकास में लगभग दो दर्जन से अधिक पार्क बने हैं, मौजूदा समय में पालिका की लेकिन अनदेखी के चलते अधिकांश पार्क बदहाल हो चुके हैं। अपनी पहचान भी खो चुके हैं। हरियाली के बीच सुकून के कुछ पल गुजारने के लिए लोगों को परेशानियों का सामना पड़ता है। स्थिति यह है कि कुछ पार्कों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश खंडहर स्थिति में पहुंच चुके हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार मूक दर्शक बने हैं। उन्होंने पार्को को सुधारने के लिए कोई योजना भी नहीं बनाई है। हालत ऐसे है कि कहीं पार्क अतिक्रमण का शिकार है तो कहीं पार्किंग स्थल बना लिया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ पार्क तो सिर्फ नाम के ही पार्क हैं। यहां न तो हरियाली और न ही बैठने की कोई व्यवस्था। बाउंड्री तक नहीं है। बच्चों के खेलने के झूले तक टूट चुके हैं।



बच्चों के खेलने के लिए बनाए गए इन पार्कों में न तो साफ–सफाई है और न ही सुरक्षित माहौल। खेल उपकरणों पर भारी धनराशि खर्च की गई थी, लेकिन अब वे या तो टूट चुके हैं या कूड़े के ढेर में दबे पड़े हैं। –वीरेंद्र अग्रवाल



ये पार्क अब कूड़ाघर बन चुके हैं, जहां आसपास के लोग बेझिझक कूड़ा डाल रहे हैं। इतना ही नहीं, लोग इन पार्कों का उपयोग कपड़े सुखाने और वाहन खड़े करने के लिए भी करने लगे हैं, जिससे इनकी स्थिति और भी दयनीय हो गई है। –गौरव पाठक



पार्क बच्चों के खेलने के लिए बने थे, लेकिन अब यहां कूड़ा पड़ा रहता है। बच्चे खेलने नहीं आते। यदि समय रहते नगरपालिका ने ध्यान दिया होता, तो यही पार्क शहर की सुंदरता में चार चांद लगा सकते थे। –पिंटू मौर्य



कालोनी के लोग पार्क में बैठकर चाय पीते हैं, बच्चे खेलते थे। लेकिन लापरवाही के कारण पार्क बदहाल हो गए है इसके साथ लोग पार्क में कपड़े सुखाने लगे हैं। हमारे बच्चों को खेलने के लिए जगह नहीं मिल रही। पार्क का पूरा माहौल खराब हो गया है। –मनोज कुमार

कीर्तिमान | 300 बच्चों को मिलेगा प्रवेश, पारदर्शी आनलाइन और लिखित परीक्षा से होता है चयन

# 100 प्रतिशत रहा परिणाम, 7 करोड़ से होगा कायाकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** तहसील के ब्लाक पवांसा क्षेत्र के सिंगावली स्थित जिले के एकमात्र आश्रम पद्धति विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट मिसाल पेश की है। पिछले शैक्षणिक सत्र में विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। कक्षा 6 से 12 तक संचालित इस पूरी तरह से निश्शुल्क आवासीय विद्यालय में कुल 490 बच्चों को शिक्षा देने की स्वीकृति शासन से प्राप्त है। वर्तमान में यहां 203 छात्र अध्ययनरत हैं और आगामी नए सत्र में करीब 300 अतिरिक्त छात्रों को प्रवेश देने की योजना पर कार्य चल रहा है। विद्यालय में शिक्षण कार्य के लिए वर्तमान में सात अतिथि (संविदा/आउटसोर्सिंग) शिक्षक और एक प्रधानाचार्य नियुक्त हैं, जो छात्रों के भविष्य को संवारने में पूरे समर्पण के साथ जुटे हैं। शिक्षकों की इसी मेहनत का नतीजा है कि पिछले वर्ष विद्यालय का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा, जिसने पूरे जिले में एक सकारात्मक संदेश दिया है। समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार ने बताया कि विद्यालय प्रशासन छात्रों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि वर्तमान में छात्रावास की भौतिक स्थिति के अनुसार अधिकतम 250 बच्चों को ही सुगमता से रखा जा सकता है, जबकि शासन द्वारा 490 सीटों की स्वीकृति दी जा चुकी है। इसी कमी को दूर करने और भवन को पूरी तरह से आधुनिक और सुरक्षित बनाने के लिए 7 करोड़ रुपये की मांग का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। बजट मिलते ही मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद पूरी 490 सीटों की क्षमता का उपयोग किया जा सकेगा। पूर्ण आवासीय विद्यालय होने के नाते यहां छात्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। परिसर में चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) जवानों की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त, भोजन और छात्रों की सुरक्षा की निगरानी के लिए शिक्षकों की विशेष कमेटियां भी गठित की गई हैं। बच्चों को शासन के निर्देशों और मेन्यू के अनुसार ही हर दिन अलग-अलग प्रकार का पौष्टिक नाश्ता और भोजन उपलब्ध कराया जाता है। विद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया बेहद पारदर्शी और शासनादेशों के अनुरूप है। छात्रों का चयन आनलाइन आवेदन और लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। इस सख्त और पारदर्शी प्रक्रिया का ही परिणाम है कि विद्यालय में किसी भी अपात्र बच्चे के प्रवेश की आज तक कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। इसके साथ ही, विद्यालय में पेयजल, शौचालय और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं सुचारू रूप से काम कर रही हैं। व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए समय-समय पर जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया और पंचायती राज विभाग द्वारा विद्यालय का निरीक्षण भी किया जाता है।

## टीबी जांच कैंप, 77 लोगों की स्क्रीनिंग व चैस्ट एक्स-रे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** तहसील क्षेत्र के ग्राम नया गांव व मौढी हजरतपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी (क्षय रोग) की रोकथाम एवं समय पर पहचान के उद्देश्य से विशेष जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कुल 77 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिनके चैस्ट एक्स-रे भी कराए गए। कैंप के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को टीबी के लक्षणों, इसके संक्रमण से बचाव तथा समय पर जांच और उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही लोगों से अपील की गई कि यदि किसी को लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना या कमजोरी जैसी समस्या हो तो तुरंत जांच कराएं, ताकि बीमारी का समय रहते उपचार किया जा सके।

# तीन दिवसीय रेंजर्स शिविर का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के संभल गेट स्थित एनकेबीएमजी कालेज में गुरुवार को तीन दिवसीय रेंजर्स शिविर का उत्साहपूर्ण आगाज़ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन डा. मनीषा अग्रवाल एवं डा. इमराना के कुशल संयोजन में किया गया।

शिविर का विधिवत शुभारंभ कालेज की कार्यवाहक प्राचार्या प्रोफेसर रंजना अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए शिविर के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें शिविर की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला संगठन आयुक्त मीनू भारती ने शिविर के पहले दिन छात्राओं को रेंजर्स के बुनियादी नियमों और अनुशासन की जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र के दौरान छात्राओं को रेंजर्स प्रार्थना और झंडा गीत, प्रतिज्ञा और नियम, वर्दी का महत्व और संक्षिप्त इतिहास, आयु वर्ग के अनुसार वर्गीकरण, सैल्यूट, बायां हाथ मिलाना और विभिन्न प्रकार की तालियां आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान हेमलता भारती, डा. प्रीति चौधरी, अमनदीप कौर, डा. नीता गुप्ता, डा. सपना अग्रवाल, अंजुलि अग्रवाल, सुरभि पाराशरी, संजीव, राजेन्द्र का विशेष सहयोग रहा। शिविर के अगले दो दिनों में छात्राओं को साहसिक गतिविधियों और समाज सेवा से जुड़े अन्य गुर सिखाए जाएंगे।



एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज में स्काउट गाइड शिविर में शामिल छात्राएं व शिक्षिकाए।

## एक नजर

### दो एलईडी टीवी चुराने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**गजरौला।** हाइवे स्थित होटल के एक कमरे से दो एलईडी टीवी चुराने वाले आरोपी को पुलिस ने सीसीटीवी कैमरो की फुटेज व अन्य साक्ष्यों की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर दोनों एलईडी बरामद कर ली गयीं हैं, आरोपी उन्हें बेचने जा रहा था, मगर पुलिस ने उसे धर दबोचा। बता दें कि 08 अप्रैल 2026 को हसनपुर के मौहल्ला कायस्थान निवासी स्वागत होटल के सुपरवाईजर पियूष अग्रवाल ने होटल के एक कमरे से दो एलईडी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के क्रम मे घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज व अन्य साक्ष्यों की मदद से घटना कारित करने में नगर के मौहल्ला मायापुरी निवासी विकास का नाम प्रकाश में आया, जिसे पुलिस ने मुऽबिर की सूचना पर भानपुर फाटक के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर दोनों एलईडी बरामद कर ली गयीं।

# पुल निर्माण में सीमेंट चोरी पर भारी हंगामा

## किसान नेता डॉ दिग्विजय सिंह भाटी एवं प्रभारी निरीक्षक में हुई नोकझोंक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में निर्माणाधीन पुल में भ्रष्टाचार का बड़ा मामला आया सामने। ठेकेदार द्वारा सरकारी सामग्री को बाजार में बेचने के आरोप में ग्रामीणों ने कोतवाली में हंगामा किया। मामला तब गरमाया जब पुल निर्माण स्थल से पांच किलोमीटर दूर मल्ल वाली डगरौली में ग्रामीणों ने सीमेंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को रंगे हाथों पकड़ लिया।

गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे ग्रामीणों ने देखा कि पुल निर्माण के लिए आई सामग्री को चोरी-छिपे ले जाया जा रहा है। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर ट्रैक्टर ट्राली में लदे 80 कट्टे सीमेंट पकड़ लिया। सूचना पर डायल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंची और सीमेट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को कोतवाली ले आई। आरोप है कि ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से आए दिन सरकारी माल बेचा जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही भाकियू बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में दर्जनों किसान कोतवाली पहुंचे। किसानों ने एफआईआर दर्ज कराने की मांग की, जिस पर कोतवाली प्रभारी राजेश तिवारी और दिग्विजय सिंह भाटी के बीच काफी देर तक तीखी नोकझोंक हुई। किसानों का आरोप है कि बिना उचित कार्रवाई के सीमेंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को कोतवाली से बाहर कर दिया गया, जिससे आक्रोश और बढ़ गया, इसके बाद ग्रामीण एसडीएम हिमांशु उपाध्याय से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांग करते हुए कहा कि घटिया निर्माण और सामग्री चोरी करने वाले ठेकेदार व उसे खरीदने वाले माफियाओं पर सख्त कार्रवाई हो। एसडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित कर जांच के आदेश दिए हैं। किसानों की चेतावनी के बाद प्रशासन अब मामले की लीपापोती करने के बजाय जांच की बात कह रहा है। क्षेत्र के किसानों में इस भ्रष्टाचार को लेकर गहरा रोष व्याप्त है।


कोतवाली में एकत्र किसान एवं ग्रामीण। –जागरण मोर्चा


पकड़ा गया चोरी के सीमेंट से भरा ट्रैक्टर कोतवाली में खड़ा हुआ। –जागरण मोर्चा

## गैस कनेक्शन ट्रांसफर के नाम पर कालाबाजारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर में घरेलू गैस की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही, जिससे उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा द्वारा प्रेस नोट जारी करते हुए नगर स्थित एजेंसियों पर कालाबाजारी का आरोप लगाया गया। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर की एजेंसियों के द्वारा उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है, उन्होंने कनेक्शन ट्रांसफर के नाम पर कालाबाजारी करने का आरोप लगा है। उपभोक्ता पूरे दिन एक एजेंसी से दूसरी एजेंसी पर गैस के लिए चक्कर लगाता रहता है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता लगातार शिकायत दर्ज कर रहा है। लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने उपभोक्ता के साथ दुर्व्यवहार करने का भी आरोप लगाया। चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर एजेंसियां द्वारा अपना रवैया नहीं सुधरा तो उच्च अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

# दुष्कर्म का आरोपी बर्खास्त सिपाही गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली पुलिस ने युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी बर्खास्त सिपाही अखिलेश कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी पर शादी का झांसा देकर घर में घुसकर जबरन शारीरिक संबंध बनाने और विरोध करने पर परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप है। पीड़िता के अनुसार, सिपाही अखिलेश कुमार ने खुद को अविवाहित बताकर दोस्ती की थी और उसके घर आने-जाने लगा था। बीते 6 अप्रैल को जब युवती घर पर अकेली थी, तब आरोपी ने मौका पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी, जिसके बाद गुरुवार को उसे दबोच लिया गया।



दुष्कर्म का आरोपी सिपाही हुआ गिरफ्तार। –जागरण मोर्चा

### फर्जी मार्कशीट से भर्ती हुआ था सिपाही, जांच में खुलासा होने पर बर्खास्त

वर्ष 2011 में यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती अखिलेश वर्ष 2023 में कोतवाली में तैनात रहा था। इस दौरान उसके सगे चाचा विनोद कुमार ने लखनऊ के गोपनीय कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई जिसमें कहा गया कि अखिलेश की इंटर की मार्कशीट फर्जी है। मामले की जांच में आरोप सही पाया गया। जांच में सामने आया कि अखिलेश ने भर्ती के दौरान ज्योति इंटर कालेज जनपद बलिया की फर्जी मार्कशीट लगाई थी। मार्कशीट वर्ष 2009 में जारी की गई थी। जांच के बाद वर्ष 2024 में अखिलेश कुमार को निलंबित व बाद में बर्खास्त कर दिया गया। प्रतिसार निरीक्षक ने अखिलेश कुमार व उसके चाचा के खिलाफ अमरोहा देहात थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। इसके बाद अखिलेश चर्चा में आया था।

# मतदाता सूची में गड़बड़ी पर सपा सख्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद में मतदाता सूची के पुनरीक्षण और महिला आरक्षण बिल पर समाजवादी पार्टी के पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी के 'पीडीए प्रहरी' और बीएलए ज़मीनी स्तर पर पूरी सजगता से काम कर रहे हैं, कमाल अख्तर ने ड्राफ्ट सूची आने के बाद एक-एक नाम की जांच की जाएगी ताकि किसी भी पात्र मतदाता का हक न मारा जाए, इसके अलावा महिला आरक्षण बिल पर उठ रहे सवालों का जवाब देते हुए समाजवादी पार्टी को महिलाओं का सच्चा हितैषी बताया और आरक्षण के भीतर आरक्षण की मांग को प्रमुखता से दोहराया है।

कमाल अख्तर ने कहा देखिए, जहाँ तक मतदाता सूची (एसआईआर) का सवाल है, हमारे समाजवादी प्रहरी और बीएलए पूरी सतर्कता बरत रहे हैं, 10 तारीख को जो ड्राफ्ट सूची आएगी, उसे प्रत्येक बीएलए को सौंपा जाएगा, हम गाँव-गाँव बैठकें करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी जीवित निवासी का नाम सूची से न कटा हो, यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है, तो हम जिलाधिकारी और संबंधित एसडीएम (आरओ) को इससे अवगत कराएंगे। समाजवादी पार्टी इस पूरी प्रक्रिया को लेकर अत्यंत गंभीर है, जहाँ तक महिला आरक्षण बिल की बात है, तो यह कहना गलत है कि समाजवादी पार्टी इसके विरोध में है, हम महिलाओं को आगे बढ़ाने के पक्षधर हैं, लेकिन हमारी मांग है कि इस 33 प्रतिशत को बढ़ाकर भले ही 40 प्रतिशत कर दिया जाए, पर इसमें दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज की महिलाओं के लिए अलग से कोटा सुनिश्चित होना चाहिए। हमारे देश की संस्कृति में आज भी महिलाएं पर्दा करती हैं, चाहे वह किसी भी वर्ग की हों, इसलिए उन्हें विशेष प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है, साथ ही बिल में रोटेशन की व्यवस्था पर हमें आपत्ति है, यदि किसी जनप्रतिनिधि को पता होगा कि अगली बार उनकी सीट सुरक्षित नहीं रहेगी, तो वह जनता के प्रति पूरी तरह जवाबदेह नहीं रह पाएगा, हम चाहते हैं कि रोटेशन जैसी व्यवस्था खत्म हो और पिछड़ों-दलितों को उनका हक मिले।


कमाल अख्तर। –जागरण मोर्चा

## संक्षेप समाचार

### खलिहान से अवैध रूप से काटी पिलखन, ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत लकड़ी बरामद

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में खेत-खलिहान की जमीन से अवैध रूप से पिलखन का पेड़ काटने का मामला ।ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन और वन विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। बुधवार की देर शाम कोतवाली क्षेत्र के गांव अगरौला कला में अवैध रूप से खलियान में खड़ी पिलखन को काट लिया गया। जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय से शिकायत की थी कि गांव के खलिहान में खड़ी पिलखन को अवैध रूप से काटा जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने लेखपाल हेमंत कुमार को जांच के लिए मौके पर भेजा। लेखपाल ने अवैध कटान की पुष्टि करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। इसके बाद वन विभाग के दरोगा राजवीर सिंह यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लकड़ी को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा करा दिया ।वन रेंजर नरेश कुमार ने बताया कि एसडीएम के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। पिलखन की लकड़ी के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली को कोतवाली के सुपुर्दगी में दे दिया गया है ।फिलहाल पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है। यदि जांच में नियमों का उल्लंघन और अवैध कटान पाया जाता है, तो दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।


राजस्व एवं वन विभाग द्वारा पकड़ी गई अवैध लकड़ी।

### भारतीय किसान यूनियन की हुई मासिक पंचायत

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में एक बार फिर क्षेत्र में छुट्टा पशुओं के आतंक का मुद्दा उठा, इसी के साथ किसानों द्वारा प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त हुए कहा कि बार-बार कहने के बाद भी प्रशासन द्वारा इन छुट्टा पशुओं को पकड़वाया नहीं जा रहा है, जल्द से जल्द प्रशासन इन छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भिजवाए। गुरुवार को नगर के अमरोहा मार्ग स्थित नवीन मंडी स्थल के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन की तहसील स्तरीय मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह द्वारा कहा गया कि चीनी मिल द्वारा अभी तक किसानों का भुगतान पूरा नहीं किया गया है अतः जल्द से जल्द किसानों को गन्ने का भुगतान किया जाए। इसी के साथ उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूलों द्वारा किताबें एवं ड्रेस के नाम पर अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है इसे तुरंत बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि झकडी बिजली घर पर बिजली की व्यवस्था में सुधार किया जाए जिससे किसानों को राहत मिल सके। पंचायत की अध्यक्षता ओमप्रकाश द्वारा की गई तथा संचालन रणवीर सिंह द्वारा किया गया। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह, महिपाल सिंह, कमल सिंह, बाबू अली, योगेंद्र सिंह, सीता आर्य, यशपाल सिंह, कमलेश, गीता, शांति, चंद्रा, आशा, बलबीर सिंह, कैलाश आदि किसान मौजूद रहे।

### स्मार्ट मीटर विवाद के बीच डीएम को दिया प्रार्थना पत्र

**कांठ।** तहसील क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर माफी में स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर जबरन मीटर थोपने और डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। ग्राम प्रधान पति दिनेश कुमार के नेतृत्व में तहसील पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के अनुसार स्मार्ट मीटर वैकल्पिक हैं, फिर भी स्थानीय अधिकारी पुलिस बल के साथ जबरन दबाव बना रहे हैं। आरोप है कि विरोध करने पर उपभोक्ताओं को जेल भेजने और बिजली काटने की धमकी दी जा रही है। ग्रामीणों ने विशेष रूप से अनुसूचित जाति के लोगों के उत्पीड़न की बात कही है। प्रधान प्रियंका रानी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने मांग की है कि उनकी इच्छा के विरुद्ध मीटर न लगाए जाएं और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो ताकि गांव में शांति बनी रहे।

# टीएमयू में 14 अप्रैल से सजेगा फिजियोविज़न का अंतर्राष्ट्रीय मंच

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का फिजियोथेरेपी विभाग 14 अप्रैल से पहली दो दिनी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 'फिजियोविज़न 1.0 की मेजबानी करने जा रहा है। नवाचार और पुनर्वास उत्कृष्टता का संगम के मूल मंत्र के संग आयोजित होने वाली यह कॉन्फ्रेंस फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में नवाचार, अत्याधुनिक तकनीक और साक्ष्य-आधारित चिकित्सा पद्धतियों के एकीकरण को एक नई दिशा देने का प्रयास है।

आधुनिक विज्ञान और परंपरागत देखभाल के इस अनूठे संगम से रोगी के उपचार को और अधिक प्रभावी एवम् परिणामदायी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में वैश्विक दृष्टिकोण को विस्तार देने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इंग्लैंड से एड्रॉइट फिज़ियो के संस्थापक डॉ.सोहराब शर्मा,मालदीव से मालदीव नेशनल यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ रिहैबिलिटेशन साइंस से डॉ. उज़मा सय्यद और मलेशिया से फैकल्टी ऑफ मेडिसिन एंड हेल्थ साइंसेज़ के डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी से डॉ. तरुण अमलनेरकर जैसे विशेषज्ञ इस सम्मेलन की शोभा बढ़ायेंगे। फिजियोथेरेपी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. शिवानी एम कौल ने यह जानकारी साझा करते हुए कहा, इस सम्मेलन में चिकित्सा जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करेंगी। यह ऐतिहासिक आयोजन नैतिकता, सहयोग और समग्र पुनर्वास की भावना को और अधिक सशक्त करेगा।

# गैस किल्लत पर व्यापारियों का हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** गुरुवार को व्यापारी सुरक्षा फॉर्म संस्थान 74 /22 के पदाधिकारी ने हसनपुर गैस एजेंसी हसनपुर की मनमानी और गैस की होम डिलीवरी सुचारु करने और केवाईसी में हो रही दिक्कतों के समाधान के लिए कई बार शिकायत करने के बाद भी समाधान न होने के कारण व्यापारी सप्लाई इंस्पेक्टर मोहित का घेराव कर उन्हें सभी समस्याओं से अवगत कराया गया और जो भी व्यक्ति अपने गैस के कनेक्शन हसनपुर गैस एजेंसी से सचिन गैस एजेंसी पर ट्रांसफर करना चाहे उनके लिए प्रस्ताव रखा। इस पर सप्लाई इंस्पेक्टर ने कहा कि जो भी उपभोक्ता अपनी गैस ट्रांसफर करना चाहते हैं नई एजेंसी पर उनकी एक लिस्ट बनाकर मुझे दे दीजिए, उसके बाद उन्होंने आश्वासन दिया कि आज से होम डिलीवरी भी सुचारू रूप से की जाएगी। घेराव करने वालों में प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता, जिला संगठन मंत्री सचिन गुप्ता, जिला चेयरमैन पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, प्रशांत शर्मा, लोकेश अग्रवाल, कृष्ण कुमार, प्रमोद अग्रवाल, अंकित गुप्ता, राहुल गुप्ता, भारत लाल प्रजापति सहित पदाधिकारी और सदस्य रहे।


गैस की किल्लत को लेकर सप्लाई इंस्पेक्टर का घेराव करते व्यापारी।

- जो उपभोक्ता कनेक्शन बदलना चाहते हैं, उनकी सूची सौंपने के निर्देश
- सप्लाई इंस्पेक्टर ने समस्याओं के समाधान और सुचारू आपूर्ति का दिया भरोसा

## पिकअप की टक्कर से रेलवे फाटक का बूम टूटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** फाजलपुर रेलवे फाटक पर गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार पिकअप ने रेलवे बूम को टक्कर मार दी, जिससे वह क्षतिग्रस्त होकर टूट गया। घटना सुबह करीब 10:30 बजे की है, जब गेटमैन अमित कुमार गढ़वाल एक्सप्रेस को पास कराने के लिए फाटक बंद कर रहा था। तभी मंडी धनौरा की ओर से आ रही पिकअप ने बूम तोड़ दिया ।इस हादसे के कारण रेलवे यातायात और सड़क जाम की स्थिति बन गई। सुरक्षा कारणों से गढ़वाल एक्सप्रेस को धीमी गति से गुजारा गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर पहुंची आरपीएफ ने पिकअप चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**समीक्षा** अधिकारियों को वैज्ञानिक तरीके से क्रॉप कटिंग के दिए निर्देश

# मुरादाबाद डीएम ने खेत में उतरकर की क्रॉप कटिंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** रबी सीजन के अंतर्गत गेहूं की फसल की वास्तविक स्थिति और उत्पादन का आकलन करने के लिए जिला अधिकारी अनुज सिंह ने स्वयं खेत में मौजूद रहकर गेहूं की फसल की कटाई की और उपज का जायजा लिया। क्रॉप कटिंग के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता, निष्पक्षता और वैज्ञानिक तरीके से संपन्न कराई जाए। उन्होंने कहा कि फसल उत्पादन के सही आंकड़े न केवल सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सहायक होते हैं, बल्कि किसानों को मिलने वाले मुआवजे, बीमा दावों और अन्य लाभों के निर्धारण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने जिलाधिकारी को क्षेत्र में गेहूं की फसल की स्थिति, मौसम के प्रभाव और संभावित उत्पादन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष मौसम अपेक्षाकृत अनुकूल रहा है, जिससे गेहूं की फसल अच्छी स्थिति में है और उत्पादन बेहतर रहने की संभावना है। कुछ क्षेत्रों में हल्की समस्याएं जरूर सामने आई हैं, लेकिन कुल मिलाकर स्थिति संतोषजनक बताई जा रही है। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने मौके पर मौजूद किसानों से बातचीत भी की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। किसानों ने सिंचाई, खाद और समय पर भुगतान से जुड़ी कुछ समस्याएं रखीं, जिस पर डीएम ने संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता किसानों की आय बढ़ाना और कृषि क्षेत्र को मजबूत करना है। इसके लिए जरूरी है कि जमीनी स्तर पर सही आंकड़े और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में क्रॉप कटिंग का कार्य समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि किसानों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।



## मण्डलायुक्त ने कैम्प लगाकर सुनीं समस्याएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** ग्राम पंचायत गढ़ी में आयोजित ग्राम चौपाल में मंडल आयुक्त मुरादाबाद ने अधिकारियों के साथ जनता की समस्याएं सुनीं। बिजली विभाग के अधिकारियों की अधिक शिकायतें आने पर कमिश्नर ने नाराजगी जताई। गांव में कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। तहसील कांठ की ग्राम पंचायत गढ़ी में मंडल आयुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह सुबह 7:30 से पहले ही पहुंच गए। वहां उनके साथ अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और सभी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया।

# साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के गंगा आरोग्य धाम प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग केंद्र में बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष रूप से युवतियों और बालिकाओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग बनाना था।

कार्यशाला में पुलिस प्रशासन की ओर से अनीता कुमारी और नेहा चौधरी ने भाग लिया। उन्होंने योग प्रशिक्षण ले रही बालिकाओं को साइबर क्राइम के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया, ऑनलाइन फ्रॉड, फेक कॉल और लिंक जैसे माध्यमों से किस प्रकार लोग ठगी का शिकार बनते हैं और उनसे कैसे बचा जा सकता है। इस दौरान बालिकाओं को महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन, चाइल्डलाइन और एंबुलेंस सेवा शामिल हैं। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि किसी आपात स्थिति या परेशानी में खुद को सुरक्षित रखने के लिए क्या-क्या कदम उठाने चाहिए। यह कार्यक्रम 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत आयोजित किया गया, जो महिलाओं को सशक्त और जागरूक बनाने की दिशा में पुलिस प्रशासन का एक सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम के अंत में गंगा आरोग्य धाम की संचालिका डॉ. महजबी परवीन ने अनीता कुमारी को शॉल एवं गौ पुराण भेंट कर सम्मानित किया। वहीं नेहा चौधरी को पटका और गौ निर्मित दीपक देकर उनका भी सम्मान किया गया।



संपादकीय

# युद्धविराम की राहत, शांति अभी भी दूर

मध्य-पूर्व में ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच 40 दिनों से चला आ रहा संघर्ष भले ही 14 दिनों के लिए थम गया हो, किंतु यह विराम शांति का संकेत कम, बल्कि उभरते वैश्विक अविश्वास की गहराती दरारों का प्रतीक अधिक है। यह संघर्ष अब केवल भू-राजनीतिक नहीं रहा, बल्कि वैश्विक व्यवस्था के बदलते चरित्र का पटाक्षेप भी है। वास्तविक समस्या युद्ध नहीं, बल्कि उसके पीछे छिपा अविश्वास है। ईरान की शर्तें उसकी सुरक्षा और संप्रभुता की चिंता को प्रकट करती हैं, वहीं इजराइल का रुख भी उसके अस्तित्व के भय से प्रेरित है। अमेरिका की भूमिका यहां संतुलनकारी कम और रणनीतिक हितों की संरक्षक अधिक प्रतीत होती है। ऐसे में युद्धविराम केवल एक तकनीकी समाधान बनकर रह जाता है, जिसमें स्थायित्व का अभाव स्पष्ट नजर आता है। इस पूरे घटनाक्रम में कूटनीति की विश्वसनीयता भी सवालों के घेरे में है। चीन-पाक तालमेल और संयुक्त राष्ट्र की पहल ने भले ही अस्थायी राहत दी हो, लेकिन यह भी उजागर किया कि वैश्विक संस्थाएं अब निर्णायक नहीं, बल्कि सहायक भूमिका में सिमटती जा रही हैं। पाकिस्तान की मध्यस्थता पर उठते सवाल इसी अस्थिर कूटनीति की ओर संकेत करते हैं। आर्थिक दृष्टि से यह संघर्ष आधुनिक वैश्वीकरण की कमजोर नसों से पर्दा उठाता है। ऊर्जा आपूर्ति, खाद्य श्रृंखला और बाजार सब एक क्षेत्रीय तनाव से प्रभावित हो जाते हैं। भारत जैसे देश, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं, इस अस्थिरता की सीधी कीमत चुकाते हैं। युद्धविराम के बाद तेल कीमतों में आई गिरावट राहत तो देती है, लेकिन यह राहत भी अस्थायी है, क्योंकि मूल समस्या जस की तस बनी हुई है। वास्तव में यह प्रश्न केवल युद्धविराम का नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था के पुनर्संतुलन का है। जब तक राष्ट्र अपने-अपने हितों से ऊपर उठकर साझा सुरक्षा और विश्वास की नींव नहीं रखेंगे, तब तक हर युद्धविराम अगले टकराव की प्रस्तावना ही साबित होगा। दुनिया को अब शांति के लिए समझौते नहीं, बल्कि भरोसे की नई संरचना गढ़नी होगी।

# परमाणु आधारित ऊर्जा से आत्मनिर्भर भारत

आज जब भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक उभरती शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है, तब ऊर्जा सुरक्षा का प्रश्न केवल आर्थिक नहीं, रणनीतिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। पूर्व में संसाधनों व तकनीक की कमी से जूझते भारत ने जिस दूरदृष्टि के साथ अपनी ऊर्जा नीति का खाका तैयार किया, वह आज नए आयाम प्राप्त करता दिखाई दे रहा है, खासतौर पर परमाणु ऊर्जा और थोरियम आधारित संभावनाओं के संदर्भ में। स्वतंत्रता के शुरुआती वर्षों में देश के सामने दोहरी चुनौती थी, तेजी से बढ़ती जनसंख्या व सीमित ऊर्जा संसाधन। औद्योगीकरण और शहरीकरण के विस्तार के साथ ऊर्जा की मांग लगातार बढ़ती गई। कोयला और डीजल जैसे जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता न केवल महंगी साबित हुई, बल्कि पर्यावरणीय संकट को भी जन्म दिया। ऐसे में स्वच्छ, टिकाऊ और दीर्घकालिक ऊर्जा स्त्रोतों की तलाश अनिवार्य हो गई। यहीं से भारत के तीन-चरणीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की शुरुआत होती है, जिसकी परिकल्पना महान वैज्ञानिक होमी जहांगीर भाभा ने 1950 के दशक में की थी। इस योजना की विशेषता यह है कि यह भारत की भौगोलिक और संसाधन-आधारित वास्तविकताओं को ध्यान में रखकर बनाई गई थी।

आज जहां दुनिया के कई देशों के पास प्रचुर मात्रा में यूरेनियम है, वहीं भारत के पास इसका सीमित भंडार है, लगभग 2%। इसके विपरीत, थोरियम के मामले में भारत विश्व में अग्रणी है, जिसके पास लगभग 25% वैश्विक भंडार मौजूद है। तीन-चरणीय इस योजना का पहला चरण प्राकृतिक यूरेनियम आधारित प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टरों (पीएचडब्ल्यूआर) पर आधारित है, जहां बिजली उत्पादन के साथ प्लूटोनियम-239 का निर्माण होता है। दूसरे चरण में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (एफबीआर) की सहायता से इस प्लूटोनियम का उपयोग कर अधिक ईंधन तैयार किया जाता है। यही वह चरण है, जहां भारत ने हाल के वर्षों में अहम प्रगति की है। तमिलनाडु के कल्पक्कम में स्थापित 500 मेगावाट क्षमता वाला प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) इस दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ है। इसने सफलतापूर्वक 'क्रिटिकलिटी'



हासिल कर ली है, अर्थात इसमें नियंत्रित परमाणु श्रृंखला प्रतिक्रिया शुरू हो गई है। यह उपलब्धि केवल तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम है। इसके साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल होने जा रहा है, जो इस उन्नत तकनीक का व्यावसायिक उपयोग कर सकते हैं।

एफबीआर की खासियत यह है कि ये अपनी खपत से अधिक ईंधन उत्पन्न कर सकते हैं। यूरेनियम-238 को प्लूटोनियम-239 में परिवर्तित करने की प्रक्रिया न केवल ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाती है, संसाधनों के अधिकतम उपयोग को भी सुनिश्चित करती है। यही प्रक्रिया तीसरे चरण के लिए मार्ग खोलती है, जहां थोरियम-232 को यूरेनियम-233 में परिवर्तित कर दीर्घकालिक ऊर्जा उत्पादन किया जाएगा। थोरियम आधारित ऊर्जा का सबसे बड़ा लाभ इसकी प्रचुरता और अपेक्षाकृत सुरक्षित प्रकृति है। थोरियम स्वयं विखंडनीय नहीं होता, बल्कि इसे उपयोगी ईंधन में परिवर्तित करना पड़ता है, जिससे परमाणु हथियारों के प्रसार का खतरा भी कम होता है। यह रेडियोधर्मी कचरे को भी अपेक्षाकृत कम उत्पन्न करता है, जो पर्यावरणीय दृष्टि से एक बड़ी राहत है। आज भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता लगभग 8.78 गीगावाट है, जिसे आने वाले वर्षों में 22 गीगावाट से अधिक तक बढ़ाने की योजना है। सरकार ने 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए 'न्यूक्लियर एनर्जी मिशन' के तहत बड़े निवेश के साथ-साथ छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर जैसे नवाचारों पर भी काम किया जा रहा है।

हालांकि, चुनौतियां भी कम नहीं हैं। परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं की उच्च लागत, सुरक्षा से जुड़े सवाल और जनस्वीकृति जैसे मुद्दे अब भी सामने हैं। इसके अलावा, तकनीकी जटिलताओं व दीर्घकालिक निवेश की जरूरत भी इस क्षेत्र को चुनौतीपूर्ण बनाती है। लेकिन इन सबके बावजूद, भारत की स्वदेशी क्षमता और वैज्ञानिक कौशल इस दिशा में निरंतर प्रगति कर रहे हैं। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि थोरियम आधारित परमाणु ऊर्जा भारत के लिए केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि भविष्य की ऊर्जा रणनीति का आधार बन सकती है। यह न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में देश को मजबूत करेगा, बल्कि स्वच्छ और सतत विकास के लक्ष्यों को भी साकार करने में सहायक सिद्ध होगा। यदि नीति, तकनीक और जनविश्वास के बीच संतुलन कायम रखा गया, तो आने वाले दशकों में भारत वैश्विक ऊर्जा मानचित्र पर एक नई पहचान स्थापित कर सकता है। ■ राममनोहर रायकवार




- **मेष राशि**:– समय की अनुकूलता आपके पक्ष में आ चुकी है। कामकाज की स्थिति बेहतर रहेगी।मन प्रसन्न रहेगा। प्रेम संबंध बढ़िया रहेंगे।
- **वृषभ राशि**:– बुध ग्रह का सहयोग आपको मिलने जा रहा है। धन से जुड़ा हुआ कोई बड़ा काम हो सकता है। संतान से जुड़ी हुई परेशानी दूर होगी।
- **मिथुन राशि**:– समय आज दिनभर आपकी भरपूर सहायता करेगा, सारे आवश्यक काम तेजी से संपन्न करें।
- **कर्क राशि**:– चंद्रमा का छठे भाव में भ्रमण बेहद शानदार है। विरोधी पक्ष कमजोर पड़ेगा। स्वास्थ्य बढ़िया रहेगा।
- **सिंह राशि**:– चंद्रमा का पंचम भाव में गोचर आपके लिए बेहतर परिणाम लेकर आएगा। शासन से जुड़े हुए कामकाज आसानी से संपन्न होंगे।
- **तुला राशि**:– चंद्रमा का पराक्रम भाव में भ्रमण बेहद शानदार है। आपके द्वारा सोचे गए काम आसानी से संपन्न होंगे। मित्रों से लाभ मिलेगा।
- **वृश्चिक राशि**:– राशि स्वामी का पंचम भाव में भ्रमण आपके पिता और संतान के लिए बेहद लाभकारी है। शासन से जुड़ा हुआ कोई काम आसानी से होगा।
- **धनु राशि**:– समय की अनुकूलता आज पूरे दिनभर आपके पक्ष में बनी रहेगी। कामकाज की स्थिति बेहतर रहेगी।जरूरी काम शाम तक अवश्य कर लें।
- **मकर राशि**:– चंद्रमा आज आपका उतना साथ नहीं देगा जितनी कि आप अपेक्षा कर रहे हैं, बस चिंता न करें शाम से समय सामान्य होगा।
- **कुंभ राशि**:– सितारे आपके पक्ष में बने हुए हैं इसका पूरा लाभ उठाएं। रुका हुआ धन मिल सकता है और अविवाहित लोगों के विवाह के योग बन रहे हैं।
- **मीन राशि**:– चंद्रमा का दशम भाव में गोचर आपके लिए बहुत शुभ कार्य साबित होगा। माता का स्वास्थ्य ठीक होगा, प्रॉपर्टी और शेयर मार्केट में लाभ हो सकता है।
- **कन्या राशि**:– समय आज उतना बेहतर नहीं है जितनी कि आप अपेक्षा कर रहे हैं, कोशिश करें आवश्यक कार्यों को अभी न करें।

# वैश्विक संघर्ष की आंच में झुलसती अर्थव्यवस्था



मिडिल ईस्ट में एक माह से अधिक चले युद्ध ने केवल क्षेत्रीय संकट नहीं खड़ा किया, बल्कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरे का संकेत बन चुका है। ऊर्जा आपूर्ति से लेकर वित्तीय बाजारों तक, इसका असर हर स्तर पर दिखाई दे रहा है। भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था भी इससे अछूती नहीं है, जहां विकास की रफ्तार धीमी पड़ने के संकेत अब स्पष्ट रूप से उभरने लगे हैं।

मध्य पूर्व के संघर्ष ने वैश्विक आर्थिक संतुलन को गहराई से प्रभावित किया है। लगभग 40 दिनों तक चले ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच इस संघर्ष ने ऊर्जा बाजारों, व्यापारिक मार्गों और निवेश माहौल को अस्थिर कर दिया है। खासतौर पर तेल आपूर्ति और समुद्री मार्गों में बाधा ने आयात-निर्यात की लागत बढ़ा दी है, जिससे औद्योगिक उत्पादन की गति प्रभावित हुई है। ऊर्जा संकट इस पूरे परिदृश्य का सबसे संवेदनशील पहलू बनकर उभरा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ईंधन की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव ने उत्पादन लागत को बढ़ाया है, जिसका सीधा असर आम उपभोक्ता की जेब पर पड़ रहा है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं के महंगे होने से महंगाई का दबाव और गहरा हुआ है, जिससे मांग में असंतुलन पैदा हो रहा है। इसके समानांतर, खाड़ी देशों और रूस द्वारा सोने की भारी बिक्री ने भी वित्तीय बाजारों में अस्थिरता को बढ़ाया है।

**भारतीय** अर्थव्यवस्था भी, जो अब तक वैश्विक विकास की अग्रणी ताकतों में गिनी जाती रही है, इस संकट के प्रभाव से अछूती नहीं रही। जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट के संकेत मिल रहे हैं और निजी खपत कमजोर बनी हुई है। आय में दबाव और रोजगार सृजन की धीमी गति ने मांग को प्रभावित किया है। औद्योगिक गतिविधियों में सुस्ती व निवेश में कमी यह बताती है कि निजी क्षेत्र अभी भी सतर्कता बरतने के मूड में हैं। शेयर बाजारों ने भी इन परिस्थितियों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। प्रमुख सूचकांकों में उतार-चढ़ाव और निवेशकों की संपत्ति में गिरावट ने बाजार के भरोसे को कमजोर किया है। विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा बड़े पैमाने पर पूंजी निकासी ने रुपये पर दबाव बढ़ाया है, जिससे आयात महंगा हुआ है और महंगाई का जोखिम और बढ़ गया है।

**हालांकि,** हाल के दिनों में बाजार में कुछ स्थिरता के संकेत भी मिले हैं, जहां चुनिंदा क्षेत्रों में खरीदारी बढ़ी है। आईटी और मेटल सेक्टर में सुधार ने निवेशकों को आंशिक राहत दी है, पर यह स्थिरता अभी नाजुक बनी हुई है। निवेशकों की नजर अब मौद्रिक नीति और केंद्रीय बैंक के अगले कदमों पर टिकी हुई है, जो भविष्य की दिशा तय करेंगे। इस पूरे संकट की जड़ केवल बाहरी कारणों में ही नहीं है। घरेलू स्तर पर भी मांग की कमजोरी, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गति को प्रभावित कर रही है। महंगाई ने क्रय शक्ति कम की है, जबकि विनिर्माण और रोजगार सृजन अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाए हैं। यह संकेत है कि आर्थिक चुनौतियां बहुआयामी हैं और इनके समाधान के लिए समग्र दृष्टिकोण और दीर्घकालिक सुधारों की जरूरत है।

**बहरहाल,** आगे का रास्ता संतुलित नीतिगत हस्तक्षेप में निहित है। सरकार को जहां एक ओर बुनियादी ढांचे में निवेश को बनाए रखना होगा, वहीं दूसरी ओर राजकोषीय अनुशासन भी सुनिश्चित करना होगा। केंद्रीय बैंक को महंगाई नियंत्रण और विकास के बीच संतुलन बनाना होगा। साथ ही, दीर्घकालिक सुधारों जैसे ऊर्जा आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक होगा। भारत ने अतीत में कई वैश्विक संकटों का सफलतापूर्वक सामना किया है। विवेकपूर्ण नीतियों, मजबूत संस्थागत ढांचे और रणनीतिक कूटनीति के सहारे यह चुनौती भी पार की जा सकती है। लेकिन इसके लिए त्वरित निर्णय, दूरदर्शी सोच और समावेशी विकास की प्रतिबद्धता पहले से कहीं अधिक आवश्यक है। ■ धर्मेंद्र सिंह कर्ण

## जीवनशैली/प्रकृति




आज की तेज रफ्तार दुनिया में हर व्यक्ति किसी न किसी दौड़ में शामिल दिखाई देता है। समय की सुइयों के साथ कदम मिलाने की इस होड़ में हम अक्सर यह भूल जाते हैं कि जीवन केवल भागने का नाम नहीं, बल्कि ठहरकर जीने का भी नाम है। सुबह की जल्दबाजी, दिनभर की भागदौड़ और रात की थकान, इन सबके बीच सुकून जैसे कहीं खो गया है। ऐसे में ठहराव के छोटे-छोटे पल ही हमें जीवन का वास्तविक आनंद महसूस करा सकते हैं।

दरअसल, ठहराव का अर्थ रुक जाना नहीं, बल्कि खुद से जुड़ना है। यह वह क्षण होता है जब हम अपने भीतर झांकते हैं और अपने विचारों, भावनाओं और इच्छाओं को समझते हैं। एक कप चाय के साथ बालकनी में बैठकर आसमान को निहारना, किसी पुराने गीत को सुनते हुए यादों में खो जाना या फिर बिना किसी उद्देश्य के टहलना, ये छोटे-छोटे पल हमारे मन को नई ऊर्जा से भर देते हैं। यही वे क्षण हैं जो हमें जीवन के असली मायने सिखाते हैं।

### तकनीक का मानसिक शांति पर असर

आधुनिक जीवनशैली में तकनीक ने जहां सुविधाएं बढ़ाई हैं, वहीं उसने हमारी मानसिक शांति को भी प्रभावित किया है। मोबाइल स्क्रीन और सोशल मीडिया की लगातार उपस्थिति ने हमें हर पल व्यस्त बनाए रखा है। ऐसे में ठहराव के पल हमें डिजिटल शोर से दूर ले जाकर एक सुकूनभरी खामोशी से परिचित कराते हैं। यह खामोशी हमें अपनी आत्मा की आवाज सुनने का अवसर देती है, जो अक्सर भीड़ में दब जाती है।

### प्रियजनों के साथ समय बिताएं

प्रकृति भी हमें ठहराव का महत्व सिखाती है। एक बहती नदी के किनारे बैठना, पेड़ों की सरसराहट सुनना या सुबह की ताजी हवा में सांस लेना, ये सभी अनुभव हमें यह एहसास कराते हैं कि जीवन की असली सुंदरता गति में नहीं, बल्कि संतुलन में है। प्रकृति के साथ बिताए गए ये पल हमें मानसिक शांति के साथ-साथ आंतरिक संतुलन भी प्रदान करते हैं। इसके अलावा, रिश्तों में भी ठहराव की आवश्यकता होती है। अपनों के साथ समय बिताना और उनकी बातों को ध्यान से सुनना संबंधों को गहराई देते हैं। जब हम अपने प्रियजनों के साथ जुड़ते हैं, तो जीवन में सुकून अपने आप शामिल हो जाता है।

### कुछ पल का ठहराव आवश्यक

यहां यह समझना जरूरी है कि ठहराव कोई विलासिता नहीं, बल्कि आवश्यकता है। यह हमें थकान से उबारता है, हमारी सोच को स्पष्ट करता है और हमें जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देता है। यदि हम हर दिन कुछ पल खुद के लिए निकालें, तो न केवल हमारी मानसिक स्थिति बेहतर होगी, बल्कि हम अपने जीवन को भी अधिक संतुलित और सुखद बना पाएंगे। इस भागती दुनिया में ठहराव के ये छोटे पल ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं। इन्हें अपनाकर ही हम सच्चे सुकून और संतोष की अनुभूति कर सकते हैं।

धरती अनेक अद्भुत और शक्तिशाली प्राकृतिक घटनाओं से भरी हुई है, जिनमें ज्वालामुखी एक प्रमुख और रोचक घटना है। ज्वालामुखी का फटना केवल एक संयोग नहीं, बल्कि पृथ्वी के अंदर चल रही जटिल प्रक्रियाओं का परिणाम है। यह प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण तरीका भी माना जाता है।

### ज्वालामुखी क्यों फटता है?

पृथ्वी की सतह के नीचे अत्यधिक गर्मी और दबाव होता है। पृथ्वी की परतों के नीचे मैग्मा (पिघला हुआ पत्थर) मौजूद रहता है। जब यह मैग्मा बहुत अधिक गर्म होकर गैसों के साथ दबाव बनाता है, तो यह बाहर निकलने का रास्ता खोजता है। जब यह दबाव बहुत अधिक बढ़ जाता है, तो पृथ्वी की सतह पर दरार बनती है और मैग्मा लावा के रूप में बाहर निकलता है। इसी प्रक्रिया को ज्वालामुखी विस्फोट कहते हैं।

### ज्वालामुखी कहां और कैसे फटते हैं?

ज्वालामुखी मुख्यत: उन क्षेत्रों में पाए जाते हैं जहां पृथ्वी की टेक्टोनिक प्लेटें मिलती या अलग होती हैं। इन प्लेटों के किनारों पर दरारें और कमजोर स्थान होते हैं, जिससे मैग्मा आसानी से बाहर आ सकता है। विशेष रूप से रिंग ऑफ फायर (प्रशांत महासागर के चारों ओर का क्षेत्र) में दुनिया के अधिकांश ज्वालामुखी पाए जाते हैं।

### सबसे अधिक ज्वालामुखी कहां फटते हैं?

विश्व में सबसे अधिक सक्रिय ज्वालामुखी प्रशांत महासागर के किनारों पर स्थित देशों में पाए जाते हैं, जैसे जापान, इंडोनेशिया, चिली और अमेरिका का पश्चिमी तट। इंडोनेशिया को दुनिया का सबसे ज्वालामुखी-समृद्ध देश माना जाता है, जहां सैकड़ों ज्वालामुखी हैं।




### लावा से होने वाले लाभ

- ज्वालामुखी से निकलने वाला लावा केवल विनाशकारी ही नहीं होता, बल्कि इसके कई लाभ भी हैं-
- लावा ठंडा होकर उपजाऊ मिट्टी बनाता है, जिससे खेती के लिए भूमि बेहतर हो जाती है।
- कई खनिज पदार्थ (जैसे सोना, चांदी, तांबा) ज्वालामुखीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं।
- ज्वालामुखी पर्यटन का भी एक बड़ा आकर्षण होते हैं।
- नई भूमि का निर्माण भी ज्वालामुखीय गतिविधियों से होता है, जैसे द्वीपों का बनना।

### ज्वालामुखी से होने वाली हानियां

- हालांकि ज्वालामुखी के कई लाभ हैं, लेकिन इसके नुकसान भी गंभीर होते हैं-
- विस्फोट के दौरान लावा, राख और जहरीली गैसें निकलती हैं, जो मानव जीवन और पर्यावरण के लिए खतरनाक होती हैं।
- ज्वालामुखी विस्फोट से जान-माल की भारी हानि हो सकती है।
- वायु प्रदूषण बढ़ता है और जलवायु पर भी असर पड़ सकता है।
- आसपास के क्षेत्रों में जीवन पूरी तरह प्रभावित हो सकता है।

### क्या यह प्रकृति का संतुलन है?

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ज्वालामुखी पृथ्वी के आंतरिक ताप और दबाव को बाहर निकालने का माध्यम है। यह पृथ्वी के भूगर्भीय संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है। इसलिए इसे केवल एक विनाशकारी घटना नहीं, बल्कि प्रकृति की एक आवश्यक प्रक्रिया भी माना जा सकता है। ज्वालामुखी प्रकृति की एक शक्तिशाली और रहस्यमयी घटना है, प्रकृति में हर प्रक्रिया का अपना महत्व होता है। यह न केवल पृथ्वी के निर्माण और विकास में योगदान देता है, बल्कि हमें सावधानी और संतुलन का भी संदेश देता है।

# स्वस्थ पाचन के लिए सही आहार और जीवनशैली का महत्व

शरीर में भोजन का सही तरीके से पाचन होना जरूरी है, क्योंकि पाचन तंत्र की किसी भी समस्या से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। अगर पाचन तंत्र ठीक से कार्य नहीं करता, तो पेट में गैस, दर्द, खट्टी डकारें, चक्कर आना और सीने में जलन जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इसके अलावा आंतों में फंसी गैस भी सूजन और दर्द का कारण बन सकती है। अगर समय रहते इन समस्याओं का इलाज नहीं किया जाए, तो ये भविष्य में लिवर और किडनी के रोगों का कारण बन सकती हैं। शरीर को स्वस्थ और फिट रखने के लिए सही आहार और जीवनशैली का पालन करना बहुत महत्वपूर्ण है। भोजन केवल पेट भरने के लिए नहीं, बल्कि शरीर की जरूरतों को पूरा करने के लिए होता है। शुद्ध, पोषक तत्वों से भरपूर आहार और नियमित व्यायाम पाचन तंत्र को सक्रिय और स्वस्थ रखते हैं। इसके साथ ही पर्याप्त पानी पीना और ताजे फल व सब्जियां खाने से शरीर में आवश्यक पोषक तत्वों की कमी नहीं होती है। भोजन के साथ-साथ हमें दिनचर्या में संतुलन बनाए रखना चाहिए, जैसे समय पर भोजन करना, सही मात्रा में आराम करना और मानसिक तनाव को कम करना।



### फास्ट फूड से बचें

आजकल बाजारों में मिलने वाले चाऊमीन, पिज्जा, बर्गर, बटर चिकन, एवं फ्रेंच फ्राइज आदि शरीर के लिए हानिकारक हो सकते हैं। ये खाद्य पदार्थ उच्च वसा, शर्करा और कृत्रिम रसायनों से भरपूर होते हैं, जो हमारे पाचन तंत्र, किडनी और लिवर पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। इनका अत्यधिक सेवन शरीर में वसा और कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा सकता है, जिससे मोटापा, हाइपरटेंशन, और मधुमेह समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

### पोषक तत्वों को दें प्राथमिकता

हमें अपने आहार को शुद्ध और पोषक तत्वों से भरपूर बनाना चाहिए। शाकाहारी भोजन, विशेष रूप से ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज और उचित मात्रा में प्रोटीन का सेवन पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है। नियमित रूप से हल्का व्यायाम करना भी बहुत फायदेमंद होता है। जैसे कि हर सुबह पैदल चलना या योगाभ्यास करना। यह शरीर को ताजगी और ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे पूरे दिन की सक्रियता बनी रहती है। अगर हम अपने आहार और जीवनशैली में बदलाव लाते हैं और स्वच्छता का पालन करते हैं, तो न केवल पाचन तंत्र सही रहेगा, बल्कि हम कई गंभीर बीमारियों से भी बच सकते हैं। इसलिए हमें अपने खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

CMYK

## 17 वर्षीय दृष्टिबाधित भारतीय तैराक ने

# रचा इतिहास

- 11 घंटे 15 मिनट में तय की 38 किलोमीटर की यात्रा

**नागपुर (एजेंसी)।** कहते हैं कि दृढ़ संकल्प एक ऐसी शांत शक्ति है जो बाधाओं को मील के पत्थरों में बदल देती है और असंभव को संभव बना देती है. नागपुर की 17 वर्षीय दृष्टिबाधित तैराक ईश्वरी पांडे ने पाक स्ट्रैट को तैरकर सफलतापूर्वक पार करके इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है. वह दुनिया की पहली ऐसी दृष्टिबाधित तैराक बन गई हैं जिन्होंने यह कारनामा कर दिखाया है।

### 11 घंटे 15 मिनट तक तैरना



जन्म से ही दृष्टिबाधित ईश्वरी ने श्रीलंका के तलाईमन्नार से अपनी तैराकी शुरू की और भारत के धनुषकोडी (तमिलनाडु) तक की 38 किलोमीटर की यात्रा 11 घंटे 15 मिनट में पूरी की. उन्होंने 6 अप्रैल को सुबह करीब 4 :00 बजे उरमालाई पॉइंट के पास पानी में प्रवेश किया और 7 अप्रैल की दोपहर 3 :15 बजे धनुषकोडी स्थित अरिचलमुनाई पहुंचीं।

**कई प्रकार की चुनौतियों का किया सामना–** इस अभियान को पूरा करने के लिए उन्हें समुद्र की तेज धाराओं, बदलते ज्वार-भाटा, भारी बारिश और तेज हवाओं का सामना करना पड़ा. उन्होंने जेलीफिश और शार्क जैसे खतरनाक समुद्री जीवों के बीच से भी रास्ता बनाया, जो इस उपलब्धि को और भी अधिक उल्लेखनीय बनाता है।

### प्रकृति ने भी उनकी खूब परीक्षा ली

ईश्वरी के कोच संजय बटवे ने अपनी शिष्या द्वारा बनाए गए विश्व रिकॉर्ड पर प्रसन्नता व्यक्त की. उन्होंने कहा कि ईश्वरी का यह कारनामा सचमुच तारीफ के काबिल है. इस मिशन के दौरान उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा. प्रकृति ने भी उनकी खूब परीक्षा ली. बारिश, हवा और तेज लहरों की वजह से उन्हें काफी तकलीफ उठानी पड़ी. इसी वजह से, इस कार्यक्रम की शुरुआत चार घंटे देर से हुई. आखिरकार, श्रीलंकाई सरकार से हरी झंडी मिलने के बाद, ईश्वरी सुबह 4 बजे तलाईमन्नार जेटी से समुद्र में कूद गईं।

कई लोगों का सहयोग और ईश्वरी की महानता

नागपुर के अनुभवी तैराकों की एक टीम ईश्वरी के साथ 'पेस स्विमर' (गति बनाए रखने वाले तैराक) के तौर पर मौजूद थी, जिसमें ईशान पांडे, रविंद्र तरारे, भावी राजगिरे, संदीप वैद्य, शंकर अष्टनकर, विलास फाले और डॉ. नीरव पांड्या शामिल थे. सहायता टीम में चिकित्सा दल के सदस्य के रूप में डॉ. अभय राजगिरे भी शामिल थे.राष्ट्रीय कोच विजयकुमार इस दौरान पर्यवेक्षक के तौर पर मौजूद थे. तमिलनाडु जिला तैराकी संघ के जयकुमार और अंतरराष्ट्रीय ओपन-वॉटर तैराक सुखदेव धुर्वे भी इस अभियान के दौरान उपस्थित थे।

जन्म से ही दोनों आँखों से दृष्टिहीन ईश्वरी ने, ओपन वॉटर तैराकी प्रतियोगिताओं में लगातार अपनी क्षमता साबित की है. ईश्वरी की यह उपलब्धि दृढ़ संकल्प और लगन का एक बेहतरीन उदाहरण है।



# 2026 में सबसे लंबे छक्के मारने वाले टॉप-5 बल्लेबाज

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का 14वां मैच आज दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटन्स के बीच खेला जाना है. हर मैच में छक्कों की बरसात होती है. पिछले ही मैच में कुल 15 छक्के लगे थे. जिसमें मुंबई और राजस्थान आमने सामने थे. इससे पहले आरसीबी और सीएसके के मैच में कुल 30 छक्के लगे थे. इस मैच में कुल 14 अलग-अलग बल्लेबाजों ने कम से कम एक-एक छक्का लगाया।

जिसके बाद फैंस के मन में अब ये सवाल उठ रहे हैं कि अब खेले गए मैच में सबसे लंबा छक्का किस बल्लेबाज ने लगाया है? इसलिये इस प्रश्न का जवाब देने के लिए हम इस कॉपी में उन पांच बल्लेबाज के बारे में बताने वाले हैं, जो अब तक सबसे लंबे छक्के लगाने वालों की सूची में शामिल हैं।

### लिस्ट में आरसीबी का जलवा जारी

**आईपीएल 2026 का सबसे लंबा छक्का–** आईपीएल 2026 में खेले गए अब तक के मैचों में सबसे लंबा छक्का मारने का नाम आरसीबी के टिम डेविड के नाम है. उन्होंने चेन्नई के खिलाफ 5 मार्च को 106 मीटर लंबा छक्का जड़ा था, जो एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर चला गया था. उसके बाद इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर पंजाब किंग्स के कूपर कोनोली हैं. उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 103 मीटर का गगनचुंबी छक्का जड़ा था. तीसरे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के अनिकेत वर्मा हैं. उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 100 मीटर का सिक्स जड़ा था. लिस्ट में चौथे और पांचवें नंबर पर आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार हैं. जिन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 94 और 92 मीटर का छक्का जड़ा था। बता दें कि आईपीएल 2026 के पॉइंट्स टेबल में अभी राजस्थान रॉयल्स 3 मैच में से तीन जीत के साथ टॉप पर है. पंजाब तीन मैच में दो जीत और एक मैच रद्द होने से 5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है. जबकि आरसीबी दो मैच में दो जीत के साथ 4 अंक लेकर तीसरे नंबर पर है. वहीं ऑरेंज कैप यशस्वी जायसवाल के नाम है।

**टॉप-5 बल्लेबाज**

1- टिम डेविड (आरसीबी) 106 मीटर
2- कूपर कोनली (पीबीकेएस) 103 मीटर
3- अनिकेत वर्मा (एसआरएच) 100 मीटर
4- रजत पाटीदार (आरसीबी) 94 मीटर
5- रजत पाटीदार (आरसीबी) 92 मीटर

### सीएम धामी ने किया 25वीं एआईपीडब्ल्यूएससी प्रतियोगिता का वर्चुअली शुभारंभ

# 440 खिलाड़ी दिखाएंगे दम

### 19 टीमों ले रही हिस्सा

### राज्य को पहली बार मिली मेजबानी

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में पहली बार 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स क्लस्टर चैंपियनशिप का शंखनाद हो गया। बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी गढ़वाल के वाटर स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर इंस्टीट्यूट में आयोजित इस प्रतियोगिता का वर्चुअली उद्घाटन किया। इस मौके पर सीएम ने देश के अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए पुलिस व अर्धसैनिक बलों के खिलाड़ियों और अधिकारियों का देवभूमि में स्वागत किया।

राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन से साबित हुआ, हम तैयार हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया मूवमेंट' का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में अब खेल संस्कृति मजबूत हो रही है।

उन्होंने याद दिलाया कि उत्तराखंड ने हाल ही में 38वें राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन किया है। इससे स्पष्ट है कि देवभूमि अब 'खेलभूमि' के रूप में भी तेजी से उभर रही है। राज्य में आधुनिक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है ताकि भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा सकें।



### 19 टीमों के 440 से ज्यादा खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

चैंपियनशिप में देशभर की 19 टीमों के 440 से ज्यादा महिला और पुरुष खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। ये खिलाड़ी कैनोइंग, रोइंग और कयाकिंग की विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। सीएम धामी ने अखिल भारतीय पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड का आभार जताते हुए कहा कि यह उत्तराखंड के लिए बेहद गर्व का विषय है कि राज्य को पहली बार इस राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी मिली है। ऐसे आयोजनों से राज्य को साहसिक खेलों (एडवेंचर स्पोर्ट्स) और पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी।

### कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

उद्घाटन के इस खास अवसर पर टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष (टिहरी) इशिता सजवान, नगर पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत, विशेष प्रमुख सचिव (खेल) अमित सिन्हा, एडीजी आईटीबीपी संजय गुंज्याल, आईजी (नॉर्दन फ्रंटियर आईटीबीपी) मनु महाराज, आईजी (सीआरपीएफ) दिनेश उनियाल, आईजी (आईटीबीपी एकेडमी) गिरीश चंद्र उपाध्याय, जिलाधिकारी नीतिका खण्डेलवाल और एसएसपी श्वेता चौबे समेत कई अधिकारी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।0

### आपदा प्रबंधन और रेस्क्यू में मददगार हैं वाटर स्पोर्ट्स


खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा, कानून व्यवस्था और जनता का विश्वास बनाए रखने में हमारे जवानों की अहम भूमिका होती है, इसलिए उनका शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहना जरूरी है। खेल न केवल फिटनेस बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन और मुश्किल हालात में काम करने की क्षमता भी विकसित करते हैं। सीएम ने एक अहम बात यह भी कही कि वाटर स्पोर्ट्स जैसे खेल आपदा प्रबंधन, बाढ़ राहत, नदी बचाव और तटीय सुरक्षा में काफी उपयोगी साबित होते हैं। इन खेलों की दक्षता आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षक बनती है।

# हार पर हार्दिक ने कहा हम गेंदबाजों के कारण हारे

### वैभव के खेल में निडरता दिखती है

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने राजस्थान रॉयल्स से मिली 27 रनों की हार की जिम्मेदारी गेंदबाजों पर डाल दी. मैच के बाद उन्होंने कहा कि गेंदबाजों ने राजस्थान रॉयल्स के ओपनर्स को खुलकर खेलने का मौका दिया, जिसकी बदौलत राजस्थान ने गुवाहाटी में बारिश से प्रभावित 11-11 ओवर के मैच में 150/3 का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया. जवाब में मुंबई की टीम 11 ओवर में 123/9 रन ही बना सकी।

### 'मैं बल्लेबाजी पर दोष नहीं डालूंगा'



मैच के बाद की प्रस्तुति में पांड्या ने कहा, 'हमने वैसी गेंदें नहीं डालीं जैसी हमें डालनी चाहिए थीं. उन्होंने (राजस्थान) बहुत अच्छा खेला. गेंदबाजों को जिम्मेदारी लेनी होगी. एक गेंदबाजी ग्रुप के तौर पर, हम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए।'

उन्होंने आगे कहा, 'मैं बल्लेबाजी पर दोष नहीं डालूंगा. निश्चित रूप से यह गेंदबाजी यूनिट की गलती थी, जिसे जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी. बात हमेशा अच्छी गेंदें डालने की होती है. अगर हमने सही गेंदें डाली होती, तो हम मैच में बने रहते. उनके ओपनर्स ने हमें हमारे खेल से भटका दिया और हम बस उनके पीछे-पीछे भागते रह गए और मैच में पिछड़ गए।' राजस्थान रॉयल्स के टीनएज बैटिंग सेंसेशन, वैभव सूर्यवंशी के बारे में पूछे जाने पर पांड्या ने कहा, '17 या 16 साल के लड़के (वैभव) को इस तरह खेलते देखना काफी दिलचस्प है. जिस तरह से वह बैटिंग करता है, उसमें जो निडरता है, उसे देखना कमाल का है. मैं उसके भविष्य के लिए उसे शुभकामनाएं देता हूं।'

हार्दिक पांड्या द्वारा पहले फील्डिंग चुनने के बाद, मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी यूनिट परिस्थितियों का फायदा उठाने में नाकाम रही. जिसका नतीजा ये निकला कि राजस्थान के यशस्वी जायसवाल (32 गेंदों पर 77 रन नाबाद) और वैभव सूर्यवंशी (14 गेंदों पर 39 रन) ने छक्कों की बारिश कर दी और 3.2 ओवर के पावर-प्ले में ही 56 रन ठोक डाले।

## राजस्थान ने मुंबई को बुरी तरह हराया

# वैभव सूर्यवंशी परीक्षा में पास

**गुवाहटी (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियन को 27 रनों से हराकर सीजन में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की. बारिश से बाधित मैच को 11-11 ओवर का खेला गया. टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने वैभव के 14 गेंद में 39 और जायसवाल के 32 गेंद में 77 रनों की बदौलत 3 विकेट खोकर 150 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया. जवाब में मुंबई की टीम को वैसी शुरुआत नहीं मिली, जैसी राजस्थान को वैभव और जयसवाल ने दी, जिसकी वजह से वो 11 ओवर में 9 विकेट खोकर 123 रन ही बना सके और 27 रनों से मैच हार गए।

**राजस्थान की शानदार गेंदबाजी–** राजस्थान की शानदार गेंदबाजी के सामने मुंबई का टॉप ऑर्डर पुरी तरह से फ्लॉप रहा। रोहित 5, रिकल्टन 8, सूर्या 6, हार्दिक 9 और तिलक 14 रन ही बना सके। इसके अलावा नमन धीर और इम्पैक्ट प्लेयर रेदरफोर्ड ने 25-25 रनों की कुछ अच्छी पारी खेली. जिससे मुंबई 100 के पार पहुंच सका और हार के अंतर को कुछ कम किया. राजस्थान की तरफ से बर्गर, बिश्नोई और संदीप को 2-2 विकेट मिले, जबकि तुषार और आर्चर को एक-एक विकेट मिला।



### वैभव और जायसवाल मुंबई के गेंदबाजों जमकर धुना

इससे पहले वैभव और जयसावाल ने शानदार शुरुआत करके राजस्थान के लिए बड़े स्कोर की नीव रखी. वैभव सूर्यवंशी ने 14 गेंद में 39 रन बनाए, जिसमें 1 चौका और 5 छक्के शामिल थे. खास बात ये है कि उन्होंने दो छक्के जसप्रीत बुमराह को और एक छक्का ट्रेंट बोल्ट को भी लगाया. वहीं जायसवाल 32 गेंद में 77 रन बनाकर नाबाद रहे. उन्होंने अपनी पारी के दौरान 10 चौके और 4 छक्के लगाए. इस पारी की वजह से उनको प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी दिया गया।

### राजस्थान ने अपने रिकॉर्ड की बराबरी की

राजस्थान रॉयल्स ने अपनी ही सबसे तेज टीम फिफ्टी रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 2.4 ओवर में 50 रन पूरे किए। इससे पहले भी राजस्थान ने 2023 में 2.4 ओवर में ही कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ फिफ्टी लगाई थी। सबसे तेज टीम फिफ्टी का रिकॉर्ड रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के नाम है, जिन्होंने 2011 में कोच्चि टस्कर्स केरल के खिलाफ 2.3 ओवर में 50 रन बनाए थे।

### 19 या उससे कम उम्र में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बैटर

वैभव सूर्यवंशी 19 साल या उससे कम उम्र में ढ्ढक्कमें सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 10 पारियों में 35 सिक्स लगाए हैं। इस मामले में उन्होंने ऋषभ पंत (30) और ईशान किशन (30) को पीछे छोड़ा।

# मुनाफावसूली से सोना और चांदी धड़ाम, निवेशकों में छाई अनिश्चितता; जानिए सर्राफा बाजार की चाल

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक अनिश्चितता और अमेरिका-ईरान के बीच कमजोर सीजफायर का सीधा असर अब भारतीय सराफा बाजार पर दिखने लगा है। निवेशकों द्वारा की गई भारी मुनाफावसूली के कारण गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने और चांदी दोनों कीमती धातुओं की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इस वैश्विक उथल-पुथल ने बाजार की भावनाओं को कमजोर कर दिया है, जिससे वैश्विक और घरेलू स्तर पर नई चिंताएं सामने आ रही हैं।

'ऑल इंडिया सरार्फा एसोसिएशन' के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में चांदी की कीमत 7,800 रुपये या 3.10 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 2.43 लाख रुपये (2,43,200 रुपये) प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। बुधवार को कारोबारी सत्र के दौरान इसका बंद भाव 2.51 लाख रुपये (2,51,000 रुपये) प्रति किलोग्राम था। इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने के भाव में भी 1,500 रुपये या लगभग 1 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। इस गिरावट के बाद सोने की कीमतें 1.54 लाख रुपये (1,54,900 रुपये) प्रति 10 ग्राम पर आ गई हैं, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1.56 लाख रुपये (1,56,400 रुपये) प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बता दें कि इन सभी कीमतों में सभी कर शामिल हैं।

बाजार विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर छाई अनिश्चितता ने निवेशकों की धारणा को बुरी तरह प्रभावित किया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने स्पष्ट किया कि निवेशकों द्वारा पश्चिम एशिया में इस नाजुक सीजफायर का पुनर्मूल्यांकन करने के कारण ही सोने की कीमतों में पिछले सत्र की बढ़त खत्म हो गई। उन्होंने यह भी बताया कि रुक-रुक कर हो रही लड़ाई, होर्मुज जलडमरूमध्य के फिर से खुलने पर संशय, टैंकरों की आवाजाही रुकने और सीजफायर उल्लंघन की लगातार आ रही खबरों ने बाजार के सेंटिमेंट पर भारी दबाव डाला है। इसके कारण ऊर्जा की बढ़ती कीमतों और महंगाई को लेकर चिंताएं एक बार फिर से उभरने लगी हैं। मिरे एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने भी लेबनान में जारी संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अनिश्चितता का जिक्र करते हुए सीजफायर को बेहद कमजोर करार दिया है।

# फायर या सीजफायर? जंग पर असमंजस बढ़ने से फिर टूटा बाजार, जानें सेंसेक्स-निफ्टी का हाल

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पांच दिनों से जारी बढ़त का सिलसिला गुरुवार को टूट गया। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन सेंसेक्स 931.25 (1.20%) अंक टूटकर 76,631.65 के स्तर पर आ गया। दिन के दौरान इसमें 1,215 अंक या 1.56 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 76,347.90 पर पहुंच गया। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 222.25 (0.93%) अंकों की गिरावट के साथ 23,775.10 के स्तर पर कारोबार करते हुए बंद हुआ। इस दौरान एलएंडटी और जियो फाइनेंस जैसे शेयरों में तीन-तीन प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बाजार में गिरावट का सबसे बड़ा कारण पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर स्थिति का साफ न होना रहा।

अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच सीजफायर के एलान के बावजूद दोनों पक्षों की ओर से तनातनी भरे बयान आए। लेबनान पर इस्राइल के हमलों के जवाब में ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से बंद करने के बाद युद्धविराम समझौता खतरे में दिखाई देने लगा। इससे निवेशकों के बीच अनिश्चितता बढ़ गई और इसका असर प्रमुख सूचकांकों के प्रदर्शन पर पड़ा।एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुझान, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी निधियों की निरंतर निकासी ने भी घरेलू बाजार में निवेशकों को चिंतित कर दिया।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से इंटरग्लोब एविएशन, लार्सन एंड टुब्रो, एटर्नल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं।भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं।

# बेमौसम बारिश से गेहूं की फसल बर्बाद, डीएम ने खेतों में पहुंचकर किया निरीक्षण

## जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने अधीनस्थों को दिए उचित कार्यवाही करने के लिए निर्देश

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** जनपद में हाल ही में हुई बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की तैयार खड़ी गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। कई स्थानों पर फसल जमीन पर गिर गई है तथा जलभराव के कारण उत्पादन और गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है, जिससे किसानों को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने न्यूरिया क्षेत्र सहित विभिन्न प्रभावित गांवों का दौरा कर खेतों में पहुंचकर फसलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और नुकसान का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपालों को निर्देश दिए कि गेहूं की फसल में हुए नुकसान का त्वरित एवं निष्पक्ष आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर उचित मुआवजा मिल सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राहत कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही डीएम ने अधिकारियों को गेहूं क्रय केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुचारू रखने के निर्देश दिए, ताकि किसानों का गेहूं समर्थन मूल्य पर बिना किसी बाधा के खरीदा जा सके और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी और सही आकलन के आधार पर उन्हें पूरा मुआवजा दिलाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, उप जिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। किसानों को अब प्रशासन से उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें हुए नुकसान की भरपाई के लिए राहत मिल सकेगी।


बारिश से हुई गेहूं की फसल की तबाही का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह

# बिलसंडा के गांव सिमरोली में चारागाह की 58 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा, लहलहा रही गेहूं की फसल

## ग्राम पंचायत सदस्य की शिकायत पर हुआ था धांधली का भंडाफोड़

**››› डीएम संजय सिंह के तबादले के बाद जिम्मेदारों ने नहीं की कोई कार्रवाई**
**››› चारागाह की जमीन के अवैध पट्टों का खुलासा होने पर मची थी खलबली**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलसंडा, पीलीभीत।** गांव सिमरोली में चारागाह की 58 एकड़ जमीन पर मौजूदा वक्त में गेहूं की फसल लहलहा रही है। शिकायत के बावजूद प्रशासन ने अभी तक कब्जे दारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। पिछले वर्ष शिकायत के दौरान डीएम ने दो दिन के अंदर रिपोर्ट तलब की थी, परंतु 1 वर्ष से अधिक का समय गुजर जाने के बाद भी मामले में कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई, जबकि मौजूदा वक्त में फिर से उन्हीं खेतों में गेहूं की फसल लहलहा रही है। बता दें कि गांव सिमरोली में 58 एकड़ चारागाह की जमीन के राजस्व प्रशासन द्वारा पहले पट्टे किए गए और बाद में भूमिधरी कर श्रेणी वन में दर्ज कर दी गई। इसके बाद खरीद फरोख्त का खेल शुरू हुआ। लोगों ने जमीन को बेचना शुरू कर दिया, लेकिन प्रशासन की नजर तब भी नहीं गई ।यही वजह रही कि जमीन की बिक्री होने के बाद आसानी से दाखिल खारिज होने का भी दौर शुरू हो गया। यह तो अच्छा हुआ कि ग्राम पंचायत करेली के सदस्य कृष्ण कुमार शर्मा ने गत वर्ष बीसलपुर तहसील दिवस में डीएम के समक्ष पेश होकर शिकायत की, तब कहीं जाकर मामले का भंडाफोड़ हुआ। उन्होंने साक्ष्य समेत की गई शिकायत में कहा कि ग्राम पंचायत सिमरोली में चारागाह की कुल 66 एकड़ जमीन है। इसमें से 58 एकड़ जमीन का अनाधिकृत रूप से राजस्व प्रशासन द्वारा कुछ लोगों के नाम पट्टा कर दिया गया। बाद में पटटे की जमीन को भूमिधरी कर दिया गया। इसके बाद खरीद फरोख्त का खेल शुरू हुआ, और जमीन की बिक्री होने के बाद दाखिल खारिज भी होती गई। ग्राम पंचायत सदस्य ने सीएच 45( चकबंदी के समय के दस्तावेजों) को साक्ष्य के साथ डीएम के समक्ष पेश किया, जिसे देख वह भी देख कर दंग रह गए थे। क्योंकि मौजूदा वक्त में छुट्टा गोवंश को लेकर सरकार का सख्त निर्देश है कि जहां भी सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे हों, उसे कब्जा मुक्त कराकर गोवंश को आश्रय देने के लिए गौशालाएं बनवाई जाएं। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा कि 66 एकड़ में से 58 एकड़ का गलत तरीके से पट्टा किया गया, जबकि 8 एकड़ जमीन अभी भी खाली पड़ी है। उन्होंने कहा कि इस जमीन पर बृहद गौशाला बनाने के साथ ही शेष जमीन पर चारे की बुवाई भी कराई जा सकती है, जिसे आसपास की गौशालाओं के लिए भी आसानी से मुहैया कराई जा सकती है। बताते हैं कि चारागाह की जमीन को खुर्द-बुर्द किए जाने के इस खेल में राजस्व प्रशासन की सबसे अधिक लिप्तता रही है। मौजूदा वक्त में इस जमीन पर लोग धड़ल्ले से धान गेहूं की फसल कर रहे हैं। जबकि चारागाह की जमीन के पट्टे नहीं किए जा सकते। बावजूद इसके जिला प्रशासन ने जब गांव में वृहद गौशाला बनवाए जाने के लिए राजस्व प्रशासन से प्रस्ताव मांगा, तो हीलाहवाली करते हुए रिपोर्ट दी गई। बताते हैं कि इस खेल के उजागर होने पर तत्कालीन डीएम संजय सिंह द्वारा एसडीएम नागेंद्र पांडेय से 2 दिन के अंदर रिपोर्ट तलब की थी। ताकि बड़े पैमाने पर खुर्द-बुर्द की गई चारागाह की इस जमीन के मामले में जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो सके। परंतु 1 वर्ष से अधिक का समय गुजर जाने के बाद भी अभी तक कोई भी अधिकारी जांच करने गांव नहीं पहुंचा, जबकि खेतों में खड़ी गेहूं की फसल लहलहा रही है।

# 12 सौ विस्थापित परिवार के भूमिधरी अधिकारी में बाधा बना भूमि विवाद

## स्थिति स्पष्ट न होने से चंदिया हजारा सहित करीब 12 सौ परिवार चिंतित , पहले चरण में जिले के 1466 विस्थापित बंगाली परिवारों को मिला है जमीन पर मालिकाना हक

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** पहले चरण में जिले के 1466 विस्थापित बंगाली परिवारों को जमीन पर मालिकाना हक मिला है। ऐसे में उनके चेहरे खिल गए हैं लेकिन चंदिया हजारा सहित करीब 12 सौ परिवारों की स्थिति स्पष्ट न होने से वह चिंतित है। माना जा रहा है इन परिवारों को आवंटित भूमि वन विभाग व अन्य विभागों से विवादित है। फिलहाल विस्थापित परिवारों ने भूमि विवाद समाप्त कर मालिकाना हक दिलाने की मांग की है। वर्ष 1964 से लेकर 1971 में बंग्लादेश विभाजन के वक्त विस्थापित परिवारों को तत्कालीन सरकार द्वारा पीलीभीत जिले में बसाया गया था। उनके रहने और खेती किसानी कर जीवन यापन करने के लिए जमीन आवंटित की गई थी। वर्ष 1971 के बाद भी विस्थापितों का आना-जाना लगा रहा। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा में भी करीब पांच सौ विस्थापित परिवारों को कृषि भूमि पर पुर्नवासित कर बसाया गया था। उस वक्त तीन सौ परिवारों को तीन-तीन और 128 परिवारों को ढाई-ढाई एकड़ जमीन दी गई थी जो वन विभाग से हस्थ्तांतरित की गई थी लेकिन अमल दरामद राजस्व विभाग में नहीं कराया गया। इससे विस्थापित परिवारों को भूमि पर मालिकाना अधिकार अब तक नहीं मिला है। इससे वह तमाम सरकारी योजनाओं से वंचित हैं। वहीं विस्थापित परिवारों में से 13 परिवार ऐसे भी बताए जा रहे हैं जिनको अब तक पुर्नवासन योजना का लाभ नहीं मिल सका है। यह परिवार जैसे-तैसे गुजर बसर रहे हैं। हाल ही में प्रदेश सरकार की कैबिनेट की बैठक में जिले के 1466 परिवारों को जमीन का भूमिधरी अधिकार मिला। इसे सुन परिवारों के चेहरे खिल उठे लेकिन शेष परिवारों की स्थिति स्पष्ट न होने से वह मायूस हैं। विस्थापति परिवारों के कुछ लोगों का कहना है कि दशकों से जमीन पर मालिकाना हक की मांग उठ रही है सुनवाई हुई लेकिन सभी परिवारों को जमीन पर मालिकाना हक नहीं मिला है।

> जिले के करीब 26 सौ विस्थापित परिवारों में से शासन से पहले चरण में करीब 14 सौ विस्थापित परिवारों को जमीन पर मालिकाना हक मिला है। जबकि चंदिया सहित सहित करीब 12 सौ परिवार ऐसे हैं जिनको आवंटित भूमि वन विभाग या अन्य विभागों से विवादित है। इसलिए इन परिवारों की स्थिति स्पष्ट नहीं है। भूमि विवाद समाप्त कर इन सभी परिवारों को भी भूमिधरी अधिकार दिलाया जाए।
>
> **- वासुदेव कुंडू**
> **प्रधान, चंदिया हजारा**

# भाजपा स्थापना दिवस पर गांव चलो अभियान

## शिव मंदिर परिसर में चला सफाई अभियान

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**अमरिया, पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिले भर में ह्यगांव चलोह्व अभियान उत्साह के साथ चलाया गया। इसी क्रम में तहसील अमरिया के ग्राम फरदिया माधौपुर स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर परिसर में भव्य सफाई अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा के ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह और अमरिया मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार कश्यप ने किया। इस अभियान में सेक्टर प्रभारी राजेंद्र वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। अभियान के तहत मंदिर परिसर की व्यापक साफ-सफाई की गई। घास-झाड़ियों को हटाया गया, कचरे का निस्तारण किया गया तथा परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का कार्य किया गया। सभी ने मिलकर श्रमदान कर मंदिर को स्वच्छ और आकर्षक रूप प्रदान किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वच्छता का संदेश देते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।


बीजेपी स्थापना दिवस के मौके पर मंदिर में सफाई करते भाजपाई

# किसान पहचान पत्र अनिवार्य, बिना फार्मर आईडी नहीं मिलेगा योजनाओं का लाभ

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** किसानों के लिए फार्मर आईडी (किसान पहचान पत्र) अनिवार्य कर दी गई है। जिला कृषि अधिकारी नरेन्द्र पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अब उर्वरक, बीज, कीटनाशक, कृषि यंत्र, पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ केवल फार्मर आईडी धारक किसानों को ही मिलेगा। उन्होंने बताया कि जनपद के करीब 20 प्रतिशत किसानों ने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है। ऐसे सभी किसानों को 30 अप्रैल 2026 से पहले अपनी फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य है। इसके लिए 6 अप्रैल से 15 अप्रैल तक ग्राम स्तर पर कैंप लगाए जा रहे हैं, जहां किसान आसानी से पंजीकरण करा सकते हैं। इसके अलावा जनसेवा केंद्रों के माध्यम से भी फार्मर आईडी बनवाई जा सकती है। जिला कृषि अधिकारी ने स्पष्ट किया कि 1 मई 2026 से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल क्रय सहित विभिन्न विभागों–कृषि, उद्यान, सिंचाई, सहकारिता, पशुपालन, मत्स्य आदि की योजनाओं का लाभ भी केवल उन्हीं किसानों को मिलेगा, जिनके पास किसान पहचान पत्र होगा। किसानों से अपील की गई है कि वे समय रहते अपनी फार्मर आईडी बनवाकर योजनाओं के लाभ से वंचित होने से बचें।

# जिला उद्यान विभाग ने किसानों को फसलों की विशेष देखभाल के दिए टिप्स

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** बदलते मौसम और बढ़ती आद्रता के चलते जनपद में आम, लीची व शाकभाजी की फसलों पर कीट एवं रोगों का खतरा बढ़ गया है। जिला उद्यान विभाग ने किसानों को फसलों की विशेष देखभाल करने और समय रहते आवश्यक प्रबंधन अपनाने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार अप्रैल माह में आम के बागों में टिकोले बनने के समय मिलीबग, भुनगा (लीफ हॉपर) व थ्रिप्स जैसे कीटों का प्रकोप बढ़ सकता है, जिससे फसल को नुकसान होने की आशंका रहती है। किसानों को नियमित निगरानी रखने, चिपचिपे ट्रैप लगाने तथा आवश्यकता अनुसार कीटनाशकों का छिड़काव करने की सलाह दी गई है। वहीं एन्थ्रेक्नोज जैसे फफूंद जनित रोग से बचाव के लिए भी उचित दवाओं के प्रयोग पर जोर दिया गया है। लीची में ह्यलौंग अवस्थाह्व के दौरान फल झड़ने का खतरा अधिक रहता है, जिसे नियंत्रित करने के लिए संतुलित सिंचाई और आवश्यक छिड़काव की सलाह दी गई है। इसके अलावा टमाटर व कद्दूवर्गीय फसलों में झुलसा व फफूंद रोग से बचाव के उपाय भी बताए गए हैं। उद्यान विभाग ने किसानों से अपील की है कि कीटनाशकों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें और सुरक्षा उपायों का पालन करें। अधिक जानकारी के लिए किसान जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, पीलीभीत से संपर्क कर सकते हैं।

# नई बस्ती स्कूल के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

## लोगों को बच्चों का स्कूल में दाखिला कराने के लिए किया प्रेरित

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** एक अप्रैल से शुरू हुए नए शैक्षिक सत्र के बाद से लोगों को जागरूक कराने के उद्देश्य से परिषदीय स्कूलों द्वारा रैली निकाली जा रही है। गुरुवार को नगर के नई बस्ती के प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालकर अभिभावकों को नौनिहालों को रोजाना स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता रैली का शुभारंभ झंडी दिखाकर किया गया। यह रैली पूरनपुर देहात क्षेत्र की गलियों में घूमी। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं स्कूल चलो अभियान, पढ़ी-लिखी लड़की रोशनी घर की, आधी रोटी खाएंगे स्कूल जरूर जाएंगे, शिक्षा है अनमोल रतन पढ़ने का करें जतन आदि के नारे लगाते हुए चल रहे थे। जन सामान्य को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। रैली में नारो के माध्यम से बताया गया कि प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती में उच्च कोटि की शिक्षा के साथ-साथ प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा शिक्षा प्रदान की जाती है। प्रत्येक छात्र को निशुल्क यूनिफॉर्म एवं कॉपियों क्रे लिए शासन से आर्थिक सहायता दी जाती है। बच्चों व शिक्षकों ने अपने छह से 14 से साल के बच्चों को स्कूल में दाखिला कराकर उनका भविष्य उज्ज्वल बनाने की अपील की। रैली में इंचार्ज शिक्षक रोहित मिश्र सहित स्कूल का समस्त स्टाफ और बच्चे शामिल रहे।


प्राथमिक स्कूल नई बस्ती के बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली

# गेहूं खरीद व्यवस्था के लिए तीन मंडियों में नोडल अधिकारी तैनात


**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं खरीद को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने जनपद की प्रमुख मंडियों में नोडल अधिकारियों की तैनाती की है। नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को पीलीभीत मंडी, उप जिलाधिकारी न्यायिक बीसलपुर लाल सिंह यादव को बीसलपुर मंडी तथा जिला खाद्य विपणन अधिकारी विजय कुमार को पूरनपुर मंडी का नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि नामित अधिकारी प्रतिदिन अपनी-अपनी मंडियों में उपस्थित रहकर टोकन व्यवस्था के अनुसार किसानों के गेहूं की खरीद सुनिश्चित कराएं। साथ ही दैनिक समीक्षा बैठक कर खरीद प्रक्रिया की निगरानी करें और प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। उन्होंने चेतावनी दी है कि गेहूं खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।




# गजरौला का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का स्वास्थ्य बिगड़ा


## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कई सालों से नहीं हुई प्रभारी चिकित्साधिकारी की तैनाती


गजरौला स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की तैनाती की मांग को उठाया जाएगा जिससे सरकार के संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ हर गरीब को मिल सके और किसी भी घायल की इलाज के अभाव में मौत न हो सके।
**अजय गुप्ता**
**व्यापार मंडल उपाध्यक्ष**
**गजरौला कलां सहराई**


दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र होने की वजह से दुर्घटना में घायलों को समय से इलाज ना मिल पाने के कारण वह अपनी जान गवा देते हैं। डॉक्टर के तेनाती हो जाने से घायलों की जान बच जाएगी। सांसद जितिन प्रसाद को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाएगा।
**पिच्चतर सिंह**
**ग्राम प्रधान - गजरौला कलां सहराई**


डॉक्टर ना होने से हम लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल जाना पड़ता है जिसमें हमारा पूरा दिन बीत जाता है। और किराए में 100 रुपये खर्च हो जाते हैं। डॉक्टर की तैनाती हो जाने से हम मजदूरों का समय और धन दोनों की बचत होगी।
**जकी खान - ग्रामीण**
**गजरौला कलां**


बरखेड़ा विधायक के निजी सचिव ने सीएमओ को फोन से अवगत कराया गजरौला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एमबीएस डॉक्टर की तैनाती की जाए।
**हरेंद्र कुमार**
**बरखेड़ा विधायक**
**निजी सचिव**


मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मिलकर स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की तैनाती की मांग की गई। डॉक्टर के अभाव में ग्रामीणों को इलाज के लिए 20 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। वहीं ग्रामीणों को बेहतर इलाज मुहैया नहीं हो पा रहा है।
**जसोदा देवी, ग्राम प्रधान**
**गजरौला कलां मुस्ताकिल**

**(महेन्द्र पाल)**
**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**गजरौला, पीलीभीत।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गजरौला इस समय अव्यवस्था का शिकार हो चुका है। यहां एक भी एमबीबीएस डाक्टर न होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। दूर-दराज से आए लोगों को बिना इलाज के वापस लौटना पड़ता है। वही विभागीय अनदेखी के चलते प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फार्मासिस्ट व वार्ड बॉय के सहारे चल रहा है। पुलिस को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल जाना पड़ता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गजरौला के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश चंद्र को लगभग 3 साल पहले पीलीभीत जेल का चिकित्सा अधिकारी बना दिया था। तब से अभी तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कोई चिकित्सा अधिकारी की तैनाती नहीं हो सकी। बीएएमएस महिला चिकित्सा अधिकारी संविदा कर्मी डॉक्टर निशा बैठ रही है। एमबीएस डॉक्टर की तैनाती नहीं होती न होने से गजरौला पुलिस मेडिकल कराने जिला अस्पताल जाती है। ग्रामीण डॉक्टर की तैनाती के लिए लंबे अरसे से मांग कर रहे है जिससे सरकार की आपेक्षित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभमिल सके। जिला मुख्यालय से अधिक दूरी होने के कारण ग्रामीणों के इलाज के लिए यही एक स्वास्थ्य केंद्र है। नेशनल हाईवे से सटा होने के दुर्घटनाओं में घायलों को संजीवनी साबित हो सकता है।

# छुअत सिला भइ नारि सुहाई,पाहन तें न काठ कठिनाई ...

## देवी मंदिर पर पांचवें दिन उमड़ी भक्तों की भारी भीड़, दशरथ मरण, केवट संवाद का सुनाया मार्मिक प्रसंग

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलसंडा, पीलीभीत।** नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन अटल सिंह एवं मंजू जायसवाल द्वारा आयोजित नगर के देवीस्थान मंदिर पर संगीतमय श्रीराम कथा के पांचवें दिन गुरुवार को दशरथ मरण,राम वन गमन,केवट संवाद का सजीव चित्रण के साथ मार्मिक वर्णन सुनाया गया, तो श्रद्धालु भावुक हो गए। फरुर्खाबाद से पधारे कथावाचक देवर्षि पंकज मिश्रा ने बताया कि प्रभु राम सीता स्वयंवर के बाद जब अयोध्या पहुंचे तो चारों ओर शहनाइयां बजीं,खुशी का माहौल था।अगले ही दिन भगवान राम का राज्याभिषेक होने जा रहा था,तभी माता कैकई को दासी मंथरा ने ऐसी पट्टी पढ़ाई कि वह कोपभवन में जा पहुंची।उन्होंने राजा दशरथ से दो वरदान मांग लिए।जिसमें भरत को राजगद्दी,प्रभु राम को वनवास।राजा दशरथ यह सुनकर व्याकुल हुए।लेकिन राम माता की आज्ञा का पालन करते वह पत्नी सीता को लेकर वन को प्रस्थान करते हैं,उनके साथ भाई लक्ष्मण भी होते हैं।तीनों लोग गंगापार जाते हैं।जहां केवट के साथ उनका बड़ा ही मार्मिक और भक्तिपूर्ण संवाद होता है।पहले तो वह अपनी नाव देने से इंकार करता है,लेकिन काफी अनुनय के बाद वह पहले प्रभु के पैर धोता है,फिर गंगा पार कराता है। इधर,राम वनवास के कारण राजा दशरथ अशक्त होकर रनिवास में शैय्या पर पड़े राम राम का उच्चारण कर रहे हैं,और उन्हें श्रवण कुमार के अंधे माता-पिता द्वारा दिया गया श्राप बार बार स्मरण हो रहा है।राम के वन जाने से दुखी दशरथ का अंततः निधन हो जाता है,और गुरु बशिष्ठ ननिहाल से भरत-शत्रुघ्न को बुलाने के लिये दूत भेजते हैं।भरत ने अयोध्या आकर जब राम के वनवास की खबर सुनी और इसका कारण माता कैकेयी को जाना तो उन्होंने अपनी माता को खूब बुरा भला कहा।गुरु के आदेश पर भरत अपने दिवंगत पिता का अंतिम संस्कार करते हैं।यहीं पर आज की कथा संपन्न होती है। आज कथा का मनोज शर्मा,केके मिश्रा, रामकृपाल वर्मा, कमलेश शुक्ला, राजेश शर्मा, शुभम,राघव, रमा ,सोनी, साक्षी, सुषमा, नेहा ,संगीता, मिथलेश, निहाल,राकेश जायसवाल, सुनील अग्रवाल, ऋषि गुप्ता, सचिन गुप्ता, महेश गुप्ता भोले, डा.मनमीत गुप्ता,श्रीपाल जायसवाल, व्यापारी नेता अवनीश जायसवाल एवं देवदत्त सक्सेना समेत लोगों ने रसपान किया।


बिलसंडा में चल रही रामकथा में सजाई गई राम दरबार की आकर्षक झांकी

# कांटे पर खाद्यान्न की बजाय कोटेदार ईट रखकर निकालते हैं पर्चियां

## आधा किलो प्रति यूनिट राशन हर महीने हड़पने का आरोप, मिलीभगत के आरोप लगने के बावजूद मौन साधे हुए है पूर्ति विभाग

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलसंडा, पीलीभीत।** कांटे से अटैच कर पूर्ति विभाग द्वारा जो मशीन उपलब्ध कराई गई है ,उसको लेकर पहले तो कोटेदारों ने विरोध जताया, लेकिन जब सख्ती बरती गई, तो कोटेदारों ने घटतौली का नया फंडा ईजाद कर लिया, जिसके चलते तमाम कोटेदारों ने अब कांटे पर ईट एवं बांट रखकर पर्ची निकाल कर घटतौली का खेल शुरू कर दिया है। बता दे कि ब्लॉक क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में कोटेदारों की इस धांधली का खुलासा करते हुए ग्रामीणों द्वारा डीएम से न केवल शिकायत की गई, बल्कि 1 ग्राम पंचायत में ग्रामीणों ने कोटेदारों के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। इसके बाद बीसलपुर के पूर्ति निरीक्षक ने गांव पहुंचकर मामले की जांच भी की। बताते हैं कि तमाम ग्रामीणों ने कोटेदार की इस धांधली का खुलासा करते हुए ब्यान भी दर्ज कराए, लेकिन कार्यवाही आज तक नहीं हुई। कमोबेश इसी तरह अधिकांश ग्राम पंचायतों में राशन कोटेदार मशीन के कांटे से अटैच होने पर बांट एवं ईंट का बजन रखकर पर्ची निकाल कर घटतौली का खेल कर रहे है। इतना ही नहीं उपभोक्ताओं से अंगूठा लगवा कर जिस दिन पर्ची निकाली जाती है, उस दिन खाद्यान्न का वितरण ही नहीं करते हैं, बल्कि अगले दिन आधा किलो प्रति यूनिट के हिसाब से कम करके ही खाद्यान्न वितरण करते है। जबकि पर्ची निकालने के दौरान ही अटैच कांटे से खाद्यान्न तौल कर दिए जाने की व्यवस्था है। आरोप है कि कोटेदारों ने घटतौली का नया तरीका अपना रखा है। घटतौली किए जाने के इस नए तरीके में कोटेदार द्वारा बरती गई धांधली की वीडियो भी वायरल हुई थी, लेकिन पूर्ति विभाग ने जांच के नाम पर सिर्फ खाना पूरी ही की। उधर ग्रामीणों का कहना है कि कोटेदार बड़े पैमाने पर खाद्यान्न वितरण के मामले में हर महीने घटतौली कर रहे है।विभागीय अधिकारियों से शिकायत किए जाने के बावजूद साठ-गांठ के चलते कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। उधर पूर्ति निरीक्षक का कहना है कि जहां से भी शिकायत आती है, जांच कर कार्रवाई की जाती है संरक्षण दिए जाने का आरोप पूरी तरह गलत है।

# पैराक्वेट के इस्तेमाल में बरतें सावधानी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** जनपद के समस्त कृषक भाइयों को सूचित किया गया है कि पैराक्वेट डाइक्लोराइड 24 प्रतिशत एसएल एक शक्तिशाली नॉन-सेलेक्टिव संपर्क खरपतवारनाशी है, जो खरपतवार नियंत्रण में काफी प्रभावी है और इसी कारण किसानों के बीच लोकप्रिय भी है। हालांकि, यह रसायन मानव स्वास्थ्य, पशु-पक्षियों और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव डाल सकता है। कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि इस रसायन का प्रयोग केवल संस्तुत फसलों और निर्धारित मात्रा में ही करें। अधिक मात्रा में उपयोग करने से न केवल आर्थिक नुकसान होता है बल्कि पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ता है। इसके विकल्प के रूप में किसानों को ग्लुफोसिनेट अमोनियम, कारफेंट्राजोन-एथिल, साफ्लुफेनासिल, फ्लूमिओक्साजिन-ऑक्सीफ्लुओर्फेन तथा पेंडीमेथालिन जैसे अन्य प्री-इमर्जेंट खरपतवारनाशी रसायनों के प्रयोग की भी सलाह दी गई है। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि पैराक्वेट डाइक्लोराइड 24 प्रतिशत एसएल का प्रयोग सावधानीपूर्वक, निगरानी में और सही समय पर ही करें, ताकि फसल, स्वास्थ्य और पर्यावरण सुरक्षित रह सके।

# ददरौल में 9.90 करोड़ से बनेगा नया बिजली उपकेंद्र

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** ददरौल क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए एक अहम कदम उठाया गया है। बरतारा गांव में विद्युत उपकेंद्र का शिलान्यास कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल और ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। यह उपकेंद्र करीब 9 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से बनेगा, जिसमें 33 11 केवी क्षमता का (2ॐ5 एमवीए) स्टेशन और नई बिजली लाइनें भी बनाई जाएंगी। यह योजना माध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के बिजनेस प्लान 2026-27 के तहत स्वीकृत हुई है। अधिकारियों के मुताबिक, इस उपकेंद्र के बनने से क्षेत्र में बार-बार बिजली जाने और लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। गांव और शहर दोनों जगहों पर लोगों को बेहतर और लगातार बिजली मिल सकेगी। विधायक अरविन्द सिंह ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे खेती और छोटे उद्योगों को भी फायदा होगा। स्थानीय लोगों में इस योजना को लेकर खुशी है और उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही बेहतर बिजली सुविधा मिलने लगेगी।


भूमिपूजन करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व विधायक अरविन्द सिंह

# भावलखेड़ा में निकाली गई स्कूल चलो अभियान की रैली, बच्चों की प्रतिभा ने जीता दिल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** विकास खंड भावलखेड़ा में आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी एवं स्कूल चलो अभियान रैली ने शिक्षा के प्रति जागरूकता का प्रेरणादायक संदेश दिया। कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा, शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों की सहभागिता का बेहतरीन समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अरविंद सिंह व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजाराम ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस दौरान निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नवोदय सहित विभिन्न परीक्षाओं में सफल मेधावी छात्र-छात्राओं और उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उस समय सभी भावुक हो गए जब प्राथमिक विद्यालय सूरतपुर की कक्षा 1 की छात्रा आइला ने अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ग्राम पंचायत से लेकर विश्व स्तर तक की जानकारी तेज गति से सुनाकर सबको चैंका दिया। उपस्थित लोगों ने तालियों से उसका उत्साहवर्धन किया। परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों के आत्मविश्वास और रचनात्मकता ने सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम के आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी विनय मिश्रा रहे, जबकि संचालन देवेश बाजपेई ने किया। कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथियों ने ह्यस्कूल चलो अभियानह्न के तहत बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली ब्लॉक कार्यालय से शुरू होकर मिश्रीपुर, तहवरगंज, रौसरकोठी, लालपुर और रामचंद्र मिशन आश्रम होते हुए वापस ब्लॉक परिसर में समाप्त हुई। रैली के दौरान शिक्षकों और बच्चों ने जागरूकता के नारे लगाकर लोगों को सरकारी स्कूलों में बच्चों का नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2017 के बाद सरकारी विद्यालयों में काफी सुधार हुआ है और अब ये निजी स्कूलों को टक्कर दे रहे हैं। सरकार द्वारा बच्चों को बेहतर और निरूशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक, जनप्रतिनिधि और बच्चे मौजूद रहे। यह आयोजन शिक्षा के प्रति जन-जागरूकता का मजबूत संदेश देने में सफल रहा।



शैक्षिक संगोष्ठी में विधायक अरविन्द सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक

# बारिश से खराब हुआ पेंटून पुल मार्ग, कीचड़ में फंस रहे वाहन

## धनाराघाट पेंटून पुल से लोगों से की देर सवेर न निकलने की अपील

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर, पीलीभीत।** धनाराघाट शारदा नदी पर पेंटून पुल से आगे का कच्चा रास्ता बारिश की बजह से खराब हो गया है। चार पहिया वाहन की बात छोड़िए दोपहिया वाहन भी कीचड़ व दलदल में फंस रहे हैं। इससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेंटून पुल के मुंशी ने एहतियात के लिए रास्ता सही होने तक लोगों से आवागमन न करने की अपील की है। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के ट्रांस शारदा क्षेत्र (शारदा पार का इलाका) में डेढ़ दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतें हैं। शारदा नदी पर पेंटून पुल बनने के बाद जनवरी माह में पुल से वाहनों का आवागमन शुरू हुआ। बुधवार को हुई बारिश की बजह से नदी की मुख्य धार पर पैंटून पुल के आगे का कच्चा रास्ता खराब हो गया है। इससे पूरनपुर से कबीरगंज और खजुरिया रूट की यात्री बसों के अलावा निजी चार पहिया वाहल रास्ते में फंस-फंस कर निकल रहे हैं। दोपहिया वाहन सवारों को भी रास्ता पार करने में दिक्कत उठानी पड़ रही है। पेंटून पुल पर तैनात मुंशी बबलू मांझी ने बताया कि रास्ता बेहद खराब होने की वजह से छोटे-बड़े वाहन कीचड़ में फंस रहे हैं। इससे वाहन चालकों को परेशानीं का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा रात को वन्यजीव भी मुख्य मार्ग पर अक्सर दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने रास्ता सही होने तक लोगों से धनाराघाट मार्ग से आवाजाही न करने की अपील की है।

# जीएफ कॉलेज के डॉ. रईस ग्लोबल डायमंड आइकन अवार्ड से सम्मानित

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** जीएफ कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रईस अहमद को भव्या फाउंडेशन, जयपुर (राजस्थान) द्वारा ह्यग्लोबल डायमंड आइकन अवार्ड 2026ह्न से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा कि डॉ. रईस अहमद न केवल पढ़ाई-लिखाई में उत्कृष्ट हैं, बल्कि महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। उनकी अब तक पांच पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। पिछले छह वर्षों से वह कॉलेज में विभिन्न समितियोंकृसड़क सुरक्षा क्लब, साइबर क्राइम, नशा निरोधक, करियर काउंसलिंग, गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेलकृके संयोजक के रूप में कार्य कर रहे हैं। इससे पहले डॉ. रईस अहमद भारतीय वायुसेना में 20 वर्षों तक अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सेवा के दौरान उन्हें कारगिल युद्ध में योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र से भी सम्मानित किया गया था। अवार्ड लेकर लौटने पर डॉ. रईस अहमद को बधाई देने वालों में डॉ. मोहम्मद तैय्यब, प्रो. फैयाज अहमद, प्रो. मोहम्मद साजिद खान, प्रो. मोहम्मद अरशद खान, प्रो. जीए कादरी, डॉ. खलील अहमद, डॉ. आयशा जेबी, डॉ. आमिल उस्मानी, डॉ. अरशद अली, डॉ. जमील अहमद खान, डॉ. मंसूर अहमद सिद्दीकी, कार्यालय अधीक्षक सैयद औरंगजेब सहित कॉलेज परिवार के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल रहे।



# ऑटो में सफर कर रही महिला के पर्स से 3 लाख के जेवर चोरी, दो युवतियों पर शक

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** जिले में चोरी की एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। शादी में जा रही एक महिला के पर्स से करीब 3 लाख रुपये के जेवर चोरी हो गए। पीड़िता ने दो संदिग्ध युवतियों पर आरोप लगाया है। कॉट थाना क्षेत्र के रावतपुर गांव निवासी बहरीन अपने पिता जमील के साथ अपने चचेरे भाई आदिल की शादी में शामिल होने के लिए सुनहरिया गांव जा रही थी। दोनों ऑटो रिक्शा से सफर कर रहे थे। रास्ते में रोजा थाना क्षेत्र के जम्मका गांव के पास बहरीन को उल्टी महसूस हुई। इस दौरान ऑटो में बैठी दो युवतियों ने उसे सहारा देने के बहाने उसकी पीठ थपथपाई और नीचे झुकने को कहा। इसी बीच, जब बहरीन के पिता पानी लेने के लिए गए, तभी मौका पाकर युवतियों ने उसके पर्स में रखे करीब 3 लाख रुपये के जेवर चोरी कर लिए। बाद में जब बहरीन और उसके पिता सुनहरिया के पास ऑटो से उतरे, तो पर्स से जेवर गायब मिले। पीड़िता के पिता जमील ने बताया कि दोनों संदिग्ध युवतियां रास्ते में बरेली मोड़ के पास ऑटो में बैठी थीं और कुछ दूर पहले ही बाइक सवार युवकों के साथ उतरकर चली गईं। उन्होंने कहा कि सामने आने पर वे आरोपियों को पहचान सकते हैं। घटना की सूचना पर बहरीन अपने पिता के साथ रोजा थाने पहुंची और तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# अवैध तमंचे से फायरिंग का वीडियो वायरल, युवक गिरफ्तार

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**मिजार्पुर (शाहजहांपुर)।** सोशल मीडिया पर अवैध तमंचे से फायरिंग का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गांव जरियनपुर निवासी अर्पित उर्फ नज्जू ने अपने दोस्त के तिलक समारोह में 315 बोर के अवैध तमंचे से फायरिंग की थी। इस दौरान किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और मुखबिर की सूचना पर बदायूं-फरुर्खाबाद स्टेट हाईवे पर स्थित एक नर्सरी के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर अवैध तमंचा भी बरामद कर लिया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# गेहूं ले जाने का विरोध करने पर युवक को पीटा, जान से मारने की धमकी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**मिजार्पुर (शाहजहांपुर)।** खेत में कटे पड़े गेहूं को उठाकर ले जाने का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। दबंगों ने उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना क्षेत्र के बीघापुर सिठौली निवासी रक्षपाल पुत्र राजाराम ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार सुबह वह अपने खेत में कटे पड़े गेहूं की फसल देखने गया था। तभी उसने देखा कि ओमकार, विनोद, सर्वेश और सत्यवीर उसकी फसल उठा कर ले जा रहे हैं। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और फिर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे उसके भाई ने किसी तरह बीच-बचाव कर उसे बचाया। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राहुल सांकृत्यायन की जयंती पर गोष्ठी


पुस्तक वितरण करते शिक्षक

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज में प्रसिद्ध लेखक और इतिहासकार राहुल सांकृत्यायन की 133वीं जयंती के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन ने कई महत्वपूर्ण यात्रा वृतांत लिखे, जिनमें वोल्गा से गंगा उनकी प्रसिद्ध रचना है, जिसे सभी को पढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि ज्ञान की खोज में निरंतर यात्रा करना राहुल जी की खास पहचान थी। विद्यालय के प्रबंधक एवं भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व प्रबंधक राजीव खन्ना ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन का पूरा जीवन साहित्य को समर्पित रहा। उन्होंने कम उम्र में ही लेखन शुरू कर दिया था और जीवनभर उनकी लेखनी निरंतर चलती रही। प्रधानाचार्य संजय कुमार कपूर ने कहा कि राहुल जी का एक बड़ा सपना भारत की आजादी था और उन्होंने देश के लिए भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। गोष्ठी में विद्यालय के कई शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन इतिहास प्रवक्ता राम सिंह ने किया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह और प्रबंधक राजीव खन्ना ने छात्रों को निशुल्क पुस्तकों का वितरण भी किया।

# घरेलू हिंसा और महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला आयोजित


कार्यशाला के दौरान जीएफ कॉलेज के छात्र छात्राएं

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** जी.एफ. कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत ष्घरेलू हिंसा और महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्यष विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने कहा कि घरेलू हिंसा एक गंभीर सामाजिक समस्या है। यह केवल शारीरिक नुकसान तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डालती है। उन्होंने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए समाज में जागरूकता फैलाना और पीड़ित महिलाओं को सही मदद देना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समन जेहरा जैदी ने स्वयंसेवियों को घरेलू हिंसा और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं डॉ. रजा रसूल ने छात्राओं को महिला सुरक्षा और सरकार द्वारा उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया। डॉ. निजामउद्दीन खान ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी ताबिंदा अंसारी ने किया। कार्यशाला को सफल बनाने में गौरी, दानिया, नैंसी, अमृत भारती, हरनाम और पारस सहित अन्य स्वयंसेवियों का अहम योगदान रहा।

# बाल सुधार गृह का विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण



शैक्षिक भ्रमण के दौरान कॉलेज विद्यार्थी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के बी.एड. एवं एम.एड. के विद्यार्थियों ने बाल सुधार गृह का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य भावी शिक्षकों को किशोर न्याय प्रणाली, बाल मनोविज्ञान और सुधार प्रक्रिया की जानकारी देना था। भ्रमण के दौरान बाल सुधार गृह के अधीक्षक ने विद्यार्थियों को केंद्र की कार्यप्रणाली, नियमों और यहां चल रहे शैक्षिक, व्यावसायिक एवं परामर्श कार्यक्रमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, देखभाल और सही मार्गदर्शन से बच्चों का सुधार संभव है और उन्हें दोबारा समाज में जोड़ा जा सकता है। विद्यार्थियों ने वहां की दिनचर्या, रहने की व्यवस्था और पढ़ाई की सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें यह समझने का अवसर मिला कि ऐसे बच्चों के जीवन में शिक्षक की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम में शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रो. (डॉ.) प्रभात शुक्ल ने कहा कि बाल सुधार गृह का उद्देश्य बच्चों को सजा देना नहीं, बल्कि उनका सुधार और पुनर्वास करना है। सही शिक्षा और सहयोग मिलने पर हर बच्चा समाज का अच्छा सदस्य बन सकता है। इस मौके पर डॉ. बृज निवास, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. अखिलेश तिवारी, डॉ. संजय कुमार, सौरभ मिश्रा, अमित गुप्ता, राजीव यादव, रोहित सिंह, राम औतार सिंह, रेनू बहुखण्डी, डॉ. प्रियंका शर्मा, प्रिया शर्मा सहित सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।




# स्मार्ट मीटर विवाद पर सीएम योगी का दखल, कहा- विशेषज्ञ समिति बनाकर मीटर शिकायतों की कराएं जांच

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त उपभोक्ताओं की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए इसकी गहन जांच के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि आम उपभोक्ता स्वाभाविक रूप से ईमानदार होता है और यदि उसे समय पर सही बिल प्राप्त हो, तो वह भुगतान करने में कोई हिचक नहीं करता। मुख्यमंत्री ने ओवरबिलिंग की समस्या की वास्तविक स्थिति का पता लगाने हेतु विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि उपभोक्ता की कोई गलती नहीं है, तो उसका बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाना चाहिए।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऊर्जा क्षेत्र में किए गए सुधारों का वास्तविक लाभ अंतिम उपभोक्ता तक पहुंचे, इसके लिए विश्वसनीय आपूर्ति, तकनीकी दक्षता और जवाबदेही को आधार बनाकर कार्य किया जाए। उन्होंने स्मार्ट मीटरिंग, लाइन लॉस में कमी, उपभोक्ता सेवाओं के डिजिटलीकरण तथा राजस्व संग्रह में सुधार को तेज करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने बिलिंग और भुगतान प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाने पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को समय पर और सटीक बिल उपलब्ध कराने के लिए ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली को उपभोक्ता विश्वास के अनुरूप बनाने तथा शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण पर विशेष बल दिया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ऊर्जा मंत्री एवं पावर कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक स्वयं फील्ड में जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें और उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी निराकरण सुनिश्चित कराएं।



उन्होंने यह भी कहा कि टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर पूरी तरह सक्रिय रहें तथा प्राप्त शिकायतों का समुचित और समयबद्ध समाधान किया जाए, ताकि आम उपभोक्ता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या वर्ष 2017 के 1.65 करोड़ से बढ़कर 2026 में 3.71 करोड़ से अधिक हो गई है, जो लगभग 126 प्रतिशत वृद्धि को दशार्ता है। इसी अवधि में विद्युत भार में लगभग 80 प्रतिशत तथा ऊर्जा बिक्री में 63 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। वर्तमान में कुल ऊर्जा बिक्री 1.27 लाख मिलियन यूनिट तथा कनेक्टेड लोड 84,000 मेगावाट से अधिक है। घरेलू उपभोक्ता कुल कनेक्शनों का 87 प्रतिशत हैं, जबकि राजस्व में वाणिज्यिक एवं औद्योगिक वर्ग का योगदान सर्वाधिक है। डिस्कॉम्स के प्रदर्शन में सुधार पर मुख्यमंत्री ने संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि राष्ट्रीय रेटिंग में और सुधार सुनिश्चित किया जाए तथा वितरण अवसंरचना को और सुदृढ़ किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया को और तेज किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि जहां नए विद्युत पोल लगाए जा रहे हैं, वहां उनकी गहराई, केबल की गुणवत्ता एवं अन्य तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बिजली लाइनों को चरणबद्ध रूप से भूमिगत किए जाने की प्रक्रिया को और व्यवस्थित एवं गति देने के निर्देश दिए।

ग्रामीण क्षेत्रों के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि न्यूनतम 05 आवास वाले मजरों में भी विद्युतीकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही डबल ग्रुप सप्लाई एवं कृषि फीडर पृथक्करण के कार्यों को समयबद्ध पूर्ण किया जाए, ताकि ओवरलोडिंग की समस्या का समाधान हो सके। उपभोक्ता सेवाओं के अंतर्गत 1912 कॉल सेंटर, ऑनलाइन पोर्टल, सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप के माध्यम से शिकायत निस्तारण व्यवस्था को और प्रभावी बनाने तथा सिंगल विंडो मॉडल को व्यापक स्तर पर लागू करने के निर्देश दिए गए।

उत्पादन क्षमता के संतुलित विस्तार पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी तापीय इकाइयों को पूर्ण क्षमता के साथ संचालित रखा जाए तथा ग्रीष्मकालीन मांग के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि उत्पादन से जुड़े सभी मुद्दों का समयबद्ध समाधान किया जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश में वर्तमान में 12,247 मेगावाट तापीय तथा 526.4 मेगावाट जल विद्युत क्षमता उपलब्ध है तथा वर्ष 2021-22 से 2025-26 के बीच ?3,143 करोड़ का संचयी लाभ अर्जित किया गया है।

# आज जारी होगी यूपी की अंतिम मतदाता सूची, कट सकते हैं सात लाख लोगों के नाम

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** प्रदेश में शुक्रवार को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। करीब सात लाख वोटरों के नाम मतदाता सूची से काटे जाने की उम्मीद है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में ज्यादा नाम काटे जाने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक,अंतिम मतदाता सूची में करीब 13.35 करोड़ लोगों के नाम शामिल होंगे।

सूत्रों के मुताबिक, सूची में महिलाओं के मुकाबले पुरुष अधिक संख्या में होंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा एसआईआर की अंतिम मतदाता सूची जारी करेंगे। बीती 6 जनवरी को 12.55 करोड़ मतदाताओं की मसौदा सूची जारी की गई थी। उसके बाद 6 मार्च तक लोगों से इस ड्राफ्ट मतदाता सूची पर दावे व आपत्तियां ली गईं।



कुल 86.69 लाख लोगों ने मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने के लिए फॉर्म-6 भरा। वहीं 3.18 लाख लोगों ने नाम कटवाने के लिए फॉर्म-7 भरा है। मतदाता सूची में 1.04 करोड़ लोग ऐसे हैं जिनके नाम का मिलान माता-पिता, बाबा-दादी व नाना-नानी से न होने के कारण इन्हें नोटिस दिया गया था।

वहीं 2.22 करोड़ लोग तार्किक विसंगति वाले थे। सूत्र बताते हैं कि नाम कटवाने व नोटिस पाने वाले मतदाताओं में से करीब सात लाख के नाम काटे जाने की उम्मीद है। ऐसे में अंतिम मतदाता सूची में 13.35 करोड़ लोगों के नाम हो सकते हैं। ड्राफ्ट मतदाता सूची में कुल 12.55 करोड़ वोटरों में से 6.88 करोड़ पुरुष व 5.67 करोड़ महिलाएं थीं।

नाम जुड़वाने के लिए आए 86.69 लाख फॉर्म-6 में से 43.06 लाख पुरुषों के और 43.62 लाख महिलाओं के फॉर्म थे। वहीं, 3.18 लाख फॉर्म-7 भरे गए हैं। इसमें से 1.46 लाख पुरुषों के और 1.31 लाख फॉर्म महिलाओं के आएं हैं। वहीं नोटिस पाने वाले जिन मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं, उनमें भी महिलाओं व पुरुषों में कोई बड़ा अंतर नहीं है। ऐसे में अंतिम मतदाता सूची में महिलाओं के मुकाबले पुरुषों के नाम अधिक होने की उम्मीद है।

# खुशनुमा मौसम का दौर अब खत्म, दिल्लीवालों अगले सप्ताह 40 डिग्री के टॉर्चर के लिए रहें तैयार

**एजेंसी समाचार**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में खुशनुमा मौसम का दौर अब खत्म हो गया है। ऐसे में अगले सप्ताह आसमान से आग बरसने वाली है। इस दौरान दिल्ली के लोगों को 40 डिग्री का टॉर्चर झेलना पड़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, 10 अप्रैल से 15 अप्रैल तक दिल्ली का मौसम अधिकतर साफ रहेगा और दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखी जाएगी। 10 अप्रैल को अधिकतम तापमान 32-34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 16-18 डिग्री सेल्सियस रहेगा, जबकि 15 अप्रैल तक अधिकतम 37-39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 21-23 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान जमीन पर तेज हवाएं चलेंगी, जो दिन में 20-30 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से महसूस की जा सकती हैं। हवा की दिशा में बदलाव होंगे। साथ ही, 15 अप्रैल से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र पर एक नए पश्चिमी विक्षोभ का असर पड़ने की संभावना है। इसका असर दिल्ली-एनसीआर में एक दिन बाद बारिश के रूप में देखने को मिल सकता है।

# चोटियों पर बर्फबारी, भूस्खलन से होटल का एक हिस्सा ध्वस्त; शिमला में ठंड रिकॉर्ड टूटा

**एजेंसी समाचार**

**शिमला/धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में गुरुवार सुबह सभी क्षेत्रों में मौसम साफ रहा। दोपहर बाद मौसम के करवट बदलने से रोहतांग और भरमौर-पांगी की चोटियों में बर्फबारी हुई। कांगड़ा, धर्मशाला, मंडी और शिमला में बादल बरसे। अन्य जिलों में धूप खिली रही। भूस्खलन से भरमौर-पठानकोट हाईवे बंद हो गया है। अटल टनल रोहतांग के लिए साधारण वाहनों की आवाजाही भी बंद है। सिर्फ फोर वाई फोर वाहन ही भेजे जा रहे हैं। कांगड़ा जिले में ओलावृष्टि से गेहूं की फसल और सब्जियों को भारी नुकसान हुआ है। राजधानी शिमला में गुरुवार दोपहर करीब 1:00 बजे बादल झमाझम बरसे। अन्य क्षेत्रों में हालांकि धूप खिली रही। तीन बजे के बाद शहर के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश दर्ज हुई। शाम को मौसम साफ हो गया। वहीं भरमौर-पांगी की ऊपरी चोटियों में 5.08 सेंटीमीटर तक हल्की बर्फबारी हुई है। भरमौर-पठानकोट हाईवे बत्ती दी हट्टी में बुधवार देर रात भूस्खलन से बंद हो गया। सलूणी और पांगी में दो मार्ग बंद हैं और 65 गांवों में बिजली गुल है। अटल टनल रोहतांग सहित 13050 फीट ऊंचे रोहतांग दर्रा में वीरवार को फिर बर्फबारी हुई। परिणामस्वरूप अटल टनल के लिए साधारण वाहनों की आवाजाही रोकी गई। वहीं राजधानी शिमला में ठंड का 23 वर्षों का रिकॉर्ड टूट गया है। मौसम विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार शिमला में साल 2003 के बाद अप्रैल में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



प्रदेश में बदले मौसम के बीच किन्नौर और लाहौल-स्पीति के अधिकांश क्षेत्रों में रात का पारा फिर माइनस में पहुंच गया है। बुधवार रात को कल्पा में न्यूनतम तापमान माइनस 0.2, कुकुमसेरी में माइनस 0.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। उधर, शिमला में न्यूनतम तापमान 3.6, मनाली में 4.9, सोलन में 6.0, ताबो में 0.3, सराहन में 5.3, धर्मशाला में 7.3, कांगड़ा में 9.6, बिलासपुर-ऊना में 10.0 और मंडी में 11.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

प्रदेश के मध्य पर्वतीय जिलों शिमला, सोलन, सिरमौर, मंडी, कुल्लू, चंबा, मैदानी जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और कांगड़ा में शुक्रवार को मौसम साफ रहेगा। उच्च पर्वतीय जिलों किन्नौर और लाहौल-स्पीति में हल्की बारिश की संभावना है। 11 और 12 अप्रैल को मैदानी जिलों में धूप खिलने का पूवार्नुमान है। अन्य जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं। 13 अप्रैल से प्रदेश के सभी क्षेत्रों में मौसम साफ बना रहने की संभावना है।

# सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए सख्त एक्शन प्लान तैयारः सीएम बोले- अफवाह फैलाने वालों पर होगी एफआईआर

**एजेंसी समाचार**

**देहरादून।** चारधाम यात्रा को सुरक्षित व सुगम बनाने के लिए सरकार ने सख्त एक्शन प्लान तैयार किया है। सीसीटीवी व एआई आधारित निगरानी से यात्रा को हाईटेक बनाया जाएगा। इस बार



ग्रीन व क्लीन यात्रा को और व्यापक बनाया जाएगा। वहीं, यात्रा के दौरान अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में अफसरों को बेहतर इंतजाम करने के निर्देश दिए। कहा कि दुनिया भर से चारधाम यात्रा पर आने वाले हर श्रद्धालु की सुरक्षा व सुविधा हमारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। यात्रा राज्य की लाइफ लाइन है, जिसे व्यवस्थित, सुरक्षित, स्वच्छ और तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जाए। कहा कि यात्रा में विशेषकर हेली सेवाओं में व्यावसायिक दृष्टिकोण की अपेक्षा मानवीय संवेदनशीलता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।


# नशा तस्करों पर प्रहारः जम्मू से श्रीनगर तक चलेगी मुहिम, नशे के खिलाफ सड़कों पर उतरेगा प्रशासन

**एजेंसी समाचार**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को ह्यनशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियानह्व के तहत प्रस्तावित 100 दिवसीय विशेष अभियान की तैयारियों की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

इस अभियान का उद्देश्य केंद्र शासित प्रदेश से नशे की समस्या को खत्म करना है। इसके तहत जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी।

उपराज्यपाल 11 अप्रैल को जम्मू के एम ए स्टेडियम से एक विशाल पदयात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद मई के पहले सप्ताह में श्रीनगर में भी इसी तरह का बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा, वे कठुआ और राजोरी में भी पदयात्राओं में भाग लेंगे।



बैठक के दौरान उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में नशीले पदार्थों की आपूर्ति एक बड़े अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र का हिस्सा है, जिसका मकसद युवाओं के भविष्य को नुकसान पहुंचाना है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस मुहिम में शामिल होने की अपील की।

उन्होंने नशा तस्करी के नेटवर्क को खत्म करने के लिए लगातार और सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा निर्दोष को न छुएं और दोषी को न छोड़ें यह हमारी नीति है। हमें नशे के असली पीड़ितों की पहचान कर उनके पुनर्वास के प्रयास करने होंगे।

बैठक में नशा मुक्त अभियान के लिए विभागवार गतिविधियों और कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केंद्र शासित प्रदेश और संभाग स्तर पर समितियों का गठन किया गया है।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।